जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



MADAN-GAZAKWALA

Each of the *halwais* had their captive clientele and worked without conflict, entered an interloper, *Madan Gazakwala.*

**World Press Freedom Day**

The Theme of World Press Freedom Day 2024 is "A Press for the Planet: Journalism in the Face of the environmental crisis."



*बांग्लादेश में गत कुछ समय से टाइगर के अंगों से बनी वस्तुओं व दवाओं का उपभोग बढ़ गया है। इससे यहाँ के संकटग्रस्त बंगाल टाइगर के लिए खतरा और बढ़ गया है। आमतौर पर तो विदेशी मांग पूरी करने के लिए इनका शिकार किया जाता था पर अब स्थानीय स्तर पर भी बंगाल टाइगर के अंगों से बने उत्पादों की मांग बढ़ रही है। अध्ययन के प्रमुख लेखक, चीन में यूनान के शीशाँगबाना ट्रॉपिकल बॉटैनिकल गार्डन के नासिर उद्दीन ने कहा कि, एतिहासिक रुप से बांग्लादेश जीवित टाइगर और टाइगर के अंगों का प्रमुख सप्लायर रहा है, पर हाल ही में हमने देखा कि घरेलू स्तर पर इन उत्पादों की खपत बढ़ी है, खासकर सम्पन्न वर्ग में। इस मांग की पूर्ति के लिए भारत और म्यानमार में टाइगर के अवैध शिकार में तेजी आई है। शोध में पता चला है कि, बांग्लादेश 15 देशों तथा उन स्थानों पर, जहाँ बड़ी संख्या में बंगलादेशी रहते हैं, टाइगर के अंगों की आपूर्ति करता है। इनमें भारत, चीन, मलेशिया टॉप पर हैं तथा यू.के., जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया एवं जापान जैसे देश भी इसमें शामिल हैं। शोध के अनुसार, टाइगर की खाल, हड्डियां, दांत और सुखाए हुए मांस की मांग बहुत ज्यादा है। टाइगर के शावकों की तस्करी के प्रमाण भी मिले हैं। मोहम्मद सनाउल्लाह पटवारी, जो कि बांग्लादेश वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल यूनियन के प्रमुख हैं, ने कहा कि, वन्यजीवों की तस्करी भारी चुनौती है। बांग्लादेश के विभिन्न समुदायों में टाइगर के अंगों को लेकर जो सांस्कृतिक मान्यताएं हैं, उनकी वजह से यह अवैध व्यापार ज्यादा बढ़ा है और अब यह देश टाइगर और उसके अंगों की तस्करी का केन्द्र बन गया है। वर्ष 2022 में आई रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2000 से जून 2022 के बीच टाइगर व उसके अंगों की बरामदगी के 36 मामले सामने आए, जिसमें 50 टाइगर बरामद किए गए। लेकिन, इस अवधि में मात्र 6 लोगों को ही जेल हुई और चार पर जुर्माना हुआ।*

# "दरबार पॉलिटिक्स" के कारण अभी तक अटका हुआ है कांग्रेस का अमेठी व रायबरेली का निर्णय

## प्रियंका गाँधी, रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिये काफी आतुर दिखती हैं

- **पर, राहुल उनको यह चुनाव नहीं लड़ाना चाहते।**
- **राहुल के सलाहकारों ने राहुल को पूरी तरह समझा रखा है कि, अगर प्रियंका रायबरेली से चुनाव जीत कर संसद में पहुंच जाती हैं तो वे एक बड़े "पावर सेन्टर" के रूप में उभरकर, राहुल के लिये, उनके नेतृत्व के लिए भारी चुनौती बन सकती हैं।**
- **अतः राहुल गाँधी, प्रियंका को रायबरेली से चुनाव लड़ाने के काफी खिलाफ हैं।**
- **हाल ही में कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे राहुल गाँधी से शिमोगा एयरपोर्ट पर मिले तथा पूरा प्रयास किया, राहुल को अमेठी से चुनाव लड़ने के लिए मनाने का। इसके बाद के.सी. वेणुगोपाल ने भी राहुल को अमेठी से चुनाव लड़ने के लिये मनाने की कोशिश की, सोनिया गाँधी भी यह तर्क सही मानती हैं कि, राहुल अगर अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेंगे तो इण्डिया गठबंधन को नुकसान होगा।**
- **पर, राहुल गाँधी इन सभी तर्कों से सहमत नहीं है, अतः अमेठी का टिकट कांग्रेस के गले की घंटी हो गया है तथा इस मुद्दे का कोई समाधान किसी की भी समझ में नहीं आ रहा है।**

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मई। अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर कांग्रेस से कौन चुनाव लड़ेगा, इसे लेकर बहुत ज्यादा भ्रामक स्थिति बनी हुई है।

कल नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है और गाँधी परिवार के अलावा इस विषय में किसी के पास कोई जानकारी नहीं है और यह परिवार इस बात को लेकर बिल्कुल चुप्पी साधे हुए है कि, क्या राहुल और प्रियंका क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे।

जयराम रमेश जब यह कहते हैं कि, प्रत्याशियों की लिस्ट आ रही है, तब उनके चेहरे पर बेचैनी स्पष्ट नज़र आती है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से यही कुछ चलता रहा है।

उधर, भाजपा ने उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दिनेश को रायबरेली से अपना उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। दिनेश पिछली बार रायबरेली में सोनिया गाँधी से चुनाव हार गए थे और अमेठी में स्मृति ईरानी, राहुल गांधी के चुनाव मैदान में उतरने की प्रतीक्षा कर रही है।

राहुल गांधी पिछली बार अमेठी में स्मृति ईरानी से सामने चुनाव हार गए थे। स्मृति ने उसके बाद अमेठी में एक घर खरीदा और वहीं बस गईं।

अमेठी और रायबरेली के कांग्रेसी राहुल और प्रियंका, दोनों से यह पुरजोर अनुरोध कर रहे हैं कि वे अपने परिवार की सीटें बचाएं।

सोनिया गाँधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और इण्डिया गठबंधन की सहयोगी पार्टियों द्वारा भी यही तर्क दिया जा रहा है कि, चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय उत्तर भारत में कांग्रेस और विपक्ष के इंडिया गठबंधन को क्षति पहुंचाएगा क्योंकि कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ जो गति पकड़ी है वह इससे समाप्त हो जाएगी।

ज्ञात हुआ है कि अमेठी और रायबरेली की सीटों को लेकर राहुल और मल्लिकार्जुन खड़गे ने शिमोगा एयरपोर्ट पर चर्चा हुई थी, लेकिन सूत्र बताते हैं कि राहुल असहमत से नज़र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चूरू में भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस के राहुल कस्वां से नहीं बल्कि अपनी पार्टी के वसुंधरा गुट से हारेगा?

## राहुल कस्वां को हमेशा से वसुंधरा गुट का माना जाता है, पर इस बार राहुल कस्वां का टिकट काट दिया गया

- **टिकट कटने के बाद राहुल कस्वां रातोंरात कांग्रेस के प्रत्याशी बन गए, इससे कांग्रेस में भारी असंतोष फैला और टिकट के दावेदार माने जाने वाले सभी नेता घर बैठ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उदासीनता को आमजन ने भी समझ लिया था, कस्वां पिछड़ से रहे थे।**
- **राहुल कस्वां को हो रहे इस नुकसान की भरपाई वसुंधरा गुट ने कर दी। इस गुट ने भाजपा में रह कर ही भाजपा के देवेन्द्र झांझड़ियां की भारी खिलाफत की। समझा जाता है कि, इन्हीं लोगों ने राजेन्द्र राठौड़ को तारानगर चुनाव हरवाया था।**
- **पूरे चुनाव में जाट राहुल कस्वां के पक्ष में तो राजपूत झांझड़िया के पक्ष में लामबंद नज़र आए और अन्य जातियों, जैसे ब्राह्मण, वैश्य, सैनी, प्रजापत, आदि की बात करे तो इनके वोट बंट गए, लेकिन एस.सी., एस.टी. के वोट भारी तादाद में कांग्रेस को मिले।**

चूरू, 2 मई (कासं.)। चूरू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में चली हवा मतदान से पहले ही बदल गई। ये बदली हुई हवा भाजपा उम्मीदवार देवेन्द्र झांझड़िया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के साथ-साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए भी हानिकारक साबित होगी। क्योंकि भजनलाल शर्मा अपनी चुनावी सभाओं में बार-बार यह दावा कर चुके हैं कि राजस्थान में भाजपा सभी 25 सीटों पर जीत हासिल करेगी, वो भी 5 लाख मतों से पर चूरु इसमें अड़चन बनता लग रहा है। सूत्रों का कहना है कि सभी 25 सीटें जीतने का दावा वसुंधरा गुट की वजह से नामूमकिन प्रतीत हो रहा है।

चूरु में भाजपा ने दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटकर पैरालम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झांझड़िया को मैदान में उतारा। समझा जाता है कि यह कदम क्षेत्र के दिग्गज नेता राजेन्द्र राठौड़ के इशारे पर उठाया गया था। हालांकि कांग्रेस आलाकमान ने भाजपा के बागी सांसद राहुल कस्वां को रातों-रात मैदान में उतार दिया पर कहीं ना कहीं अपनी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विश्वास खो दिया था। उन कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी उम्मीदवार कस्वां से दूरी बना ली थी। कांग्रेस कार्यकर्ता या तो कस्वां की किसी सभा में गए ही नहीं और गए तो बेमन से गए। जनता ने उनके भावों को समझ लिया। एक बार तो लगा कि ये कांग्रेसी नेता राहुल कस्वां की जमानत ही जब्त करवा देंगे।

इन नेताओं में सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, राजगढ़ की पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया और चूरू लोकसभा सीट व विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार रहे रफीक मंडेलिया का नाम खुलेआम लिया जा रहा है। इतना ही नहीं तारानगर विधायक नरेंद्र बुढ़ानिया ने भी अपनी पार्टी के उम्मीदवार राहुल कस्वां के पक्ष में मन से प्रचार नहीं किया। कांग्रेस की टिकट के अन्य दावेदार तनवीर खान, रेहाना रियाज आदि एवं कई अन्य नेता तो अंडरग्राउंड ही हो गए। इसलिए कांग्रेस का वोट बैंक माने जाने वाले मुस्लिम वर्ग के 50 प्रतिशत मतदाताओं ने तो मतदान ही नहीं किया। इसका एक कारण यह भी रहा कि राहुल कस्वां ने भाजपा या नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला सिर्फ राजेन्द्र राठौड़ पर ही निशाना साधा। मुस्लिम वर्ग के मतदाताओं को राहुल कस्वां थोपे हुए उम्मीदवार लगे और उन्होंने वोट नहीं करने का निर्णय ले लिया। इस कारण भी कांग्रेस को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कॉमेडियन श्याम रंगीला मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मई। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस ने जहाँ उत्तर प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष अजय राय को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं कॉमेडियन श्याम रंगीला भी राजस्थान स्थित अपने गृह नगर श्रीगंगानगर से

- **गंगानगर के श्याम रंगीला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। ज्ञातव्य है कि, मोदी की मिमिक्री करके ही श्याम रंगीला फेमस हुए थे।**

रवाना हो गए हैं। वह भी लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में वाराणसी से चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

रंगीला ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, वे वाराणसी के वोटर्स को एक विकल्प उपलब्ध करवा रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'दबदबा थाः दबदबा रहेगा'

## जन भावना के दबाव में भाजपा ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह का टिकट काटा केसरगंज से

- **पर साथ ही बृज भूषण सिंह के पुत्र करण भूषण सिंह को केसरगंज से टिकट दिया।**
- **गौंडा, बहराइच, बलरामपुर, सरस्वती जिलों के अलावा अयोध्या व बारांबकी में बृजभूषण सिंह का भारी प्रभाव है। जिसका पूरा प्रमाण बृज भूषण सिंह ने उस वक्त उस वक्त दिया था जब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल जीतने वाली महिला रैसलर्स ने यौन शोषण का आरोप लगाया तथा बृज भूषण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की थी।**
- **बृज भूषण सिंह ने यौन शोषण के आरोपों के खिलाफ विशाल रैली आयोजित की अयोध्या के राम कथा पार्क में।**
- **बृज भूषण ने तीस आम सभाओं को संबोधित किया तथा कभी हैलीकॉप्टर से तो भी कार से अपने प्रभाव वाले क्षेत्र का सघन दौरा किया था। उस समय पूरा इलाका बृज भूषण सिंह के पोस्टरों से आच्छादित कर दिया गया था।**

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मई। सार्वजनिक दबाव के चलते एक असाधारण घटनाक्रम में भाजपा नेतृत्व ने केसरगंज से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह को तो पार्टी का टिकट नहीं दिया है लेकिन, उनके बेटे करण भूषण सिंह को इस सीट से नामांकित किया है।

सांसद प्रज्वल रेवन्ना से संबंधित प्रचण्ड विवाद के बीच, स्वाभाविक ही है कि भाजपा बृजभूषण के मामले में कोई खतरा नहीं मोल लेना चाहती लेकिन, इसके साथ ही वह केसरगंज सीट पर बृजभूषण के परिवार के ही सदस्य को टिकट देने के लिए विवश है।

बृजभूषण का केसरगंज और आसपास के इलाकों में काफी दबदबा है, और उन्होंने समय-समय अपना दबदबा दिखाया भी है।

शीर्ष मैडल जीतने वाली, देश की महिला पहलवानों के बृजभूषण पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण उपजे आक्रोश और विरोध के बीच, बृजभूषण शरण सिंह ने पिछले वर्ष जून महीने में अयोध्या के रामकथा पार्क में एक "जन चेतना महारैली" का आयोजन किया था। घोषणा के कुछ घंटों के अंदर ही गौंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों के मुख्य मार्ग और अयोध्या एवं बाराबंकी के समीपवर्ती जिले, बृज भूषण के पोस्टर्स से भर गये थे। अगले दस दिनों तक, सिंह ने इन जिलों के चप्पे-चप्पे का दौरा किया। इन दौरों में कई बार हैलीकॉप्टर का इस्तेमाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'गैर जमानती वॉरंट साधारण बात नहीं है'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मई। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक नवीनतम निर्णय में कहा है कि, गैर जमानती वारंट रुटीन तरीके से जारी नहीं किया जा सकता। यह तभी

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, गैर जमानती वॉरंट जारी करना कोई नियमित प्रक्रिया नहीं है, यह तभी जारी किया जा सकता है, जब अपराध जघन्य हो और आरोपी द्वारा सबूतों से छेड़छाड़ करने की संभावना हो।**

जारी किया जा सकता है, जब आरोपी पर किसी जघन्य अपराध का केस दर्ज हो तथा यह आशंका हो कि, वह कानून

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या इस बार फिर हरीश मीणा मुकद्दर का सिकंदर होंगे?

## क्या टोंक-सवाई माधोपुर में हरीश मीणा का मुकद्दर कांग्रेस का मुकद्दर भी बना देगा

- **2014 में दौसा से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव जीते हरीश मीणा ने 2018 में भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था और 2018 व 2023 में देवली-उनियारा से विधानसभा चुनाव लड़ा और जीता भी। अब वे टोंक से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।**
- **टोंक-सवाई माधोपुर गुर्जर और मीणा बहुल सीट है। मीणा मतदाता हरीश मीणा के पक्ष में पूरी तरह लामबंद दिखे, वहीं गुर्जर मतदाता दुविधा ग्रस्त और बंटा हुआ नज़र आया।**
- **गुर्जर मतदाताओं की दुविधा का कारण सचिन पायलट को बताया जा रहा है। आमतौर पर पायलट उन क्षेत्रों में प्रचार के लिए नहीं जाते जहां, भाजपा का गुर्जर प्रत्याशी मैदान में होता है। पर टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर पायलट ने अपने करीबी हरीश मीणा के लिए जम कर प्रचार किया व सभाएं कीं।**
- **यही नहीं, भाजपा के गुर्जर नेता भी भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के साथ पूरे मन से खड़े नज़र नहीं आए। संभावना है कि, 2014 और 2019 में टोंक-सवाई माधोपुर से चुनाव जीत चुके जौनपुरिया, जिनके खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी भी है, को इस बार कांटे की टक्कर मिल रही है।**

**-टोंक संवाददाता द्वारा-**

टोंक, 2 मई। पूर्व डायरैक्ट जनरल ऑफ पुलिस (डी.जी.पी.) हरीश मीणा, राजनीति में बहुत "लक्की" रहे हैं। वे पार्टी बदल चुके हैं। पहले वे भाजपा के टिकट पर सांसद बने, फिर 2018 में कांग्रेस के विजयी उम्मीदवार के रूप में विधानसभा पहुंचे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में हरीश मीणा ने अपने बड़े भाई और कांग्रेस प्रत्याशी नमोनारायण मीणा को चुनाव में हराया था, जो काफी पहले राजनीति में आ गये थे तथा अपने चुनाव क्षेत्र में काफी मिलनसार व लोकप्रिय रहे हैं तथा केन्द्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। बाद में हरीश मीणा ने 2018 व 2023 में कांग्रेस के टिकट पर देवली उनियारा से विधानसभा चुनाव लड़ा, सभी चुनाव कठिन थे तथा कांटे की टक्कर रही थी, पर, हरीश हर चुनाव जीतते गये और उनके चुनाव क्षेत्र में यह आम धारणा बनी कि, हरीश का मुकद्दर बहुत मजबूत है और उनको साधारण तौर पर मीणा बहुल सीट पर हराना कठिन ही नहीं नामुमकिन है।

इस बार भी कुछ ऐसा ही होता लगता है, टोंक-सवाईमाधोपुर सीट पर, जहां लगातार दो बार सांसद रहे भाजपा के उम्मीदवार सुखबीर सिंह जौनपुरिया व कांग्रेस के हरीश मीणा के बीच टक्कर है और इस बार लोकसभा चुनाव का अजीबोगरीब पहलू यह है कि, नैशनल स्तर का चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। क्या इस तथ्य का सीधा अर्थ यह नहीं है कि, मोदी लहर का वेग इस बार वह नहीं है जो, गत दो बार 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में देखा गया था तथा दोनों बार भाजपा 25-0 के स्कोर से जीती थी राजस्थान में। क्या इसमें भी हरीश मीणा का मुकद्दर काम आया?

साथ ही क्योंकि मीणा व गुर्जर मुख्य प्रतिद्वंदी हैं, यह भी अपेक्षित ही था कि, दोनों जातियां अपनी-अपनी जाति के उम्मीदवार के पक्ष में लामबंद होंगी, मीणा मतदाता तो जरूर जोर-शोर से हरीश मीणा को जिताने के लिए पूर्णतया अपनी जाति के साथ बंधे नज़र आये। पर गुर्जरों में कुछ दुविधा की स्थिति दिखी, मतदान के दिन। दुविधा का कारण थे, सचिन पायलट। आमतौर से सचिन, उस सीट पर अपने उम्मीदवार का प्रचार करने से बचते हैं, जहां प्रतिद्वंदी उम्मीदवार गुर्जर हो। मकसद शायद था कि, गुर्जर वोटों का विभाजन न हो। पर, टोंक-सवाईमाधोपुर में उनके करीबी उम्मीदवार हरीश मीणा के खिलाफ एक गुर्जर, प्रत्याशी, जौनपुरिया मैदान में था। पायलट ने पहली बार अपनी नीति को बदला और हरीश मीणा के पक्ष में जम कर प्रचार किया। आमसभाएं की। स्वाभाविक ही था गुर्जर वोट दुविधा की स्थिति में आ गया। साथ ही यह भी देखा गया कि, भाजपा के पुराने गुर्जर नेता जैसे विजय बैंसला, अलका गुर्जर, विक्रम सिंह गुर्जर, पूरे मन से जौनपुरिया के पक्ष में सक्रिय नहीं हुए। कुछ उदासीन दिखे। उनका शायद सोच था कि, अगर हरीश मीणा सांसद बन जाते हैं तो, उनकी विधायक की सीट खाली हो जायेगी और भाजपा के टोंक-सवाईमाधोपर क्षेत्र के गुर्जर नेता, विधायक का चुनाव लड़ सकेंगे और जीत गये तो मंत्री बनने की लाइन में खड़े

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है'

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी लहर को भाजपा के पक्ष में मोड़ने के एक दृढ़ प्रयास के

- **प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के आणंद की एक सभा में यह टिप्पणी की और पाकिस्तान के एक नेता फवाद हुसैन द्वारा सोशल मीडिया पर राहुल की प्रशंसा में वीडियो पोस्ट करने को मुद्दा बनाया।**

तहत कांग्रेस को पाकिस्तान का "शिष्य" बताते हुए कहा कि, पड़ोसी देश कांग्रेस के "शहज़ादे" को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनाने का उत्सुक है।

मोदी की यह टिप्पणी, आज इन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

जो मेरा धन चुराता है वह मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है। –शेक्सपियर

# विरासत कर सरकारी लूट का दूसरा नाम है

भारत जब आजाद हुआ, उस समय समाजवाद की बयार बह रही थी। राजस्थान के एक कवि ने अपनी कविता में, यह कहकर धूम मचा दी थी, "धन धरती सब बंटकर रह सी" राजाओं, जागीरदारों आदि की जमीनें अधिग्रहण की गई और गरीबों में बांटी गई। विनोबा जी के नेतृत्व में भूटान का कार्यक्रम भी, सफलता के साथ देश में चला। इन सबका उद्देश्य एक ही था, देश की जो सम्पत्ति कुछ लोगों में संचित हो गई थी, उसका जनहित में वितरण हो। संविधान में प्रोपर्टी राईट को समाप्त कर दिया। संविधान के प्रियम्बल में स्पष्ट कर दिया कि देश एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोक तंत्रात्मक गणराज्य है।

इसी क्रम में कई देशों में Inheritance Tax अर्थात् वंशानुक्रम कर, विरासत कर अथवा उत्तराधिकार कर सम्पत्तियों पर लगाया गया। यह ऐसा टैक्स है जो मृत्यु के बाद मिली सम्पत्ति पर लगाया जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान में 7 प्रतिशत से 55 प्रतिशत तक विरासत टैक्स है। अमेरिका में यदि किसी के पास 100 करोड़ डॉलर की सम्पत्ति हो तो उसके मरने के बाद 45 प्रतिशत सम्पत्ति ही उसके वारिसान को मिलती है, शेष सम्पत्ति 55 प्रतिशत पर सरकार का मालिकाना अधिकार हो जाता है। कभी यह टैक्स भारत में भी सम्पत्ति शुल्क के नाम से था, जिसे राजीव गांधी ने समाप्त कर दिया। भारत में 1968 में Compulsory Deposit Scheme भी थी। भारत में एक समय कांग्रेस रूल में आयकर 90 प्रतिशत था। भारत में पूर्व में Wealth Tax व Gift Tax भी था। वे क्रमश: 2015 व 1968 में समाप्त कर दिये।

सत्येन्द्र गोवर्धन दास पित्रोदा जिन्हें लोग सैम पित्रोदा कहते हैं, राजीव गांधी के सलाहकार थे। सैम पित्रोदा ने ही राजीव गांधी को भारत के आधुनिकीकरण के लिये 'फाइव मिशन मोड' का विचार दिया था। सैम पित्रोदा ही ने टेलीकॉम रेवोल्यूशन की सफलता राजीव गांधी को दिलाई थी। उसी कारण से भारत का आईटी सेक्टर चमका था।

भारत में वर्तमान में विरासत कर अथवा Estate Duty Act जैसे कोई कानून नहीं हैं। भारत में सबको समान अधिकार दिये हैं। न कोई बड़ा है और न छोटा। भारत इस समय 2024 के संसद के चुनावों में फंसा हुआ है। ऐसे समय सैम पित्रोदा का कथन कि भारत में विरासत कर अमेरिका आदि यूरोपियन देशों के तरह लागू होना चाहिये। सैम का संबंध कांग्रेस से बहुत पुराना है, अत: इसे कांग्रेस के भविष्य की योजना के साथ जोड़ा गया है। इसका परिणाम था कि मोदी सरकार ने चुनावों में यह कहना शुरू कर दिया कि कांग्रेस शीघ्र पूर्व की तरह विरासत कर लाने जा रही है। कांग्रेस ने अपने बचाव में इतना ही कहा कि सैम पित्रोदा के विरासत कानून की बात, सैम का अपना विचार है। कांग्रेस का इससे कोई संबंध नहीं है। चूंकि भारत में विरासत कर नहीं है अत: वर्तमान में जो टैक्स के कानून हैं, उन्हीं से टैक्स लागू होता है।

अमेरिका के 6 राज्यों में Inheritance Tax लागू है। वहां टैक्स उस राज्य में लिया जाता है जहां मृतक रहता है न कि वहां जहां Beneficiary रहता है।

भारत में व्यक्ति की सम्पत्ति सक्सेशन एक्ट के अुनसार उसके कानूनी वारिसों में बंटती है अथवा मृतक द्वारा की गई वसीयत से उनका बंटवारा होता है। जायदाद का मालिक अपनी सम्पत्ति की वसीयत अपने जीवन काल में करता है, उसे कानून की जानकारी होनी चाहिये। अपनी स्व:अर्जित सम्पत्ति की वसीयत करना कठिन कार्य नहीं है पर इसे आसान भी नहीं समझना चाहिये। जहां तक संभव हो वसीयत करते समय कानून सहायता प्राप्त करनी चाहिये।

वसीयत लिखित में होनी चाहिये, कानून में इस पर कोई स्टाम्प डयूटी नहीं लगती। वसीयत करने वाला व्यक्ति उस समय वसीयत कर सकता है जब वह अपने होश हवास में हो, स्वस्थ हो, उसका विवेक जागृत हो। वसीयत के लिये स्टाम्प डयूटी आवश्यक नहीं है और न इसकी पंजीयन ही आवश्यक है, किन्तु उचित होगा, इसे स्टाम्प पर लिखा जावे और इसकी रजिस्ट्री कराई जावे। सबसे आवश्यक है वसीयत का अटेस्टेशन कराना। दो गवाह होने आवश्यक हैं। वसीयतकर्ता को अपने हस्ताक्षर गवाहों के समक्ष करने चाहिये और गवाहों के हस्ताक्षर भी वसीयतकर्ता के सामने हों।

**भारत भगवान महावीर का देश है। जैन धर्म संसार का प्रथम धर्म है। यही कारण है जैन अपने प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव को आदिनाथ कहते हैं। जैनों की संस्कृति को अंहिसा, अपरिग्रह, अनेकान्त के दर्शन से समझा जाता है। अपरिग्रह का अर्थ है, उतना ही संग्रह करो जो आपकी आवश्यकता के लिये जरूरी हो, शेष समाज को अर्पित कर दो।**

अमेरिका में विरासत टैक्स पुश्तैनी सम्पत्ति पर लगता है वह भी जब सम्पत्ति की कीमत एक सीमा से बढ़कर हो। 10 लाख डॉलर की वैल्यू तक सम्पत्ति पर कर से छूट है। दादा, परदादा या पिता से, सम्पत्ति मिली है तो उस पर टैक्स लगेगा। अमेरिका में जब पिता अपने पुत्र को सम्पत्ति देता है तो सरकार 55 प्रतिशत हिस्सा टैक्स के रूप में लेती है।

सैम पित्रोदा के कथन के बाद चुनाव प्रचार में मोदी ने कहा कि कांग्रेस यदि पावर में कभी आई तो वह टैक्स लगायेगी। पीएम मोदी ने चुनाव सभा में कहा कि कांग्रेस सर्वे करायेगी, मालूम करेगी व्यक्ति के पास कितनी प्रोपर्टी है। महिलाओं के पास जितने सोने के गहने व मंगल सूत्र हैं। मोदी का कथन था, आपके पास अपना कुछ भी नहीं रहेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय टैक्स कानून सम्पत्ति कर और विरासत कर के मध्य अन्तर करता है। विरासत कर उस व्यक्ति द्वारा भुगतान किया जाता है जो मृतक व्यक्ति का धन था और सम्पत्ति विरासत में प्राप्त होती है जबकि सम्पत्ति कर उस व्यक्ति की सम्पत्ति पर लगाया जाता है जो मर चुका है।

फाइनेन्स मंत्री निर्मला सीतारमन ने विरासत टैक्स लगाने के प्रस्ताव को गलत बतलाया है। उनका कथन है कि अब तक भाजपा ने जो विकास किया है वह भी समाप्त हो जावेगा। कांग्रेस राज में 10 साल पूर्व जो विकास किया था वह नगण्य सा था। कांग्रेस से 10 वर्ष पूर्व 5000 किमी. रेल्वे का विद्युतीकरण किया वही मोदी के 10 वर्षों में 44000 किमी. का विद्युतीकरण किया है।

टैक्स एक्सपर्ट का कहना है कि विरासत टैक्स एस्टेट डयूटी से जो आय होती थी लगभग उतना ही खर्चा टैक्स को लगाने व वसूली में हो जाता था। विरासत कर लगाना लूट जैसा कार्य है। जो जिन्दगी के समय भी लगता है और मरने पर भी।

विरासत टैक्स कई देशों में लगाया जाता है और सबसे अधिक Misunderstood है। भारत में हो रहे चुनावों के समय यह चुनाव भाषणों का विषय बना हुआ है। इसके माध्यम से भाजपा कांग्रेस की आलोचना करने का कोई भी मौका नहीं छोड रही है। दिनांक 24 अप्रैल, 2024 की चुनाव स्पीच में मोदी ने कहा कि यदि कांग्रेस जीती तो विरासत कर लगा कर लोगों का जीना दूभर कर देगी।

विरासत टैक्स फ्रांस में 60 प्रतिशत, जर्मनी में 50 प्रतिशत, यूके में 40 प्रतिशत, स्पेन में 33 प्रतिशत, हंगरी में 18 प्रतिशत, जापान में 55 प्रतिशत, साउथ कोरिया में 50 प्रतिशत, चिली में 25 प्रतिशत है। भारत में परिवार का गठन अन्य देशों से भिन्न है। हिन्दू संयुक्त परिवार का जो कन्सेन्ट भारत में है, वैसा अन्यत्र कहीं भी नहीं है। भारत भगवान महावीर का देश है। जैन धर्म संसार का प्रथम धर्म है। यही कारण है जैन अपने प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव को आदिनाथ कहते हैं। जैनों की संस्कृति को अंहिसा, अपरिग्रह, अनेकान्त के दर्शन से समझा जाता है। अपरिग्रह का अर्थ है, उतना ही संग्रह करो जो आपकी आवश्यकता के लिये जरूरी हो, शेष समाज को अर्पित कर दो। कस्तूरवा गांधी के यहां चोरी हुई, मालूम पडा 'बा' की चार साडियां चोरी हो गई थी। गांधीजी को जब पता चला कि 'बा' के पास चार साडियां थीं तो वे बा से बहुत नाराज हुये। इतनी सदियों के संचय से आपने अपनी बहिनों को वंचित कर दिया है, अच्छा हुआ चोर ले गये ये साडियां किसी के काम तो आवेंगी। घटना के बाद बा ने बापू से कहा ये साडियां उसे अपनी बहु-बेटियों को देनी थी। अपरिग्रह का इससे सुन्दर उदाहरण कहीं नहीं मिल सकता। कर का आरोपण व्यक्ति को अपरिग्रह की सीमा में रखने का है।

संविधान के अनुच्छेद 51क में नागरिकों के कर्त्तव्य दिये हैं। यह प्रावधान संविधान 86वां संशोधन से लाया गया था। जिस कमेटी ने संशोधनों का सुझाव दिया उनके सरदार स्वर्णसिंह जी चेयरमैन थे। एक माननीय सदस्य ने सुझाव दिया था कि टैक्स का कानून समाप्त किया जावे। इसके स्थान पर यह प्रावधान हो कि अपनी आवश्यकता की पूर्ति के बाद जो बचे उसे सरकार को अर्पित कर दो। सच्चा समाजवाद यही है।

पीएम मोदी व अन्य नेताओं के भाषणों से यह स्पष्ट है कि देश में निकट भविष्य में विरासत कर (उत्तराधिकार कर) लगाने का प्रश्न ही नहीं उठता। किसी भी लोकतंत्र से उम्मीद की जा सकती है कि वह कल्याणकारी होगा। भारत में 85 प्रतिशत तक विरासत कर लगता था, अत: राजीव गांधी सरकार ने इसे समाप्त कर दिया।

संविधान के नीति निदेशक तत्वों के भाग 4क अनुच्छेद 39(ख) में आदेशात्मक रूप से यह स्पष्ट किया है कि राजय अपनी नीति का विशिष्टतया इस प्रकार संचालन करेगा कि सुनिश्चित रूप से समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार बांटा हो जिससे सामूहिक हित का सर्वोच्च रूप से साधन हो। दिनांक 30.04.2024 को सर्वोच्च न्यायलाय की 9 जजों की पीठ के समक्ष यह बहस की गई कि प्राइवेट इन्वेस्टमेन्ट्स को अधिक महत्व देना चाहिये।

भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्म निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जय हो!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# माननीय कुलाधिपति, कुलपति-एक संदेश

## (एक कुलपति की अनकही कहानी)



प्रो. अशोक कुमार

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में कुलपति के पद पर मेरी नियुक्ति के पहले मेरा एक इंटरव्यू इंटरेक्शन माननीय तत्कालीन राज्यपाल कुलाधिपति महोदय से हुआ था कुलाधिपति महोदय ने मुझसे कहा था यदि आपकी नियुक्ति कानपुर विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर हो जाए तब आप मुझसे तभी धन्यवाद के लिए आइएगा जब आप अपने विश्वविद्यालय की समस्यों को समझेंगे और उसके समाधान के लिए अपनी योजना बनाएँगे इसी के साथ आप अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में क्या-क्या कार्य विश्वविद्यालय में करेंगे उसका एक श्वेत पत्र लाइएगा। इसके पहले मुझे धन्यवाद देने नहीं आयेगे।

वर्तमान समय में मैंने पिछले 10 वर्षों से यह अनुभव किया है कि जब भी कभी विभिन्न विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति होती है तो ऐसा देखा गया है कि माननीय कुलपति को पत्र मिलते ही सबसे पहले वह कुलाधिपति महोदय को धन्यवाद देने के लिए जाते हैं। यह परंपरा अपने आप में अच्छी है लेकिन इसमें मेरा दृष्टिकोण अपने अनुभव के अनुसार से भिन्न है।

जब मैंने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में कुलपति पद के कार्यभार संभाला तब कई व्यक्तियों ने यह सुझाव दिया कि मैं धन्यवाद के रुप में माननीय कुलाधिपति के पास अवश्य जाएं। लेकिन मैंने उनसे यह नहीं बताया कि मैं उनके पास तभी मिलने जाऊंगा जब मैं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के बारे में जानकारी प्राप्त कर लूँगा। मैंने विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा अन्य समस्याओं के ऊपर ध्यान आकर्षित किया। कुलपति का पदभार संभालने के बाद विश्वविद्यालय के प्रांगण का अवलोकन किया, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया, विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक और अशैक्षणिक विभागों का भी निरीक्षण किया।

कुछ समय के बाद मैंने विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विभागाअध्यक्ष की एक मीटिंग बुलाई और विश्वविद्यालय के बारे में चर्चा की। एक दिन वि.वि. के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। एक अन्य दिन विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ मीटिंग करी। अगले कुछ दिनों के अंदर मैंने अकादेमिक, परीक्षा से संबंधित विषयों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। सब गतिविधियां चल रही थी लेकिन विश्वविद्यालय के सभी वर्ग के लोग इस बात के लिए बहुत विचार कर रहे थे या उनके समझ में नहीं आ रहा था कि माननीय कुलपति जी को पदभार ग्रहण करते हुए 10 दिन हो गए लेकिन वह माननीय कुलाधिपति से मिलने लखनऊ नहीं गए। जबकि आप जानते हैं कि लखनऊ से कानपुर की दूरी केवल 80 किलोमीटर है। कई लोग मेरे पास कहने भी आए कि मुझे कुलाधिपति से मिलना चाहिए और उनको धन्यवाद ज्ञापित करना चाहिए। मैंने उनको बताया कि जैसे ही मुझे समय मिलेगा मैं उनसे जरूर मिलना चाहूंगा। विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी ने तो यहां तक कहना शुरू कर दिया कि कुलपति लगता है बहुत ही घमंडी आदमी है और इनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय में बहुत हाई कमान के माध्यम से हुई है इसलिए वह कुलाधिपति को कुछ भी नहीं समझते। कई लोगों ने तो यहां तक कहना शुरू कर दिया कि ऐसा ही इनका व्यवहार रहा तो कुलपति विश्वविद्यालय में ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाएंगे। मैं अपना कार्य करता रहा। यह एक ऐसी बात थी जो मैं किसी से व्यक्तिगत रूप से कह नहीं सकता था। मैंने पूरी मेहनत से विश्वविद्यालय के सभी समस्याओं को समझा, श्वेत पत्र बनाए। श्वेत पत्र बनाकर समस्याओं के बारे में लिखा। विश्वविद्यालय में क्या-क्या समस्या है जैसा कि आप सब जानते हैं कि विश्वविद्यालय में प्रशासनिक और छात्रों की प्रवेश और परीक्षा परिणाम फल आदि समस्याएं होती हैं। शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं होती हैं : उनके शैक्षणिक वातावरण की, उनके प्रमोशन की, या नियुक्तियां की। कर्मचारियों की अपनी समस्याएं होती हैं। इन सब समस्याओं को मैंने समझा और फिर उसको लिखा और फिर यह कोशिश की इन समस्याओं को किस प्रकार से समाधान किया जा सकता है। विश्वविद्यालय में कुछ नए विषय भी खोलने के लिए मैंने लिखा। इन सबको तैयार करने में लगभग 1 माह से ज्यादा लग गया और उसके बाद में कुलाधिपति से मिलने गया। माननीय कुलाधिपति को मैंने पत्र दिया कुलाधिपति ने बहुत ध्यान से उस पत्र को पढ़ा। पत्र पढ़कर वो बहुत प्रसन्न हुए और मुझसे कहा कि उन्होने कुलपति रूप में सही व्यक्ति को नियुक्त किया है। माननीय कुलाधिपति ने बहुत से सुझाव भी दिये और मुझमे यह विश्वास प्रकट किया कि मैं पूरी मेहनत और ईमानदारी से नियमानुसार विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए कार्य करूंगा। एक बहुत महत्वपूर्ण विषय के बारे मे कहना चाहता हूं कि जो भी विश्वविद्यालय का कुलपति बने उसको विश्वविद्यालय की समस्याओं के बारे में अवगत होना चाहिए और इसी के साथ-साथ उसकी यह दूरदर्शिता होनी चाहिए कि उन समस्याओं को किस प्रकार से समाधान किया जा सकता है। मैं समझता हूं कि विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय किसी भी कुलपति के लिए यह प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। अगर वह समय पर इन विभिन्न समस्याओं को समझ ले तब मेरे अनुभव के अनुसार उसको आने वाले भविष्य के 3 सालों में कष्ट नहीं होगा और सभी की समस्याओं को समाधान करने में आसानी होगी। इन सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और विद्यार्थी के सहयोग की आवश्यकता होती है। यहां यह कहने की भी आवश्यकता है कि विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होती हैं और इन गतिविधियों के कारण आपको जिला प्रशासन से भी एक अच्छा संपर्क संबंध बनाए रखना चाहिए ताकि अनुकूल परिस्थितियों में जिला प्रशासन आपकी मदद कर सके। आमतौर पर यह देखा गया है कि विश्वविद्यालय के कुलपति अपने दफ्तर से बाहर नहीं निकलते या निकल पाते या निकलना नहीं चाहते लेकिन जहां तक मैं समझता हूं मेरे अनुभव के अनुसार से विश्वविद्यालय के कुलपति को दफ्तर में अपने काम जरुर करना चाहिए लेकिन साथ ही साथ समय-समय पर विभिन्न विभागों में, प्रशासनिक कार्यालयों में, विद्यार्थियों से, अधिकारियों से और कर्मचारियों से मिलते रहना चाहिए। यदि आप निरंतर इस प्रकार के प्रयास करेंगे तो कभी भी कोई भी गंभीर समस्या आपके सामने नहीं आएगी। जब आप निरंतर सबसे मिलते हैं तो समय-समय पर आपको विश्वविद्यालय की समस्याओं के बारे में जानकारी होती है और समय अनुसार उनका समाधान भी होता है। जब कभी हम इस प्रक्रिया को नहीं अपनाते तो ऐसा देखा गया है कि समस्याएं इकट्ठा होती रहती हैं, समाधान उनका नहीं होता। एक समय ऐसा आता है जबकि सारी समस्याएं एक साथ इकट्ठा हो जाती हैं और वह एक बहुत ही भयंकर रूप ले लेती हैं और एक बहुत ही कठिन स्थिति हो जाती है।

मैं अपने अनुभव के आधार से यह एक संदेश देना चाहता हूं कि विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय के सभी वर्गों से मधुर संबंध रखना चाहिए, वार्तालाप करना चाहिए, उनसे संपर्क बनाए रखना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण-विश्व विद्यालय विद्यार्थियों के लिए होता है, विश्वविद्यालय का प्रमुख अंग है। हमको यह चाहिए कि हम विद्यार्थियों की समस्याओं के बारे में जाने और हमे उनके समाधान का यथासंभव प्रयास करना चाहिए। मुझे आशा और विश्वास है कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अच्छे और उज्जवल भविष्य के लिए दिशा प्रदान करेगा।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# सिडियास गांव में तीन दिन से एक दर्जन घरों में लग रही रहस्यमयी आग

**परबतसर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के बस्सी ग्राम पंचायत के सिडियास गांव के गुर्जरों का बास में रहस्यमयी ढंग से आग लगने की वारदातें हो रही है। चार दिन से दोपहर तीन बजे के बाद से ही जगह-जगह आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मामले में अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन कच्चे मकान समेत अन्य सामग्री का काफी नुकसान हुआ है।

बस्सी सरपंच प्रतिनिधि जगदीश मेघवाल ने बताया कि सोमवार को चार जगहों पर आग लगी। इसके बाद मंगलवार को भी अलग-अलग चार जगहों पर आग लगने की घटना हुई। एक ओर ग्रामीण इन अजीब घटनाओं



**परबतसर के बस्सी ग्राम पंचायत के सिडियास गांव के गुर्जरों का बास में रहस्यमयी ढंग से आग लगने की वारदातें हो रही है।**

का कारण जानने में जुटे हैं तो वहीं दूसरी ओर रोजाना अलग-अलग जगह पर आग लगने से भय का माहौल भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है

- **अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है, कच्चे मकान व अन्य सामग्री का काफी नुकसान हुआ**
- **गुर्जरों के बास में रोज हो रहे हादसे, जांच के लिए टीम पहुंची, कोई सुराग नहीं लगा**

कि आजकल हर घर में गैस सिलेंडर है और इस इलाके में कच्चे छप्पर भी हैं, ऐसे में आगजनी की घटनाओं से बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। इससे फिलहाल भय का माहौल बन रहा है।

पीलवा थानाधिकारी विनोद ने बताया कि लगातार हो घटनाओं पर पुलिस ने नजर रखी हुई है। लगातार आगजनी के कारणों का पता चल नहीं पाया है। तहसीलदार ने पुलिस कार्मिक साथ मौके पर जाकर मुआयना किया है। पटवारी रिपोर्ट बन नुकसान का आंकलन भी किया जा रहा है, लेकिन अब आग लगने कारणों का पता लगना बहुत मुश्किल है। क्योंकि लोगों में घटनाओं लेकर भय फैलने की संभान बढ़ती जा रही है। ग्रामीण भागा गुर्जर, भारमल गुर्जर, गोविंद और प्रभुराम गुर्जर ने बताया बुधवार को भी दोपहर में करीब बजे एक घर में आग लग गई।

# "नंद घर" मुहिम से जुड़े अभिनेता मनोज बाजपेयी

**जयपुर।** 14 लाख आंगनबाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है "अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया।" नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है।

इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा कि प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयीजी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए




**14 लाख आंगनबाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ विशेष कैंपेन की शुरुआत की।**

गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं।

मुहिम के लॉन्च के दौरान, मनोज बाजपेयी ने बतौर युवा थिएटर अभिनेता अपनी कहानी साझा की। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित मनोज बाजपेयी ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुज़रने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति

- **सोशल इम्पैक्ट प्रोजेक्ट नंद घर का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना है**

भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएँ काफी प्रभावित होती हैं। इसके समाधान के रूप में प्रोजेक्ट नंद घर जैसी पहलें बेहद कारगर हैं।

मैककैन द्वारा परिकल्पित इस कैंपेन पर अपने विचार रखते हुए प्रसून जोशी, सीईओ और सीसीओ, मैककैन वर्ल्डग्रुप इंडिया और चेयरमैन, एशिया पैसिफिक ने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि बच्चे अपनी वास्तविक क्षमता से रूबरू हों, तो उनके बेहतर पोषण पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है। इसे उजागर करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि आप भारत के कुछ सबसे लोकप्रिय व्यक्तियों की कहानियां साझा करें, जिन्होंने अपने जीवन में इस मुश्किल का खुद सामना किया है।

नंद घर अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ़) का फ्लैगशिप प्रोजेक्ट है। चेयरमैन अनिल अग्रवाल के सपने को प्रखर रखते हुए यह प्रोजेक्ट यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए। नंद घर के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि के रूप में, हम भारत के 14 राज्यों में स्थित सभी नंद घरों में न सिर्फ प्री-स्कूल्स की उपस्थिति का विस्तार करने, बल्कि कुपोषण के स्तर को कम करने में भी सफल रहे हैं। विगत वर्ष, आफ ने मल्टी-मिलेट न्यूट्री बार लॉन्च किया था।

## राशिफल शुक्रवार 3 मई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 12:06 तक, ब्रह्म योग दिन 2:18 तक, वणिज करण दिन 12:39 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग रात्रि 12:06 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा दिन 12:39 से रात्रि 11:25 तक रहेगी। आज पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:29 तक, लाभ-अमृत 7:29 से 10:45 तक, शुभ 12:24 से 2:02 तक, चर 5:18 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 7:01

### मेष



व्यावसायिक और आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में गति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मिथुन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### सिंह



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### कन्या



आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### तुला



परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृश्चिक



घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु



मित्रों/रिश्तेदारों से मतभेद समाप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित धन प्राप्त होगा।

### मकर



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# पेपर लीक के मास्टर माइंड जगदीश विश्नोई सहित 25 आरोपियों के खिलाफ चालान पेश

## एस.आई. भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक व डमी कैंडिडेट बैठाने का मामला

- करीब पांच दर्जन से अधिक के खिलाफ जांच लंबित रखी गई है।
- 2369 पेज के चालान की कॉपी लेकर एसओजी की 15 से ज्यादा सदस्यों की टीम अदालत पहुंची।
- एसओजी ने अपनी जांच में माना कि आरोपियों ने एक संगठित गिरोह बनाकर सुनियोजित तरीके से आपराधिक षडयंत्र रचते हुए एसआई भर्ती-2021 के पेपर लीक किए थे और उन्हें धन कमाने के लिए आगे भी बेचा था।

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक और डमी कैंडिडेट बैठाने के मामले में एसओजी ने गुरुवार को सीएमएम कोर्ट में मास्टर माइंड जगदीश विश्नोई सहित 25 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया है। एसओजी ने करीब पांच दर्जन से अधिक के खिलाफ जांच लंबित रखी है। एसओजी को मामले की जांच करते हुए 60 दिन का समय हो चुका था, इसलिए गुरुवार को कोर्ट में चालान पेश करना था। पीठासीन अधिकारी के ट्रांसफर होने के चलते चालान लिंक अदालत में पेश किया गया।

एसओजी की ओर से 2369 पेज का चालान पेश किया गया। एसओजी की 15 से ज्यादा सदस्यों की टीम चालान की कई कॉपियां लेकर कोर्ट पहुंची। इस आरोप पत्र में आरोपियों पर आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 477, 477ए/409, 34, 201, 109, 120 बी सहित सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की धारा 4, 5 व 6 और आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत आरोप लगाए हैं। एसओजी ने जिनके खिलाफ चालान पेश किया है, उनमें आरोपी भूपेन्द्र सारण, राजेश खंडेलवाल, शिवरतन मौठ, नरेश खिलेरी, सुरेन्द्र विश्नोई, करणपाल गोदारा, विवेक भामू, मनोहर लाल विश्नोई, गोपीराम, श्रवण विश्नोई, रोहिताश कुमार, प्रेमसुखी, एकता, भगवती विश्नोई, नारंगी कुमारी, राजेश्वरी, चंचल कुमारी, शिक्षक राजेन्द्र कुमार यादव, लाइब्रेरियन राजेन्द्र कुमार, हर्षवर्धन कुमार, जगदीश सियाग, इंदूबाला, अनिल कुमार व अशोक सिंह नाथावत शामिल हैं। एसओजी ने माना कि आरोपियों ने एक संगठित गिरोह बनाकर सुनियोजित तरीके से आपराधिक षडयंत्र रचते हुए एसआई भर्ती-2021 के पेपर लीक किए थे और उन्हें धन कमाने के लिए आगे भी बेचान किया।

गौरतलब है कि एसओजी ने इस मामले में 3 मार्च को रिपोर्ट दर्ज की थी और आरोपी राजेश खंडेलवाल को 4 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पूछताछ में अन्य आरोपियों के नाम सामने आने पर उनकी भी गिरफ्तारियां की गई थी।

### 12 आरोपियों की जमानत मामले पर 6 मई को सुनवाई

एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपरलीक केस में एसओजी ने 36 ट्रेनी एसआई और 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 11 ट्रेनी एसआई और एक कांस्टेबल को जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने 12 अप्रेल को जमानत दे दी थी। इसके खिलाफ सरकार हाईकोर्ट गई थी, जहां 15 अप्रेल को सुनवाई के बाद सीएमएम कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी गई थी। इस फैसले के खिलाफ आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

आरोपियों की ओर से कहा गया था कि उनके रिलीज ऑर्डर जारी हो चुके थे, लेकिन हाईकोर्ट ने गलत तरीके से उनकी रिहाई पर रोक लगाई है। गिरफ्तार ट्रेनी एसआई की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 26 अप्रैल को हाईकोर्ट को निर्देश दिए थे कि वे 1 मई से सप्ताह भर के अंदर सुनवाई पूरी करके फैसला दें। अब हाईकोर्ट इस मामले में 6 मई को फाइनल सुनवाई करेगा।



राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। वहीं मिश्र से डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) के कुलाधिपति कन्हैयालाल बेरवाल ने मुलाकात की। बेरवाल ने राज्यपाल से भेंट के दौरान उन्हें मध्यप्रदेश के सबसे पुराने व सबसे बड़े इस केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियां और नई शिक्षा नीति के संदर्भ में शैक्षिक गुणवत्ता के संदर्भ में किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।



गर्मी के मौसम में पहले सड़क किनारे प्याऊ लगाई जाती थी जिससे लोग पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते थे जो आज कम ही देखने को मिलती है। जयपुर अजमेर हाइवे के पास कच्चे रास्ते पर लगे हैंडपंप से पानी निकालकर अपनी प्यास बुझाता एक राहगीर। फोटो : राष्ट्रदूत

# 'प्रदेश में होने वाले लेनदेन के लिए बाहर से खरीदा स्टांप मान्य नहीं'

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने बीमा पॉलिसियों को लेकर कहा कि राजस्थान में होने वाले लेन-देन के लिए राज्य के बाहर से खरीदा गया स्टांप पेपर मान्य नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट भारतीय जीवन बीमा निगम की अपीलों को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकार से कहा है कि जिस समय बीमा स्टांप नहीं थे, उस समय की स्टांप ड्यूटी के बारे में मांग नहीं की जाए।

न्यायाधीश पीएस नरसिम्हा व न्यायाधीश अरविन्द कुमार की खण्डपीठ ने 20 साल से चल रहे विवाद पर यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने राज्य के 1952 के स्टांप कानून को वैध ठहराया, वहीं कहा कि राष्ट्रपति की मंजूरी से बना राज्य का कानून केन्द्र के कानून से उपर होगा। कोर्ट ने कहा कि स्टांप ड्यूटी भी कर के रूप में है और राज्य सरकार को बीमा पॉलिसियों पर स्टांप ड्यूटी वसूल करने का हकदार है। एलआईसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 के अंतर्गत देश में स्टांप ड्यूटी ली जा रही है, राजस्थान सरकार ने इसी अधिनियम के अंतर्गत राज्य में 1952 का स्टांप अधिनियम बनाया। राज्य को बीमा पॉलिसियों पर स्टांप ड्यूटी लेने का अधिकार नहीं है। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिंघवी ने कहा कि राज्य सरकार को स्टांप ड्यूटी वसूल करने का अधिकार है।

# डॉ.रवि प्रकाश मेहरड़ा को दिया ए.सी.बी. का जिम्मा

**जयपुर, (का.प्र.)।** भारतीय पुलिस सेवा के तीन अधिकारियों का तबादला करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के नए मुखिया डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा होंगे, जबकि फिलहाल एसीबी के कार्यवाहक डीजी का जिम्मा संभाल रहे एडीजी हेमंत प्रियदर्शी को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। उन्हें एडीजी साइबर क्राइम के पद पर लगाया गया है।

कार्मिक (क-1) विभाग की ओर से गुरुवार शाम को जारी आदेश के अनुसार डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा का तबादला डीजी (एससीआरबी, साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं) से डीजी, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पद पर किया गया है। जबकि हेमंत प्रियदर्शी को एडीजी, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से एडीजी, एससीआरबी एवं साइबर क्राइम के पद पर लगाया गया है।

अब तक भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड के साथ साइबर क्राइम के एडीजी का पद संभाल रहे सचिन मित्तल का तबादला एडीजी के पद पर किया गया है। डॉ. मेहरड़ा को सुबह 11 बजे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के मुख्यालय पहुंचेंगे। जहां वे डीजी, एसीबी का पदभार ग्रहण करेंगे।

# 'एफ.एस.एल. रिपोर्ट देरी के कारण कई बार निर्दोष रहते हैं जेल में बंद'

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एफएसएल व डीएनए रिपोर्ट आने में देरी से जुडे मामले में गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि रिपोर्ट देरी के चलते केसों में फैसले नहीं हो पाते। एनडीपीएस के कई मामलों में एफएसएल रिपोर्ट नेगेटिव आती है और आरोपी बरी हो जाते हैं, लेकिन इस दौरान वे कई दिनों तक जेलों में बंद रहते हैं। यह उसके संविधान के अनुच्छेद 21 का हनन है। जस्टिस समीर जैन ने यह टिप्पणी गुरुवार को एक पॉक्सो केस में एफएसएल की रिपोर्ट आए बिना ही चालान पेश होने से जुडे मामले में विनोद की जमानत अर्जी पर सुनवाई एक सप्ताह टालते हुए की।

सुनवाई के दौरान एफएसएल निदेशक अजय शर्मा भी पेश हुए। लोक अभियोजक शेरसिंह महला ने अदालत को बताया कि गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की तुलना में प्रदेश में 10 अधिकारी प्रतिदिन 35 सैंपलों की जांच कर रहे हैं, जबकि उन राज्यों में 30 अधिकारियों की जांच का औसत 20 से 30 सैंपल ही है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद भी एफएसएल रिपोर्ट से फैसलों में देरी होती है। दरअसल पिछली सुनवाई पर अदालत ने अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव से कहा था कि वे इस संबंध में शपथ पत्र पेश कर बताए कि एफएसएल व डीएनए रिपोर्ट आने में हो ही देरी को कैसे दूर किया जाए। मामले से जुडे अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सवाईमाधोपुर के खंडार पुलिस थाने में अगस्त 2023 में पॉक्सो का मामला दर्ज हुआ था, लेकिन एफएसएल रिपोर्ट आए बिना ही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चालान पेश कर दिया। वहीं अब केस की ट्रायल शुरू हो चुकी है।

# अंग प्रत्यारोपण प्रकरण में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**जयपुर, (का.सं.)।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने फर्जी एनओसी से अंग प्रत्यारोपण करने से जुड़े मामले में ईएचसीसी अस्पताल के कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार जोशी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि आरोपी पर गंभीर आरोप है। ऐसे में उसे मुकदमे के इस स्तर पर जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

जमानत अर्जी में कहा गया कि एसीबी ने गत 31 मार्च को गौरव व प्रार्थी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया था। तब से आरोपी अभिरक्षा में चल रहा है। जमानत अर्जी में कहा गया कि उसने गौरव सिंह के साथ मिलकर कोई आपराधिक षडयंत्र नहीं किया है और ना ही फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कोई एनओसी जारी कराई है। इसके अलावा उसने एनओसी जारी कराने की एवज में किसी को रिश्वत भी नहीं दी है। प्रार्थी ईएचसीसी अस्पताल का कर्मचारी मात्र है। वह चिकित्सकों व उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ऑपरेशन कराने की अनुमति के लिए सक्षम कमेटी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने का काम करता था। इसके अलावा उसका मरीजों से सीधा संपर्क भी नहीं होता है। अंग प्रत्यारोपण की हर फाइल संबंधित चिकित्सक की सिफारिश पर ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के पास भेजी जाती है। जहां डोनर व मरीज की जांच होने के बाद फाइल अंग प्रत्यारोपण विभाग के मैनेजर को मिलती है और उसके बाद एनओसी के लिए कमेटी के समक्ष आवेदन किया जाता है। इस प्रक्रिया में प्रार्थी का काम सिर्फ आवेदन करना और एनओसी प्राप्त करने का ही होता है। प्रकरण में उसे फंसाया गया है। इसके अलावा उसके कार्यालय से समस्त रिकॉर्ड जब्त हो चुका है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाए। जिसका सरकारी वकील की ओर से विरोध किया गया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

# दाधीच और बगड़ी को सौंपा तेलंगाना व आंध्र का जिम्मा

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के चुनाव प्रचार के लिए भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों को अन्य राज्यों की कमान सौंपी गई हैं। चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा, रैलियों और रोड शो के समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं की तैयारियों के लिए आंध्रप्रदेश में संचालन करना होगा। वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को तेलंगाना में बूथ मैनेजमेंट सहित जनसभाओं की तैयारियों का जिम्मा सौंपा गया है। इन दोनों नेताओं ने राजस्थान चुनाव के दौरान पीएम मोदी और गृहमंत्री सहित केंद्रीय नेताओं की सभाओं की तैयारियों में अहम भूमिका निभाई थी।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दोनों चरणों के मतदान के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी के चुनाव प्रबंधन की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की थी।

लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम एवं प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा आज जयपुर से उड़ीसा के लिए रवाना हो गये। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, ने बताया भाजपा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम एवं प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा सांगानेर एयरपोर्ट से उड़ीसा के लिए रवाना हो गये।

## भाजपा युवा मोर्चा का "एक परिंडा मेरा भी" अभियान आज से

**जयपुर।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के पानी की व्यवस्था के लिए "एक परिंडा मेरा भी" अभियान का आगाज 3 मई से किया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से अभियान के तहत प्रदेश भर में 1 लाख परिंड़े और 1 हजार पानी की टंकी लगाई जाएगी। पशु-पक्षियों के लिए परिंड़े लगाने के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से इनमें पानी डालने तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

चेची ने बताया कि ग्रीष्म काल प्रारंभ होने से गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी पीने हेतु युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संपूर्ण राजस्थान में 1 लाख से अधिक परिंडे लगाएंगे। 3 मई को राजधानी जयपुर से पक्षियों के लिए परिंड़े लगाकर "एक परिंडा मेरा भी" अभियान की शुरूआत की जाएगी। 17 मई तक चलने वाले इस अभियान में गैर सामाजिक संस्थाओं (एनजीओ) सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक स्थलों की समितियों, इनफ्लुएंसरो के व्यक्तियों को जोड़ कर उनको भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

# दोषी विधानसभा कर्मी को किया निलम्बित

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा जैसी उच्च गरिमामय संस्था के प्रतिकूल आचरण विहिन कृत्य करने पर प्रारम्भिक जांच में दोषी पाये गये, विधानसभा सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नितिन शर्मा को निलम्बित किया है। उल्लेखनीय है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शर्मा पर विधानसभा व अन्य भर्ती एजेन्सियों में नौकरी लगाने के नाम से रेखा शर्मा, अमित कुमार मीणा व कई अन्य व्यक्तियों से लाखों रुपये की राशि बेईमानी पूर्ण आशय से हड़पने के मामले में पुलिस थाना सांगानेर तथा कोटपूतली में फौजदारी प्रकरण का अन्वेषण लम्बित होने के तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए निलम्बित किया गया है।

देवनानी ने इस मामले को गम्भीरता से लिया। देवनानी की जानकारी में आने के बाद विधानसभा ने इस मामले की प्रारम्भिक जांच कराई।

# 'इथियोपिया में 600 दिव्यांगों को जयपुर फुट उपलब्ध कराएंगे'

**जयपुर, (का.सं.)।** अफ्रीकी देश इथियोपिया के प्रमुख शहर समेरा में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयासेग से इथियोपियाई विकलांगों के पुनर्वास के लिये जयपुर फुट का शिविर आरंभ हुआ। इस शिविर में 600 द्विव्यांगों को नि:शुल्क कृत्रिम पैर, जयपुर फुट उपलब्ध कराए जाएंगे।

भारत सरकार और भगवान महावीरा विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के आयोजन में विदेश मंत्रालय के "इंण्यिज फॉर ह्यूमैनिटीज" कार्यक्रम के अन्तर्गत यह 50 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया हैं। इस शिविर के लिये बी.एम.वी.एस.एस.के कार्यकारी अध्यक्ष और विदेश मामलों के निदेशक के सतीश मेहता के नेतृत्व में इथियोपिया एक दल गया हुआ है।




समेरा विश्वविद्यालय अस्पताल में इस विशेष शिविर के आयोजन के उद्घाटन समारोह में हमें इथियोपिया भारत के राजदूत भारत के राजदूत अनिलराय ने कहा कि इथियोपिया और भारत के बीच मित्रता को यह शिविर और मजबूत बनाएगा। राय ने कहा कि पूर्व में संस्था ने वर्ष 2019 में इथियोपिया की राजधानी अदिसअबाबा में इसी प्रकार के शिविर का आयोजन किया था, जिसमें 638 विकलांगों को लाभांवित किया गया।

दलनायक सतीश मेहता ने बताया कि पूर्व में 2016 में टिगरे क्षेत्र के मैकेल शहर में आयोजित शिविर में 400 लाभार्थी रहे। वर्ष 2017 में हरमाया विश्वविद्यालय में आयोजित शिविर में 377 विकलांगों को कृत्रिम पैर जयपुर फुट लगाया गया। इन शिविरों के आयोजन में भारत की एक कंपनी जे.एम.सी.ने सहयोग दिया। अब तक इथियोपिया में 1258 विकलांगों को लाभांवित किया जा चुका है।

उद्घाटन समारोह में हमे राजदूत अनिलराय ने कहा कि "इण्डिया फॉर ह्यूमैनिटीज" कार्यक्रम जो विदेश मंत्रालय ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंजी के अवसर पर आरंभ किया गया था, बहुत सफल सिद्ध हो रहा है।

इस अवसर पर मेरा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डी.आर.मुहम्मदउसमान, इथियोपिया के महिला और समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि एम.आर.असालीफीवअमेदीन आदि ने जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक:- एफ 55 ( ) वि. जोन/न.नि.ज. (ग्रे)/2024/28 दिनांक:15.04.2024

**सार्वजनिक सूचना**

भूखण्ड संख्या 131 कैलाश नगर झोटवाडा (खुदाबादी सोनार) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती उछव कंवर पत्नि श्री पृथ्वी सिंह को क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में मूल आवंटी की मृत्यु के बाद आवेदक श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री पृथ्वी सिंह ने पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्तभूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त
(विद्याधर नगर जोन) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**मैक्सवैल हॉस्पिटल** दूध मंडी चौराहा, पीतल फैक्ट्री के पास, झोटवाड़ा रोड, जयपुर 302016
0141-2283683, 9982360099, 9829121603

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा आम जन को सूचित किया जाता है कि इस अस्पताल में वर्ष 2014, 2015, 2016, 2017, 2018 के दौरान इंडोर मरीजों के मेडिकल रिकार्ड को नष्ट किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर डॉ अर्पित शर्मा (निदेशक) से उपरोक्त नम्बर पर सपंर्क कर सकते है।

आज्ञा से
डॉ. एल. सी. शर्मा (चेयरमैन)

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम राजीव से बदलकर राजीव सिंह राणा पुत्र श्री डोरी सिंह रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता-66, उदय नगर-ए, निर्माण नगर, श्याम नगर, जयपुर (राज.)

मैंने अपना नाम मदीना बैगम (Madina Begum) पत्नि रफीक मोहम्मद (Rafiq Mohammed) एवं पुत्री बुन्दू खान (Bundu Khan) से बदलकर मदीना (Madina) पत्नि मोहम्मद रफीक (Mohammed Rafiq) एवं पुत्री बुन्दू (Bundu) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।

यह कि मेरे पुत्र विशाल तीरवाल का विद्यालय में प्रवेश करवाते समय सहवन से पिता का नाम रघुनाथ लिखवा दिया था जबकि मेरे आधार कार्ड सं. 299901888434 में मेरा नाम रूपनारायण अंकित है जो कि सही व सत्य है और अब मुझे अपने पुत्र विशाल तीरवाल के स्कूल रिकार्ड में पिता का नाम रघुनाथ की जगह रूपनारायण करवाना आवश्यक हुआ है। रूपनारायण पुत्र छोटूराम जाति जाट निवासी ग्राम कन्देवली तहसील फुलेरा जिला जयपुर ग्रामीण, राजस्थान

I have changed my name from Vijay Kumar to Man Bahadur Mungrati S/o Balbadra Kumar. In future I should be known by this name. Address:- B- 92, Hathroi Bawadi Ajmer Road, Jaipur.

**आम सूचना** समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक: 26.05.2024 को समिति के सब कार्यालय एस-2 किंग स्ट्रीट लाल बहादुर नगर दुर्गापुरा जयपुर पर प्रात: 10 बजे आयोजित होगी। इसमे प्रबन्ध कारणी के कार्यकलापों ऑडिट रिपोर्ट अनुपालना, लेखा-जोखा एवं आसन की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार कर निर्णय पारित किया जायेगा। अत: सभी सदस्य बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। कोरम के अभाव मे सभा कुछ घण्टे या सात दिवस के लिए स्थगित की जायेगी। अध्यक्ष
रामजीपुरा हाऊसिंग को ऑपरेटिव सोसायटी लि. जयपुर मो. 94140-55473

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नं. 450 सेक्टर-1, विद्याधर नगर, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर है को बैंक ऑफ इण्डिया से अर्चना खण्डेलवाल पुत्री विजय गुप्ता ने सेल सर्टिफिकेट के जरिए पब्लिक ऑक्शन में खरीद किया गया है। मेरा अभिभाष्य सन्नी पहलाजवानी पुत्र महेश पहलाजवानी उक्त सम्पति को अर्चना खण्डेलवाल से खरीद करने हेतु ए.डी.एफ.सी. बैंक लि. में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहता है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पति के बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक- 02.05.2024 मो.नं. 9829256466

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. निविदा संख्या: EL/50/02/2024-25; 2. कार्य का नाम व स्थान: Up gradation and improvement of Power Supply Network to improve operational efficiency and reliability of existing power supply system at Ajmer group of Workshop. 3. अनुमानित लागत: रुपये Rs. 9802318.48; 4. बयाना राशि: Rs. 196100.00 5. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय ई-निविदा खोलने की तारीख एवं समय: 24.05.2024 at 15:00 Hrs. एवं 24.05.2024 at 15:30 Hrs; 6. वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई- निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है: www.ireps.gov.in 515-AD/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

## आम सूचना

आमजन को सूचित रहे कि मेरे अभिभाष्य रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री विष्णु चन्द शर्मा निवासी म.नं. एस-17, सरस्वती नगर, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) ने खसरा नम्बर-200 रकबा 4.1600 हेक्टेयर, किस्म चाही 3 कुल रकबा स्थित ग्राम चारणवास उर्फ काली पहाडी, पटवार क्षेत्र राजपुवासताला भू.अ.नि. क्षेत्र ताला तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर की कृषि भूमि में से 7 बीघा भूमि खातेदार नरेन्द्र कुमार पाटोदिया पुत्र स्व. श्री चिरंजीलाल व महेश कुमार पुत्र स्व. श्री हरिनारायण निवासी ग्राम काली पहाडी, चारणवास तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर से 42,50,000/- रूपये प्रतिबीघा के हिसाब से जरिये इकरारनामा खरीद कर रखी है इस सम्बन्ध में उपरोक्त खातेदारों ने मेरे अभिभाष्य से 12,50,000/- रूपये जरिये चैक/नकद प्राप्त कर 500/- रूपये के स्टाम्प पर अपने हस्ताक्षर गवाहों की उपस्थिति में कर मेरे अभिभाष्य के पक्ष में निष्पादित कर रखा है जिसमें विक्रेतागण (नरेन्द्र कुमार एवं महेन्द्र कुमार) ने यह स्वीकार किया है कि वह न्यायालय से स्थगन आदेश को समाप्त करवाकर विक्रय की गई भूमि की रजिस्ट्री मेरे अभिभाष्य के पक्ष में बकाया राशि प्राप्त कर विक्रय पत्र निष्पादित कर देंगे, लेकिन अब विक्रेता नरेन्द्र कुमार एवं महेन्द्र कुमार के मन में बदनियति आ गई है। इसलिये वह मेरे अभिभाष्य के पक्ष में किये गये इकरारनामा बिचौती को विधि विरूद्ध ढंग से निरस्त करने का नोटिस भेजा है जिसका उन्हें कोई अधिकार नहीं है तथा इकरारनामा बिना न्यायालय के आदेश के निरस्त नहीं हो सकता है इसलिये इकरारनामा मेरे अभिभाष्य के पक्ष में अस्तित्व में है। अत: सूचित रहे कि यदि कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि उक्त भूमि को उपरोक्त विक्रेतागण से खरीद करेगा तो ऐसा खरीद संव्यवहार मेरे अभिभाष्य के अधिकारों के प्रति प्रारम्भत शून्य एवं अवैध होगा। सूचित रहे।

(सुबोध कुमार शर्मा)
एडवोकेट्स
मो. 9414287669

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 34/2024

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी गोविन्द भगतानी अध्यक्ष ने पंजीकृत प्रन्यास सी.बी.एल. मैमोरियल ट्रस्ट, 43, अशोक विहार, अम्बाबाडी, झोटवाडा जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 466 जयपुर 2014 है, के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत न्यास के पूर्व अध्यक्ष पंकज अग्रवाल द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कारण स्वयं का नाम अध्यक्ष के रूप में प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 03.06.2024

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
नाम- न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, क्रम-4, जयपुर महानगर, प्रथम
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल विरुद्ध रामबाबू अग्रवाल व अन्य
CMC Relitd 81/18
वाद/प्रार्थना-पत्र
प्रार्थना पत्र संख्या सन्

बनाम- 1/1. श्रीमती कृष्णा धर्मपत्नि स्व. रामबाबू निवासी 364, महावीर नगर, टोंक रोड, जयपुर, 1/2 प्रेरणा अग्रवाल पुत्री स्व. रामबाबू पत्नि दीपक अग्रवाल निवासी 131, बरकत नगर, टोंक रोड, जयपुर, 1/3 प्रीति अग्रवाल पुत्री स्व. रामबाबू पत्नि डॉ. संकल्प मित्तल निवासी 604, निर्माण नगर ए-बी, अजमेर रोड, जयपुर, 2/1/1. पूनमन्द गुप्ता पुत्र स्व. उमरावमल गुप्ता पत्नि रामदूलारी, 2/1/2. विपिन गुप्ता पुत्र श्री पूनमचन्द गुप्ता, 2/1/3. भावना पुत्री पूनमचन्द गुप्ता, 2/1/4. रचना पुत्री पूनमचन्द गुप्ता निवासीगण सनराईज पाम अपार्टमेंट, सीकर रोड, जयपुर, 2/2. श्रीमती पुष्पा अग्रवाल पत्नि प्रहलाद गोयल निवासी सिटी पल्स, नारायणसिंह सर्किल, टोंक रोड, जयपुर, 3. पीयूष अग्रवाल पुत्र स्व. रामबाबू अग्रवाल निवासी 364, महावीर नगर, टोंक रोड, जयपुर

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। कि....

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 29 माह 05 सन् 2024 को न्यायालय समय पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 30 माह 04 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर/शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम-4, जयपुर महानगर प्रथम

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका किशनगढबास, खैरथल-तिजारा**

क्रमांक-333 (नियम 6(7) देखिए) दिनांक-02.05.2024

**लोक सूचना**

श्री मक्खूराम, मनोहरी, भूरजीराम और बनेसिंह पुत्रान श्री भूलाराम मेघवाल निवासी बासडा किशनगढबास ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने-अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| किशनगढबास खैरथल-तिजारा | दयालपुर हल्का पटवार कि.बास | 313/250 | 0.8700 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 02.05.2024 को जारी की जाती है।

प्राधिकारी अधिकारी, नगरपालिका किशनगढबास

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, अजमेर व जयपुर से चुराई बाइक बरामद

## आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी की 19 मोटरसाईकिलें बरामद की

**अजमेर, (कासं)।** शहर में चोरी नकबजनी, लूट व सम्पति संबंधी अपराधों की रोकथाम, वाहन चोरी की वारदातों पर अकुंश लगाने व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई के दिशा निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए क्लॉक टावर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के कब्जे से चुराई गई 19 मोटरसाइकिलें भी बरामद की है। आरोपी ने अजमेर सहित जयपुर के कई थाना क्षेत्रों में वारदात अंजाम देना कबूला है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर अनुसंधान में जुटी है।



अजमेर की क्लॉक टावर थाना पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिलें बरामद की।

- पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले

सिटी एडिशनल एसपी दुर्ग सिंह ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि क्लॉक टावर थाने 29 अप्रैल को प्रार्थी मुकेश पुत्र छोटूलाल रेगर निवासी जेठाना हाल जवाहर की नाडी चन्द्रवरदाई नगर ने एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि 24 अप्रेल को किसी कार्य से मार्टिण्डल ब्रिज के पास एलजी शोरूम के सामने अपनी मोटरसाईकिल खड़ी की थी, जब वापस आया ता मोटरसाईकिल वहां नहीं मिली। अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया कर सीसीटीवी फुटेज का गहनता से अवलोकन कर फुटेज में दिखे हुलिये के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश आरम्भ की तथा सादा वस्त्रों में टीम बनाकर तलाश हेतू जगह-जगह लगाये गए।

एएसपी दुर्ग सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़े के लिए एसपी विश्नोई के दिशानिर्देशों पर टीक का गठन किया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर शातिर वाहन चोर को चोरी गई मोटरसाईकिल के साथ डिटेन किया व थाने लाकर पूछताछ कर आरोपी अनिल कुमार वर्मा पुत्र छीतरमल निवासी बलाईयों का मोहल्ला साकून पुलिस थाना नरैना जिला जयपुर को प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में शातिर वाहन चोर चोरी की गई मोटरसाईकिल को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में घूम रहा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अजमेर शहर व जयपुर के कई थाना क्षेत्रों में मोटरसाईकिलें चोरी करना कबूल किया।

# महिला पार्षद, पार्षद पति सहित अन्य पर अवैध वसूली के आरोप

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र के नगरा स्थित एक भवन निर्माण कार्य करवाने की एवज में अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत देते हुए वार्ड की महिला पार्षद, पार्षद पति सहित अन्य पर अवैध राशि वसूली के आरोप लगाए हैं। रकम नहीं देने पर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर निर्माण कार्य रुकवाने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया, निर्माण कार्य करवाने की एवज में अवैध वसूली का आरोप

अलवर गेट थाना क्षेत्र नगरा निवासी पीड़ित रविंद्रपाल सिंह छाबड़ा ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए वार्ड की महिला पार्षद लक्ष्मी बुंदेल, अन्य महिला पार्षद के पति ईश्वर राजोरिया सहित अन्य लोगों के खिलाफ अवैध वसूली करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित छाबड़ा ने बताया कि वर्ष 2017 में अपनी जमीन पर चारदीवारी का निर्माण करवाना शुरू किया था, जिसे आरोपियों ने अन्य स्थानीय लोगों के साथ मिलकर रोकने का प्रयास किया। पुन: जनवरी 2024 को अपने निर्माण कार्य को शुरू किया तो महिला पार्षद लक्ष्मी बुन्देल ने निर्माण कार्य की एवज में अनाधिकृत राशि की मांग की। छाबड़ा ने कहा कि महिला पार्षद को रकम देने से इंकार कर दिया। जिस पर पार्षद ने पुलिस, नगर निगम सहित एडीए को शिकायत कर दी।

**धमकी और समझौते का बनाया दबाव :-** पीड़ित छाबड़ा ने बताया कि पार्षद के कहने पर अलवर गेट थाने से दो पुलिस वाले आए और ठेकेदार को काम बंद करवाने की धमकी दी गई, लेकिन काम बंद करने से मना कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसी दिन एक व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि वह महिला पार्षद को 5 लाख या दुकान दे दे तो वह किसी प्रकार का विरोध नहीं करने के लिए उन्हें समझाकर चुप करवा देगा, लेकिन उसने उस व्यक्ति को भी पैसे देने से मना कर दिया।

पीड़ित छाबड़ा ने आरोप लगाते हुए बताया कि दूसरे दिन आरोपियों ने आपसी मिलीभगत कर अन्य लोगों को भडक़ते हुए उसकी निजी संपत्ति को मंदिर परिसर की संपत्ति बताते विरोध किया। बाद में निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया, इसके साथ ही उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई। उसने इसकी शिकायत अलवर गेट थाने में दी लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने बताया कि महिला पार्षद लक्ष्मी बुन्देल और अन्य महिला पार्षद के पति ईश्वर राजोरिया ने उसकी जमीन को मंदिर संपत्ति बताते हुए स्थानीय लोगों को भडक़ा रहे हैं। साथ भीड़ का फायदा उठाकर उसकी संपत्ति पर जाकर तोड़फोड़ की गई। पुलिस में शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने कहा कि उसे परेशान किया जा रहा है। इसके बाद उसने कोर्ट के जरिए थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं अन्य महिला पार्षद पति ईश्वर राजोरिया ने मामले में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सार्वजनिक संपत्ति का मामला है, मंदिर विकास समिति की जमीन है, जिस पर अवैध निर्माण और फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा किया गया है। क्षेत्रवासियों ने इसकी शिकायत उन्हें दी थी। मामले में प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया था, जिसके निर्माण कार्य का काम बंद करवाया गया। उसके बाद ही उन पर झूठे आरोप लगाये जा रहे हैं। वहीं मामले में जब महिला पार्षद लक्ष्मी बुन्देल से फोन जानकारी लेनी चाही, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हंगामा

**भरतपुर, (निसं)।** मथुरा गेट थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हंगामा हो गया। हंगामे की सूचना पर सीओ सिटी सुनील प्रसाद, मथुरा गेट थाना अधिकारी करण सिंह राठौड़, कोतवाली थाना अधिकारी रूपराम पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा शांत कराया। फिलहाल नगर निगम के द्वारा स्थिति की जांच की जा रही है।

मथुरा गेट थाना क्षेत्र में काफी समय से आरबीएम अस्पताल के सामने की जमीन पर विष्णु बंसल व डॉ. जगवीर का विवाद चल रहा है। इस जमीन पर विष्णु बंसल के द्वारा चारदीवारी का कार्य करवाया जा रहा था। जिस पर डॉ. जगवीर पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया। जिस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर सीओ सिटी सुनील प्रसाद, मथुरा गेट थाना अधिकारी करण सिंह राठौड़, कोतवाली थाना अधिकारी रूपराम पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा शांत कराया। जहां विष्णु बंसल के द्वारा पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों को जानकारी दी कि वह इस जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने उसके पक्ष में फरवरी 2024 में फैसला सुनाया है इसलिए चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं डॉ. जगवीर सिंह का कहना है कि इस जमीन को लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है। जिसकी आगामी जुलाई में सुनवाई होनी है। ऐसे में जमीन पर निर्माण कार्य कराना सही नहीं है। फिलहाल अधिकारी दोनों पक्षों के कागजातों की जांच में जुटे हुए हैं।

# खेत में बनी डिग्गी में नहाने उतरे चार बच्चे, दो चचेरे भाइयों की मौत

## पदमपुर के गांव 5 ईईए में हुआ हादसा, बकरियां चराने गए थे

**पदमपुर, (निसं)।** क्षेत्र के गांव 5 ईईए में बड़ा हादसा हो गया। वहां खेत में बनी डिग्गी में नहाने के लिए उतरे चार बच्चों में से दो की डूबने से मौत हो गई। श्रमिक परिवार से जुड़े दोनों बच्चे चचेरे भाई बताए जा रहे हैं।

- श्रमिक परिवार से जुड़े दोनों बच्चे चचेरे भाई बताए जा रहे हैं

जानकारी अनुसार गांव 5 ईईए के श्रमिक परिवारों के पांच बच्चे बकरियां चराते हुए खेत में बनी के नजदीक चले गए। दोपहर में तेज गर्मी के चलते इनमें चार बच्चे नहाने के लिए पानी में उतर गए। इस दौरान शोर सुनकर बाहर खड़े बच्चे ने वहां पड़ी एक रस्सी को डिग्गी में फेंका। इसे पकड़कर दो बच्चे किसी तरह डिग्गी से बाहर से निकल आए लेकिन गहराई में जाने से अन्य दो बच्चे बाहर नहीं निकल सके। यह देख बाहर खड़े बच्चे ने शोर किया तो वहां अन्य लोग एकत्र हो गए। वहां पहुंचे लोगों ने मशक्कत कर दो बच्चों हरीश (15) पुत्र शंकरलाल नायक और सागर (11) पुत्र सुभाषचंद नायक को बाहर निकाला और बचाव के प्राथमिक प्रयासों के बाद उन्हें सीएचसी पर ले जाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दोनों बच्चों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। श्रमिक परिवारों से जुड़े दोनों बच्चों की मौत का समाचार सुनकर ग्रामीणों में शोक छा गया।

डिग्गी में डूबे दोनों बच्चों को बचाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन विफल रहा। जानकारी अनुसार डिग्गी में से बच्चों को निकालने के लिए पानी में रस्सी डालने के साथ ग्रामीण खुद भी पानी में उतर गए और मशक्कत कर बच्चों को बाहर निकाला। इस दौरान मौके पर उन्होंने बच्चों की सांस वापस लाने के लिए कई प्रयास किए लेकिन विफल रहे। उधर, पदमपुर थाने के एसएचओ सुरेंद्र राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाकर बच्चों के शव परिजन को सौंप दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि श्रमिक परिवार से जुड़े बच्चे घर की बकरियों को ही चराने के लिए निकले थे।

# लापता कोचिंग छात्रा पंजाब से दस्तयाब

**कोटा, (निसं)।** शहर के अनंतपुरा थाना इलाके में पीजी में रहकर नीट यूजी की तैयारी कर रही यूपी के कुशीनगर निवासी छात्रा पिछले दिनों लापता हो गई थी। करीब 10 दिन की तलाश के बाद पुलिस ने छात्रा को दस्तयाब कर लिया है। छात्रा पंजाब से दस्तयाब की गई है। कोचिंग छात्रा ने पूछताछ में बताया कि उसने ज्यादातर समय वृंदावन में ही बिताया है।

कोटा सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि उत्तरप्रदेश के कुशीनगर नगर निवासी 21 वर्षीय छात्र तृप्ति सिंह गोबरिया बावड़ी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक पीजी में रहती थी। वह 21 अप्रैल को कोचिंग के लिए पीजी से निकली थी जिसके बाद वापस नहीं आई। उसके पीजी रूम की तलाशी लेने पर वहां सुसाइड नोट भी मिला था। इस संबंध में पीजी संचालिका ने 23 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज की थी। तृप्ति की तलाश में पुलिस टीम मुस्तैदी से जुट गई। उसके परिजनों से भी बातचीत की गई थी। छात्रा की तलाश में चंबल नदी में गोताखोरों ने अभियान भी चलाया था। अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिस कॉपी में सुसाईड नोट लिखा था वहां पर तृप्ति ने राधा-कृष्ण भी लिखा था। उसके मोबाइल डिटेल के अनुसार उसके वृंदावन जाने की पुष्टि हुई। ऐसे में टीम को वृंदावन और मथुरा भेजा गया। यहां पुलिस को सूचना मिली कि तृप्ति वहां से लुधियाना गई है। इसके बाद पंजाब के लुधियाना से तृप्ति को दस्तयाब किया गया और परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

# पिकअप और ट्रैक्टर की भिड़ंत में एक की मौत, आठ घायल

- छह की हालत गंभीर होने पर नीमकाथाना व झुंझुनूं किया रैफर
- परिवारजन शोक सभा में शामिल होने नीमकाथाना से भिटेरा आए थे

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के बडाऊ के पास गुरूवार दोपहर को एक पिकअप और ट्रैक्टर की भिडंत हो गई। इस दौरान हुए हादसे में पिकअप में सवार करीब आठ लोग घायल हो गए। हादसे में छह जनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें नीमकाथाना व झुंझुनूं रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार पंडाली की ढाणी तन महुवा नीमकाथाना के रहने वाले सीआरपीएफ में कार्यरत रघुवीर सिंह अपने ससुराल भिटेरा में एक महिला की मौत होने पर शोक व्यक्त करने के लिए पिकअप गाड़ी में परिवार के लोगों के साथ आए थे। जब वह शोक सभा में शामिल होने के बाद वापस अपने गांव जा रहे थे तो बडाऊ पंचायत के रामनगर के पास ट्रैक्टर से पिकअप की टक्कर हो गई। इस दौरान हादसा होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा हादसे में घायलों को बडाऊ के सामुदायिक अस्पताल में पहुंचाया गया। इस दौरान हादसे में घायल पप्पू, सतवीर, मोहनलाल, ओमप्रकाश, तुलसी देवी की हालत गंभीर होने पर उन्हें नीमकाथाना तथा रघुवीर सिंह को झुंझुनूं रैफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसके अलावा अन्य घायलों को हल्की चोटें होने पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से सड़क निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। हादसे में टक्कर लगने वाला ट्रैक्टर सड़क का निर्माण कार्य कर रहा था। इस दौरान सवारी भरकर आ रही पिकअप के अनियंत्रित हो जाने से ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे में गंभीर चार घायल पिकअप गाड़ी के ऊपर बैठे हुए थे, जिसके चलते उनको गंभीर चोटें आई है। हादसे के दौरान ट्रैक्टर व पिकअप गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना पर खेतड़ीनगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई।

थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि रामनगर में गौशाला के पास ट्रैक्टर व पीकअप गाड़ी की टक्कर लगने से हादसा हुआ है। एक रघुवीर सिंह नाम के व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में रैफर गया था, जिसकी मौत हो गई है। अभी ओर घायलों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हादसा का मुख्य कारण जानने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी फर्म बनाकर रकम हड़पी

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फर्जी फर्म बनाकर मार्बल ग्रेनाइट की रकम हड़पने के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीसांगन निवासी पीड़ित किशन वैष्णव ने एडवोकेट रुपेश शर्मा के जरिये अदालत में जाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बजरंग कॉलोनी में रहने वाले राजू पुत्र सुवादास व इसका भाई भगवानदास ने अक्टूबर, दिसम्बर 2023 सहित जनवरी 2024 में करीब 58 लाख रूपये का नौ गाड़ी ग्रेनाइट बतौर उधार क्रय किया गया था, किंतु दोनों भाईयो ने समय अवधि निकल जाने के वावजूद भुगतान नहीं किया। इस बीच पीड़ित द्वारा फर्म के बारे में जानकारी करने पर पैरों तले जमीन खिसक गई कि आरोपियों ने श्याम ग्रेनाइट नाम से फर्जी फर्म बना ली। धोखाधड़ी सामने आने पर तत्काल न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई।

# सूने मकान से चार लाख रूपए सहित लाखों के गहने चोरी

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे में चोरों ने बुधवार को एक निजी कॉलेज संचालक के घर में दिनदहाडे चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर चार लाख रूपए नगद सहित लाखों रूपए के गहने लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची खेतड़ी पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया, लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

- चोरों ने दिनदहाड़े कॉलेज संचालक के घर में वारदात को अंजाम दिया

पुलिस के मुताबिक वार्ड 17 निवासी मनोज कुमार वर्मा ने रिपोर्ट दी कि वह जसरापुर में निजी कॉलेज का संचालन करता है। रोजाना की तरह सुबह करीब साढे दस बजे अपनी पत्नी के साथ कॉलेज चले गए थे, वहीं उनके बच्चे स्कूल गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने घर को सूना देखकर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। जब बच्चे स्कूल से लौटे तो घर के ताले टूटे थे तथा सामान भी बिखरा हुआ था। इस दौरान बच्चों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो वह मौके पर पहुंचे और घर में रखे सामान की तलाशी ली तो सामने आया कि कॉलेज की फीस के लिए रखे चार लाख रुपए नगद व करीब दो लाख रुपए गहने सहित अन्य सामान गायब मिला। इस दौरान चोरी होने की सूचना उन्होंने पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई।

इस दौरान आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि तीन व्यक्तियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसमें एक व्यक्ति निगरानी कर रहा था तथा दो व्यक्ति घर में घुसकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर मौका निरीक्षण किया गया है। पीड़ित की ओर से चार लाख रुपए नगद और गहने ले जाने की रिपोर्ट दी गई है। पुलिस की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। सीसीटीवी फुटेज में तीन युवको के वारदात को अंजाम देने की बात सामने आई है, जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# फर्जी दस्तावेज से कृषि भूमि बेचने वाला गिरोह पकड़ा

## गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की पहचान कर रही है पुलिस

**टिब्बी, (निसं)।** फर्जी दस्तावेज, फर्जी जमीन मालिक तथा फर्जी गवाह बनाकर किसी अन्य किसान की कृषि भूमि को बेचकर लाखों की ठगी करने वाला एक गिरोह स्थानीय पुलिस के हत्थे चढ़ा है। गिरोह के सदस्य हरियाणा के एक किसान को फर्जी दस्तावेजों व जमीन के फर्जी मालिक से कृषि भूमि की खरीद दिखाकर लाखों रूपए की ठगी करने के प्रयास में थे। पुलिस गिरोह के चार सदस्यों को पकड़कर उनसे पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की पहचान कर रही है। हालांकि गिरोह के सदस्यों को पकड़वाने में गिरोह से कृषि भूमि की खरीद कर रहे किसान की जागरूकता काम आ गई इससे किसान लाखों की ठगी से बच गया साथ ही गिरोह के सदस्य भी पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

थानाधिकारी जगदीश प्रसाद पांडर के अनुसार आदराम नायक निवासी गांव बाहिया तहसील राणियां (हरियाणा) को क्षेत्र में कृषि भूमि खरीद करनी थी। इसको लेकर वह कृषि भूमि के सौदे करवाने वाले जीतराम पुत्र कुरडाराम मेघवाल निवासी ढुढियावाली तहसील राणियां से मिला तो उसने सूरेवाला निवासी दलाल मंगत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह के बारे में जानकारी दी। जिससे मिलने के लिए वह, विनोद खींचड निवासी बाहिया व जीतराम 24 अप्रेल को सूरेवाला पहुंचे।

जहां पर मंगत सिंह ने पन्नीवाली के चक 30 एनजीसी की 5 बीघा जमीन बिकाउ होने के बारे में बताया तथा कहा कि जमीन मुख्तयार सिंह व हरनेक सिंह पुत्रगण बन्ता सिंह निवासी सूरेवाला की है, बाद में मंगत सिंह ने दो अन्य लोगों से यह कहकर मिलवाया कि ये मुखत्यार सिंह व हरनेक सिंह जमीन के मालिक है। बाद में चक 30 एनजीसी की प.नं. 171/254 के कि.नं. 16,17, 18,19,20 की जमीन व जमाबन्दी दिखाई तथा पन्नीवाली गांव में एक घर में ले गए जहां चार-पांच अन्य लोगों के सामने उक्त जमीन का सौदा 43 लाख 21 हजार में तय हुआ। मौके पर एक लाख रूपये साई तथा 30 अप्रैल को बैयनामा का इकरार एक सादे कागज पर किया गया।

इकरारनामा के अनुसार 30 अप्रैल को टिब्बी तहसील कार्यालय में जमीन का बैयनामा करवा रहे थे तो आदराम नायक ने जमीन मालिक मुख्तयार सिंह व हरनेक सिंह के पहचान सम्बन्धी दस्तावेज आधार कार्ड देखे व उनकी जांच की तो पता चला कि दोनों व्यक्तियों ने फर्जी आधार कार्ड बना रखे है। इनके साथ बलविन्द्र सिंह निवासी 3 जीजीआर, राजुसिंह निवासी सूरेवाला, याकूब निवासी सूरेवाला, पप्पु खां निवासी टिब्बी व सुखदेव सिह निवासी ढोबरियां भी थे।

आरोपियों ने दस्तावेज सही बताते हुए लिखापढ़ी करवाने का दबाव बनाया लेकिन असली दस्तावेज मांगने पर आनाकानी करने लगे। इस दौरान किसान आदराम ने इसकी सूचना टिब्बी थाने में दे दी जिसके चलते मौके पर पहुंची पुलिस ने राजू सिंह पुत्र अमरजीत सिंह रायसिख निवासी सूरेवाला, याकूब पुत्र शोकत निवासी सूरेवाला, पप्पू खा पुत्र यासीन खां निवासी सूरेवाला व जीतराम पुत्र कुरडाराम निवासी ढूढियावाली को पकड़ लिया जबकि अन्य फरार हो गए।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में पथराव, पुलिस पर भी पत्थर बरसाये

## पुलिस ने भी हल्का बल प्रयोग किया, जिसमें एक नाबालिग सहित कुछ लोग घायल हो गए

**भुसावर, (निसं)।** पेट्रोल पम्प की जमीन पर निर्माण कार्य का विरोध करने पहुंचे ग्रामीणों ने गुरुवार को पुलिस पर पथराव कर दिया, इससे अफरा-तफरी मच गई। जवाबी कार्रवाई ने पुलिस ने भी हल्का बल प्रयोग किया, जिसमें एक नाबालिक सहित कुछ लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

घटना भरतपुर के भुसावर स्थित हिंडन रोड पर मन्नू वाली हनुमान मंदिर के पास दोपहर 12 बजे हुई, जहां ग्रामीण पेट्रोल पंप के निर्माण को लेकर ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस की कार्रवाई के बाद गुस्साए लोगों ने कार्यालय के पास हिंडौन सड़क मार्ग पर पत्थर और झाड़ियां डालकर जाम कर दिया साथ ही पुलिस पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा किया। मौके पर क्यूआरटी टीम वैर भुसावर हलेना थाने के 100 से अधिक पुलिस के जवान तैनात हैं और ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया जा रहा है। मामले में नगर पालिका अध्यक्ष पालिका अध्यक्ष नेवी जमीन के विवाद में जांच शुरू कर दी है।




हंगामे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस जाब्ते ने स्थिति को संभाला।

- जमीन पर पेट्रोल पंप के लिए निर्माण कार्य का लोगों ने विरोध कर काम बंद कराने का प्रयास किया

भुसावर एसएचओ सुनील गुप्ता ने बताया भुसावर के हिंडौन रोड पर मन्नू वाली हनुमान मंदिर के सामने जमीन पर पेट्रोल पंप के लिए गुरुवार सुबह निर्माण कार्य शुरू किया था। जिसकी सूचना के बाद जमीन के मालिक मूलचंद सैनी के परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए काम बंद करने का प्रयास किया। सूचना के बाद पुलिस जाब्ते के साथ पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन कार्यों को खरीदने का प्रयास किया तो गुस्साए लोगों ने पथराव किया।

पुलिस ने बताया कि घाटरी के पूर्व सरपंच कप्तान के नाम पेट्रोल पंप अलॉट हुआ था। पूर्व सरपंच ने मूलचंद सैनी से 20 साल के लिए जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद पट्टा लेकर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई के बाद कलेक्टर से एनओसी लेकर पेट्रोल पंप आवंटित कराया था। कप्तान ने शिकायत की थी कि कुछ लोग कुछ लोग पेट्रोल पंप का कार्य नहीं करने दे रहे हैं। इसी वजह से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और समझाइस का प्रयास किया। गब्बर सैनी ने बताया कि पूर्व सरपंच जमीन पर कब्जा कर पेट्रोल पंप लगाना चाहता है। फर्जी तरीके से मूलचंद सैनी की जमीन पर पट्टा बनवा लिया। नगर पालिका में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई 2 महीने पहले फिर भी कराई थी। लेकिन कुछ नहीं हुआ जमीन पर निर्माण कार्य का विरोध करने पहुंचे तो पुलिस ने मारपीट की।

# एनफोर्समेंट एजेंसियों ने बीते 2 माह में राजस्थान में 1031 करोड़ रु. की अवैध सामग्री जब्त की

## लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले 1 मार्च से प्रदेश में शुरू हो गई थी सख्ती

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में 1000 करोड़ रूपए की कीमत से अधिक की जब्तियां की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग-अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। गत 1 मार्च से अब तक प्रदेश में 1000 करोड़ रूपए से अधिक की जब्ती की गयी है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 900 करोड़ रुपये से ज्यादा है। गत 1 मार्च से अब तक राजस्थान के 12 जिलों में 35-35 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।

उन्होंने बताया कि जालौर में 68.05 करोड़, जोधपुर में 47.38 करोड़, चूरू में 43.51 करोड़, श्रीगंगानगर में 42.39 करोड़, भीलवाड़ा में 41.97 करोड़ और जयपुर में 41.36 रु. की अवैध सामग्री जब्त की गई है। इसी प्रकार पाली में 39.67, डूंगरपुर में 39.32, दौसा में 38.54, उदयपुर में 36.35, बाड़मेर में 36.71 और झुंझुनूं में 36.55 करोड़ मूल्य की अवैध सामग्री पकड़ी गई है।

> ■ 12 जिलों में 35 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नशीली दवा, शराब, कीमती धातु, वस्तुएं और नकद राशि जब्त की गई

गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च से अब तक लगभग 40 करोड़ रुपये नकद, 179.67 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, 45.94 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की शराब और लगभग 51.56 करोड़ रुपये मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 680.02 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 90 लाख रुपये मूल्य की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेश भर में आचार संहिता की अवधि के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# जे.डी.ए. ने अजमेर पुलिया चौराहे से सोडाला तक हटाए 125 अतिक्रमण

## करीब 4 किलोमीटर क्षेत्र में कार्रवाई कर सड़कों से थड़ी-ठेले, तिरपाल, होर्डिंग-साइन बोर्ड को हटाया



**जयपुर** (कासं) । जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने गुरूवार को अजमेर पुलिया चौराहे से सोडाला तक करीब 4 किलोमीटर क्षेत्र में कार्रवाई कर 125 कच्चे-पक्के अतिक्रमणों को हटाया। राजभवन से 200 फीट जाने वाली रोड पर अवैध रूप से सडक पर लगाई गई थडी-ठेले, तिरपाल, होर्डिग, साइन बोर्ड को हटाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम महापुरा के खटवाड़ा झाई रोड जयश्री पेरीवाल स्कूल के पास करीब 1 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया है। यहां पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन और बिना भू-रूपान्तरण करवाए जमीन समतल कर रातों-रात मिट्टी-ग्रेबल की सडकें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। इस पर प्रवर्तन दस्ते ने कार्रवाई कर अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल किया।

## डिमांड साइड मैनेजमेंट से बेहतर विद्युत आपूर्ति संभव

**जयपुर**, (का.सं.)। डिमांड साइड मैनेजमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की ओर से गुरुवार को जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं के क्षमता संवर्धन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जयपुर डिस्कॉम और आरआरईसीएल में कार्यरत अधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया । कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के निदेशक तकनीकी सुनीत माथुर द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुई। आरआरईसीएल के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि डिस्कॉम के माध्यम से ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी की ओर से यह पहल की गई है। इसके माध्यम से बेहतर विद्युत आपूर्ति संभव है। उन्होंने ऊर्जा की कुशलता के महत्व तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया। उन्होंने डिमांड साइड मैनेजमेंट के तरीकों और उसके वित्तीय लाभ पर चर्चा की ऊर्जा की बचत को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

# कुख्यात नकबजन को 2 हजार कि.मी. तक पीछा कर दबोचा



मुहाना पुलिस ने कुख्यात नकबजन रामखिलाडी को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात नकबजन रामखिलाडी मीणा को दो हजार किलोमीटर पीछा कर पकड़ा है। जानकारी में सामने आया है कि पुलिस ने उसकी पत्नी को भी हिरासत में लिया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पचास से अधिक नकबजनी की वारदातों को खुलासा किया है। पुलिस आरोपी से चुराए गए माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात नकबजन रामखिलाडी मीणा निवासी नैनवा जिला बूंदी को दो हजार किलोमीटर तक पीछा करते हुए पकडा है। आरोपित रामखिलाडी मीणा अपनी पत्नी के साथ किराए का कमरा मांगने के बहाने सूने मकानों की रैकी करता था और रात्रि में अकेला अपनी बाइक से चिन्हित मकानों में नकबजनी की वारदात करता था। आरोपित ने मुहाना, सांगानेर सदर, शिवदासपुरा, मालपुरा, सांगानेर, मालपुरा गेट इलाके में 50 से अधिक नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे भारी मात्रा में नकबजनी का माल बरामद होने की आशंका जताई जा रही है।

# नारायणा हॉस्पिटल में राजस्थान की पहली 'डीप ब्रेन स्टिमुलेशन' सर्जरी



**जयपुर**, (का.सं.) नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने राजस्थान की पहली डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डी.बी.एस) सर्जरी सफलतापूर्वक की है, जो राज्य में मूवमेंट डिसऑर्डर के इलाज में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रक्रिया द्वारा पार्किंसंस रोग, डिस्टोनिया और अन्य कंपन जैसी समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को नई उम्मीद जगी है। रोगियों की देखभाल को लेकर नारायणा हॉस्पिटल हमेशा से सजग रहा है और नारायणा हॉस्पिटल का यही प्रयास रहता है कि लोगों को समय रहते उचित परामर्श मिले, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो पाए।

66 वर्षीय मरीज कृष्णा देवी पिछले छह वर्षों से क्रोनिक पार्किंसंस के लक्षणों से पीड़ित थी। अन्य समस्याओं के अलावा वह खाना खाने, लंबे समय तक बैठे रहने और चलने जैसे साधारण दैनिक कामों को भी करने में असमर्थ थी। फिर उनके किसी रिश्तेदार ने न्यूरोलॉजिस्ट एवं मूवमेंट डिसऑर्डर विशेषज्ञ डॉ. वैभव माथुर के बारे में बताया जिनसे संपर्क में आने के बाद यह पाया गया कि मरीज क्रोनिक पार्किंसंस की समस्या से पीड़ित हैं जिसे डी.बी.एस सर्जरी करने के बाद काफी हद तक सही किया जा सकता है। इसके बाद विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किया गया जिसमें न्यूरोसर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, एनेस्थीसिया टीम और अन्य विशेषज्ञ शामिल थे।

डी.बी.एस एक मिनिमली इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रिया है जो मूवमेंट यानी गति को नियंत्रित करने के लिए मस्तिष्क के विशिष्ट भागों को टारगेट करती है। इसमें एक छोटा पेसमेकर छाती में प्रत्यारोपित किया जाता है और इलेक्ट्रोड के माध्यम से उसकी इलेक्ट्रिक पल्स को दिमाग में भेजा जाता है, जो असामान्य गतिविधि को नियंत्रित करता है और कंपन एवं अन्य मूवमेंट डिसऑर्डर के लक्षणों को कम करता है।

इस सफलतापूर्वक इलाज का श्रेय राजस्थान के पहले मूवमेंट डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट्स और नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के न्यूरोलॉजिस्ट्स डॉ. वैभव माथुर को जाता है, जिन्होंने इस अत्याधुनिक प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया।

डॉ. माथुर ने बताया कि "रोगी में मूवमेंट डिसऑर्डर के क्रॉनिक लक्षण थे जिन्हें सहन कर पाना रोगी के लिए काफी दर्दनाक हो रहा था, इसलिए हमने इस इनोवेटिव प्रक्रिया को करने का फैसला किया। सर्जरी 4 घंटे लंबी थी और एक बार प्रत्यारोपण हो जाने के बाद हमने पेसमेकर को प्रोग्राम करना शुरू कर दिया और कुछ दिनों में ही अच्छे परिणाम दिखने लगे"। यह अपनी तरह की पहली डी.बी.एस सर्जरी है जो 1998 के पहले से ही उपयोग में है। हालांकि, इस सर्जरी और उसके बाद की प्रोग्रामिंग के लिए राजस्थान के मरीजों को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और हैदराबाद की यात्रा करनी पड़ती थी। लेकिन उसी स्तर की विशेषज्ञता अब राजस्थान में भी उपलब्ध है जो पार्किंसंस रोग, डिस्टोनिया और कंपन के रोगियों के लिए वरदान साबित हो सकती है।

डॉ. नितिन भाकल, कंसलटेंट-न्यूरो सर्जरी, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा कि, हमें डी.बी.एस सर्जरी करने वाला राजस्थान का पहला हॉस्पिटल होने पर गर्व है। यह मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया क्रोनिक मूवमेंट डिसऑर्डर से पीड़ित रोगियों के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी उपचार का विकल्प है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मरीज की सर्जरी लगभग 4 घंटे चली जिसके बाद मरीज को नया जीवन मिला।

नारायणा हॉस्पिटल , जयपुर के क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने कहा कि "हमारा प्रयास हमेशा से मरीजों की देखभाल हेतु समर्पित रहना है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि हम रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम, निरंतर देखभाल एवं उपचार को लेकर कितने सजग हैं। हम सफल इलाज के माध्यम से मरीज को ठीक करने के साथ ही संपूर्ण देखभाल को लेकर समर्पित रहते हैं।"

# सूने फ्लैट से नकदी और जेवरात चोरी

> ■ रिटायर्ड फौजी के टोकने पर बदमाश हमला कर फरार हो गए

**जयपुर** । श्यानगर इलाके में बाइक पर आए तीन नकाबपोश बदमाश गुरुवार को दिन-दहाड़े दो सूने फ्लैट के ताले तोड़कर बदमाश लाखों रुपए के गहने-नकदी चोरी कर ले गए। अपार्टमेंट में रहने वाले रिटायर्ड फौजी के टोकने पर बदमाश हमला कर भाग निकले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि चोरी की वारदात लक्ष्मण कॉलोनी श्याम नगर स्थित अपार्टमेंट में हुई। सुबह करीब 6:45 बजे बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर रहने वाले पद्माकर शर्मा और शिवानी शर्मा के फ्लैट को बदमाशों ने चोरी के लिए निशाना बनाया। दोनों ही परिवार किसी काम से फ्लैट लॉक कर बाहर गए हुए थे। दोनों सूने फ्लैट्स के लॉक तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। महज 15 मिनट में लाखों रुपए के गहने और कैश चोरी कर ले गए। सीढ़ियों से नीचे उतरते समय अपार्टमेंट में रहने वाले रिटायर्ड फौजी पर्वत सिंह ने अजनबी लड़कों को टोका। पर्वत सिंह पर हमला कर बदमाश बाइक लेकर भाग निकले। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सूबत जुटाए। अपार्टमेंट के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए बाइक सवार बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है। श्याम नगर इलाके में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी की जानकारी मिलने पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा गुरुवार को थाने पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को लगाम लगाने और जल्द खुलासा करने के लिए निर्देशित किया। विधायक ने सिविल लाइंस क्षेत्र के वार्ड 50 की लक्ष्मण कॉलोनी में चोरी की घटनाओं को लेकर श्याम नगर एसएचओ से मुलाकात की।

# अलवर आबकारी अधिकारी के पास मिली करोड़ों की संपत्ति

> ■ एसीबी ने उनके घर से लाखों रु. व कई संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं

**जयपुर** । अलवर में तीन लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुमार अहीर के लॉकर और घर से एसीबी को लाखों रुपए की नकदी और सम्पत्ति के दस्तावेज मिले है।

एसीबी सूत्रों के अनुसार आरोपी सुरेश कुमार अहीर के ट्रेप होने के बाद एसीबी की टीमों ने उसे जयपुर स्थित आवास और अलवर में कार्यालय सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली। इस दौरान जयपुर के गांधी नगर स्थित उसके आवास से एसीबी को तलाशी के दौरान साढ़े छह लाख रुपए नगद, करीब आठ प्रोपर्टी के दस्तावेज और एक बैंक लॉकर भी मिला। गौरतलब है कि एसीबी की अलवर-द्वितीय इकाई ने जिला अलवर आबकारी अधिकारी सुरेश कुमार अहीर आर.ए.एस. को परिवादी से 3 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के अति. महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि ए.सी.बी. की अलवर-द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी लाईसेंसशुदा शराब की दुकान के गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में आरोपी सुरेश कुमार अहीर आर.ए.एस., जिला आबकारी अधिकारी, जिला अलवर द्वारा 6 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी के उप महानिरीक्षक रणधीर सिंह के सुपरवीजन में आरोपी को 3 लाख रु. रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# 'वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 5416 करोड़ रु. जी.एस.टी. वसूली'

## अलवर सी.जी.एस.टी. कमिश्नर ने ली 7 संभागों के अफसरों की रिव्यू मीटिंग

> ■ बैठक में कर अपवंचना, न्याय निर्णय, रिटर्न्स की स्क्रूटनी, एरिएर वसूली, न्याय निर्णय और करदाताओं की समस्याओं के शीघ्र निदान के लिए संवाद और उचित कदम उठाने पर भी चर्चा की गई

**जयपुर** । केन्द्रीय माल एवं सेवा कर आयुक्तालय (सी.जी.एस.टी.) अलवर के कमिश्नर सुमित कुमार यादव ने गुरूवार को अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग ली। इस बैठक में एंटी इवेजन के अपर आयुक्त नरेश सैनी के साथ-साथ अलवर, भिवाड़ी, भरतपुर और सीकर समेत सभी 7 संभागों के सहायक आयुक्त, अधीक्षक और अधिकारी मौजूद रहे।

कमिश्नर सुमित कुमार यादव ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 5416 करोड़ रु. जी.एस.टी. राजस्व वसूली पर अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित भी किया। यादव ने बताया कि वर्ष 2022-23 की तुलना में गत वर्ष 1048 करोड़ रु. का राजस्व ज्यादा वसूल पाएं है। अधिकारियों को वर्ष 2024-25 में भी इसी उत्साह के साथ काम करने के लिए कहा है। बैठक में सुमित यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाले 12 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और कहा कि सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करने कि शृंखला जारी रहेगी। अप्रैल 2024 मे 570 करोड़ रुपए की वसूली पर आयुक्त सुमित यादव ने खुशी जताते हुए कहा कि, जी.एस.टी. लागू होने के बाद किसी भी माह की सर्वाधिक राजस्व वसूली है। उन्होंने बताया कि अलवर कमिश्नरेट अलवर के अंतर्गत 7 डिवीज़न और 35 रैंज है। इसका कार्यक्षेत्र अलवर, तिजारा, भिवाड़ी, बहरोड़, खैरथल, भरतपुर, धौलपुर, डीग, करौली, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी , दौसा, सीकर, झुंझुनूं और नीमकाथाना समेत 13 जिलों में है। हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, एनसीआर की सीमाए जुड़ी होने और कई राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरने और बड़े इंडस्ट्रियल एरिया होने के कारण अलवर सीजीएसटी महत्वपूर्ण और संवेदनशील आयुक्तालय है।

बैठक में अधीक्षक उमेश अग्रवाल, देवी दत्त शर्मा, गोपाल लाल गोयल, महेश कुमार, राजीव गर्ग, के.सी.मीना, दीपक शर्मा, निरीक्षक आदर्श कुमार, विजय सिंह मीना, राहुल शर्मा, अंशुल गर्ग और दीपक पुरल्ला को उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

मीटिंग में कर अपवंचना, न्याय निर्णय, रिटर्न्स की स्क्रूटनी, एरिएर वसूली, न्याय निर्णय, करदाताओं की समस्याओं के शीघ्र निदान के लिए संवाद और उचित कदम उठाने सहित जीएसटीएन बैक ऑफिस शिफ्टिंग जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं के अलावा विभाग मे बेहतर इन्फ्रा स्ट्रक्चर सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि जीएसटी चोरी की सूचना के लिए विभाग ने हॉटलाइन नं. 0141-222003 भी जारी किया है।

## सार-समाचार

### पुलिसकर्मियों के बच्चों को फीस में छूट



**जयपुर** । राजस्थान में अनअकेडमी कोचिंग संस्थान पुलिसकर्मियों के कक्षा नौ से स्नातक तक के बच्चों को स्कूल के साथ नीट, आईआईटी, जेईई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में 50 प्रतिशत की छूट देगा। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिसकर्मियों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराने में ये पहल काफी सहायक सिद्ध होगी। इससे न केवल पुलिसकर्मियों के बच्चों को नीट, जेईई आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मदद मिलेगी बल्कि पुलिसकर्मी भी अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी अच्छे से वहन कर सकेंगे और इसका सकारात्मक प्रभाव पुलिस कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर भी पड़ेगा। जोसफ ने बताया कि पुलिस कार्मिको की कार्यकुशलता बढ़ाने और उनमें सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए इस तरह के पहल होते रहना चाहिए। समाज में अपराध मुक्त वातावरण के लिए पुलिस का सकारात्मक ऊर्जा से भरा होना जरूरी है। इस मुहिम में सहयोग के लिए पुलिस कमिश्नर ने अनअकेडमी शिक्षण संस्थान का आभार भी व्यक्त किया।

### आइस क्यूब बना रही दो फैक्ट्रियां सीज

**जयपुर** । गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम एवं अन्य पेय पदार्थ में मिलावट को रोकने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के निर्देशन में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने कलवाड़ा रोड महापुरा जयपुर स्थित मैसर्स बालाजी आइस क्यूब फैक्ट्री पर कार्रवाई की गई। यह फैक्ट्री बिना फूड लाइसेंस के चल रही थी। फैक्ट्री का कोई मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं था और ना ही पानी की जांच रिपोर्ट। इसके अलावा यहाँ हाइजीन और सेनिटेशन बहुत ही गंदा पाया गया। शिवानंदपुरी स्थित इस आइस क्यूब बनाने की फैक्ट्री राजू प्रजापत पुत्र सुरजा राम प्रजापत के नाम पर है। तुरंत प्रभाव से फैक्ट्री को सीज कर अग्रिम आदेशों तक निर्माण पर रोक लगाई गई। इसी प्रकार महिंद्रा सेज रोड महापुरा स्थित मैसर्स जयपुर कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड पर भी फूड लाइसेंस नहीं मिला। यहाँ बिना पानी की जांच रिपोर्ट के ही खाने योग्य बर्फ बनाई जा रही थी। यह बर्फ बड़ी होटल एवं रेस्टोरेंट में सप्लाई की जाती है। फैक्ट्री में जगह-जगह गंदगी एवं कचरा के ढेर पाए गए। मौके पर ना तो कोई पानी की जांच रिपोर्ट मिली और ना ही किसी कर्मचारी का मेडिकल सर्टिफिकेट पाया गया। फैक्ट्री में जिस आरओ प्लांट से पानी काम में लिया जा रहा था, उसके पाइपों में काई जम गई थी। पानी में लार्वा पाया गया। फैक्ट्री अनूप कुमार गर्ग पुत्र श्री महेंद्र कुमार गर्ग के नाम से चल रही थी। इस फैक्ट्री को भी मौके पर सीज किया गया तथा अग्रिम आदेशों तक किसी भी प्रकार के निर्माण नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम एवं द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई की गई।

### युवक को अगवा करने वाले दो पकड़े

**जयपुर** । भांकरोटा पुलिस ने बाइक सवार युवक को अगवा कर 50 हजार रुपए की फिरौती वसूलने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में फिलहाल मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने आरोपियों को फतेहपुर सीकर से अरेस्ट किया है। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि हनुमान नगर भांकरोटा निवासी अरबाज खान ने मामला दर्ज करवाया कि उसके जीजा शिवदासपुरा निवासी रहीस खान शादी में शरीक होने आए थे। इसके बाद वे परिवार के साथ मौजमाबाद दूदू बारात में शामिल हुए। वापस भांकरोटा लौट कर वे 29 अप्रेल की रात करीब 2 बजे अपने घर के लिए रवाना हो गए। अजमेर रोड पर कार सवार चार बदमाशों ने गाडी आगे लगाकर उसे रोका और मारपीट कर गाड़ी में डालकर ले गए। इसके बाद बदमाशों ने उसके फोन से परिजनों को फोन किया और पचास हजार रुपए की फिरौती मांगी। इस दौरान बदमाशों ने पीडित के दोस्त के एक्सीडेंट की बात कहीं थी। रुपए नहीं डालने पर आरोपियों ने फिर परिजनों कॉल किया। 30 अप्रेल को बदमाशों ने फिर फोन किया और रुपए नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस पर परिजनों ने 50 हजार रुपए बदमाशों के बताए नम्बरों पर डाल दिए। इस पर बदमाश उसे ब्यावर के पास छोड़कर चले गए थे।

### गांजा तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार

**जयपुर** । कानोता, खोह-नागोरियान और ट्रांसपोर्ट नगर थाना और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 12 किलो 340 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और बिक्री राशि भी जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कानोता, खोह नागोरियान और ट्रांसपोर्ट नगर थाना और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर सोनू सिंह निवासी अलवर हाल कानोता,महेंद्र सिंह निवासी खोह नागोरियान और चंद्र सिंह उर्फ मिथुन निवासी ट्रांसपोर्ट को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 12 किलों 340 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और ब्रिकी राशि के रुपये भी जब्त किए है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

### चार साल की बच्ची से छेड़छाड़

**जयपुर** । जयसिंहपुरा खोर इलाके में दुकान पर सामान लेने गई 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मासूम को अंदर बुलाकर गंदी हरकत की। पीड़िता के पिता ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि घर के पडौस में किराना दुकान करने वाले युवक ने उनकी 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़ की। मासूम बेटी दुकान पर सामान लेने गई थी। आरोपी दुकानदार ने बहला-फुसलाकर उसे दुकान के अंदर बुला लिया। मासूम बच्ची से आरोपी दुकानदार ने गंदी हरकत की। घर लौटकर आई मासूम ने दुकानदार अंकल की करतूत के बारे में परिजनों को बताया। गुस्साए परिजनों के जाने पर आरोपी दुकान बंद कर भाग गया। जिसके बाद आरोपी दुकानदार ने धमकाने के लिए बदमाशों को बुला लिया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पं. चौरसिया का बांसुरी वादन कल

**जयपुर** । श्रुति मंडल एवं कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे 16वां रघु सिन्हा स्मृति एवं जन्म शताब्दी समारोह 4 मई को बिरला सभागार में पं. हरिप्रसाद चौरसिया का बांसुरी वादन कार्यक्रम होगा। श्रुति मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सुराणा ने बताया कि कार्यक्रम में पं हरिप्रसाद चौरसिया के साथ उनकी शिष्या सुचिस्मिता और किरण बिष्ट भी बांसुरी वादन में उनका साथ देंगी। संस्था सचिव प्राचीन सुराणा ने बताया कि तबले पर रामकुमार मिश्र संगत करेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निमंत्रण पत्रों से मान्य होगा।

### 2 साल की बच्ची को जीप ने कुचला

**जयपुर** । दौलतपुरा थाना इलाके में घर के बाहर खेल रही दो साल की बच्ची को जीप ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। हिट एण्ड रन मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जीप और उसके ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हादसे में गांव भूरथल दौलतपुरा निवासी काव्या सैनी (2) पुत्री किशोर सैनी की मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 8 बजे वह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार जीप ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर जीप को तेजी से दौड़ा ले गया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोग जमा हो गए और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### सहकारी सोसायटी में 11 बजे सुनवाई

**जयपुर**, (का.सं.)। सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी सोसायटी में अपील निगरानी के प्रकरणों की सुनवाई सुबह 11 बजे से होगी। राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी कर राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 की धारा 104 एवं 107 के तहत दर्ज अपील व निगरानी के प्रकरणों की सुनवाई का समय 30 जून तक प्रातः 11 बजे कर दिया गया है।



## Sun Day

Sun Day, formally known as International Sun Day, is a unique celebration that honors the 'Sun.' It is a day that allows you to grasp the Sun's potential and invest in the planet's sustainability. People have been fascinated with the sun and its effect on the Earth since ancient days. It has been seen as a symbol of energy, light, and life. Without it, Earth would be a lifeless rock floating in space. Sun Day is not just a celebration but also a call to action, a reminder to the world of solar power's potential for a sustainable future.

#MEDIA

# World Press Freedom Day

The Theme of World Press Freedom Day 2024 is "A Press for the Planet: Journalism in the Face of the environmental crisis"






World Press Freedom Day is observed on 3 May every year. This day is dedicated to the fundamental principles of press freedom and to defend the media from attacks on their independence. It also serves as a reminder that it cannot be easy to become a 'journalist.'

The Theme of *World Press Freedom Day 2024* is *"A Press for the Planet: Journalism in the Face of the environmental crisis."* The theme World Press Freedom Day changes every year and now let's have a look at the history, significance, theme, and ways to observe World Press Freedom Day 2024.

The media is responsible for bringing the truth to the public. However, they often face challenges in performing their duties, such as threats, violence and censorship. It is important for the government and the public to understand and create a conducive environment for the press and the journalists to perform their duties in the most righteous way possible. As we gear up to celebrate the special day, here are a few things that we should keep in mind.

### History

After the recommendation of UNESCO's General Conference in 1991, the United Nations General Assembly in 1993 established *Press Freedom Day* to be observed every year on May 3. The first Press Freedom Day was observed in 1994. The day is established with the intention of ensuring freedom of press and also remembering and honouring the journalists, who lost their lives in the line of duty. Over the years, the day has become a platform to celebrate journalistic achievements, remember those who lost their lives in the pursuit of truth, and discuss media challenges. This history underscores the ongoing struggle for a free press, vital for democracy and human rights.

### Significance

The significance of World Press Freedom Day is to highlight the importance of press freedom in a society. It is to ensure that the public has access to information and that the government respects the freedom of expression of the people. It is also a reminder that the government has a responsibility to create a conducive environment for the development and growth of the media sector and to ensure the safety and security of journalists.

### How To Celebrate

Celebrating World Press Freedom Day can take many forms, each highlighting the importance of a free press in different ways. Here are some suggestions inspired by various sources and ideas.

- *Read and Share Quality Journalism*: Pick articles from reputable sources and share them on your social media. It's a simple way to appreciate and spread high-quality reporting.
- *Write to Your Representatives*: Voice your support for press freedom legislation. Letting leaders know that you care about journalism's role in democracy can lead to positive change.
- *Educate Yourself on Media Literacy*: Learn how to identify reliable sources and check facts. Being well-informed helps you navigate the vast amount of information online.
- *Honor Journalists' Work*: Take a moment to remember reporters who have been harmed or lost their lives in the line of duty. Reflecting on their sacrifices underlines the day's significance.







Famous Gazak of Bharatpur.

Preparation of Gazak.

It was an embarrassing moment, as I had prefaced our visit with fulsome praise for the visual delight that awaited us. It turned out to be a horrendous sight. Setting aside my original intention of highlighting the plus points of our ancestral property, since none existed any more, I hesitatingly asked the owner's son about the confectioners.

His grim face broke into a smile and he said that the shops were in existence and churning out delightful stuff as usual. This was a relief, and the next obvious query was about *Madan gazakwala*. His face reverted to the grim aspect and, in fact, became grimmer. "*Bhaijee*! He is a past magician, who has lost his '*hunar*' (expertise)." I was totally puzzled and perplexed.

# MADAN-GAZAKWALA

#TASTY-LESS

■ Late Rajendra Shekhar

I belong to Bharatpur, a district of Rajasthan bordering UP. Mathura, a town of UP, is just about 50 kilometres away. *Bharatpurians* feel quite at home in towns of UP, bordering Bharatpur, because of striking similarities in ways of living and culture.

The favourite savoury of both the towns, for instance, is '*Gazak'* (गजक), not the ordinary one with sugar as base but that which has 'jaggery' (गुड/खांड) as the sweetener. *Madan*, *gazakwala* of Bharatpur town, was a one-man factory, whose magical fingers conjured up this mouth-watering delicacy.

He was so good that his name and fame had spread far and wide. Actually that's a bit of an exaggeration considering that Mathura or Agra could hardly qualify to be termed as 'far and wide' from Bharatpur.

Anyway, considering that the connoisseurs of 'गुड की गजक' came all the way from Mathura/Agra to purchase his *gazak*, it was like the 'mountain going to Muhammad.' And even for that, they had to come very early and stand in the queue, anxiously awaiting their turn while hoping that *Madan* would have enough left after the regular local customers had been catered to.

Presuming that I have roused the reader's curiosity and tickled his taste-buds sufficiently enough, I'll proceed to give relevant details.

A modern version of *Dahiwali Gali*! My story dates to 1930s minus the *Fashionistas* and Resort.

*Pandit Girdhari Lal*, my great grandfather, was the founder of our family. His ancestral home was at Haridwar, a focal point for ritualistic rites. The *Raja of Bharathpur*, a firm believer, was a regular visitor to the holy city.

On his trips, he made it a point to attend the religious discourses of Pandit Girdhari Lal and came back totally spellbound by *Panditji's* profound erudition and eloquence. Eventually, he sat aside his hesitation and decided to approach *Panditji* with a proposal. Would he be kind enough to become the *Raj Purohit* of Bharatpur and side by side, initiate the *Raja's* children in Hindu rites and rituals? After initial reluctance and a lot of deliberation, Panditji accepted the proposal.



The *Raja* was delighted and naturally keen that Pandit Girdhari Lal be ensconced within the *Mahal* (Palace) complex but Panditji politely declined. He wanted to live in an atmosphere that precluded the Raja breathing down his neck. The ruler had no option but to grudgingly accept Panditji's term.

Girdhari Lalji, despite his preference for exclusivity, chose a busy *mohalla* (lane) in the middle of the town to buy property and build a spacious house for himself and his family. The lane was known as '*Dahi Wali Gali*,' so named for having six confectionaries, three on each side, at the lane's entrance from the main market. These were the most sought after shops in town for quality sweets, *dahi* (curd) and milk products.

Perhaps, Panditji's motivation for choosing this lane was this 'select' congregation of confectioners (*halwais*). It gave him easy access to wares, catering to his craving for sweets. And though his successors came nowhere close to his erudition, genetic download ensured down the line one common trait, a 'sweet tooth.'

In the prevailing circumstances, therefore, it would have been foolhardy for anyone to dare compete with this bunch of confectioners, particularly on their home turf. Each of the 6 *halwais* had their own captive clientele and worked without conflict, in a climate of amicable relationship.

Posing a potential threat to this ambit of friendly ambience entered an interloper, *Madan Gazakwala*. He carried his shop (*'khomcha*') on his head. It consisted of just one item, a stack of freshly made '*gud ki gazak,*' prepared in his one-man factory (a small room), located at his home.

He would put down the circular bamboo basket containing the *gazak*, at the left side of the entrance to the lane, and sitting down on his small *muddha*, in a business-like transaction, sold his entire stock in just about an hour.

> Initially, his presence was resented by the *halwais* and they watched his activity with a wary eye. But soon they realized that rather than making a dent in their earnings, Madan gazakwala was actually instrumental in lifting upwards their income graph. This was because Madan's clients, after he had gone, lingered on to purchase items from the confectioners.

And after stashing his earnings in his *kurta* pocket, he would walk away nonchalantly, presumably to his home, to prepare stuff for the next day.

Initially, his presence was resented by the *halwais* and they watched his activity with a wary eye. But soon they realized that rather than making a dent in their earnings, Madan gazakwala was actually instrumental in lifting upwards their income graph.

This was because Madan's clients, after he had gone, lingered on to purchase items from the confectioners, and since they liked what they saw or rather ate, they became the confectioners' regular customers as well.

And the 'comfort zone' of the Shekhar-household also expanded to include Madan gazakwala, along with the *halwais*. At age 7, I happened to be among the youngest of Madan's fans. But soon thereafter, as I joined a boarding school at Ajmer, Madan became a 'sweet memory' till it faded almost into oblivion!

I didn't realize that Madan was along with the '*halwais*,' lurking down below in my subliminal strata that stores stray thoughts, which happen to resurface involuntarily, though, one tends to reject most of them.

So, when about 60 years later (yes, as late as that), I decided to visit Bharatpur along with my youngest son Arjun and his wife Ashraf, my first port of call, naturally, was our ancestral house. It had been purchased by a neighbour, when my father shifted to Jaipur and needed the money to build a house at Jaipur.

The house and its surrounding area had been completely renovated to suit the needs of the owner and his family. The big, bountiful courtyard, where we, as children, frolicked and played about, had been converted into living quarters and the '*baithak*' that was basically used as a meeting place for the *mohalla* elders, and had also housed the 'library,' had disappeared, conceding space for, what else but, another set of living quarters! Thus, a shambolic use of space had turned a 'thing of enviable beauty' into a 'structure of graceless utility.'

It was an embarrassing moment, as I had prefaced our visit with fulsome praise for the visual delight that awaited us. It turned out to be a horrendous sight.

Setting aside my original intention of highlighting the plus points of our ancestral property, since none existed any more, I hesitatingly asked the owner's son about the confectioners. His grim face broke into a smile and he said that the shops were in existence and churning out delightful stuff as usual. This was a relief, and the next obvious query was about *Madan gazakwala*. His face reverted to the grim aspect and, in fact, became grimmer.

"*Bhaijee*! He is a past magician, who has lost his '*hunar*' (expertise)."

I was totally puzzled and perplexed.

It turned out that the calm, nonchalant air that Madan flaunted in public was just a facade masking a turbulent interior. He was a creature of passion, illicit at that. A much-married man, Madan developed a liaison with a young, unmarried girl from Mathura.

On her very first visit to Bharatpur with her father; a devoted fan of *Madan's गुड की गजक*, she was floored, not by the *gazak* as much as by '*Madan*' himself. Thereafter, she persisted on accompanying her father on every visit to Bharatpur. Initially, it was a one-sided infatuation and when she showered fulsome praise on Madan's culinary excellence, Madan was flattered and initially failed to notice that the adoring look that she gave him was meant for 'him' rather than his '*gazak*!' But soon, pretty soon, following a few of her visits, Madan felt an urgent need to reciprocate.

Her father remained blissfully unaware of what was happening between his only child and the *gazakwala* till it was too late. They eloped and had a court marriage in Agra, Madan furnishing a false affidavit, to the effect, that he was 'single.' He also managed two witnesses who attested his affidavit. She had not yet attained the eligibility age, and so another false affidavit was submitted attesting that 'she was eligible.'

For her father, her disappearance was a great shock. He went to the local police, suspecting Madan as the culprit. However, both the Mathura police and that of Bharatpur, drew a blank. The Bharatpur police contacted Madan's wife, who was in shock but she was clueless, since she wasn't even aware of Madan's dalliance with the girl.

Madan had, of course, changed his looks and now was a bearded-moustachioed man, living with his wife in an obscure '*mohalla*' in Kanpur. But then, they could not survive just on 'love and fresh air' for long. Whatever little money, that they collectively had, was spent in day-to-day living. Madan had no option but to risk resumption of his trade.

Expectedly, he became a sensation overnight and people thronged to his '*khomcha*.' And soon, his paper-thin disguise was exposed, as *gazak lovers* from Mathura and Agra, even Bharatpur, hearing about this amazing '*gazakeer*,' began visiting Kanpur, with the specific purpose of buying his 'jaggeried *gazak*' and some of the customers were of the vintage, when Madan was waving his magical wand at the '*nukkar*' (entrance) of *Dahiwali Gali*. His expertise shone even through his disguise, and was eventually the cause of betrayal. The marriage collapsed like a deck of cards, built on the crumbling facade of false affidavits.

Status quo in relationships was restored as the father was too fond of his only child and Madan's wife was a simple home-maker, who reluctantly welcomed the return of the prodigal, knowing that she had no option.

Madan restarted his '*khomcha*' but to his surprise and despair, he literally found no 'takers,' may be because the conservative and 'God-fearing' *Bharatpurians* did not relish 'tainted wares.'

rajeshsharma1049@gmail.com



##FOOD RECOMMENDATIONS

# MANGO MAYHEM

Indulge in a mango extravaganza with Jaipur's innovative dessert scene, where each creation is a celebration of summer's bounty. From decadent cheesecake ice creams to velvety mousse and tantalizing cakes, these mango-infused delights promise a symphony of flavors that captivate the palate.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

As the temperature soars in the Pink City during summer, so does the creativity and innovation of its food entrepreneurs. In a culinary landscape, where tradition meets innovation, the scorching heat of summer serves as a catalyst for the creation of sumptuous *mango delicacies*. From the traditional to the avant-garde, Jaipur's culinary artisans push the boundaries of flavour and imagination, crafting mango dishes that celebrate the *King of Fruits* in all its glory.



### Eggless Mango Mousse by Vanilla Street

Experience a taste of summer like never before with *Vanilla Street's Eggless Mango Mousse*. Created without eggs, this creamy concoction relies solely on the natural richness of mango pulp and the velvety smoothness of whipped cream to create a symphony of flavours and textures. With each bite, you will be greeted by the luscious sweetness of ripe mangoes, perfectly balanced by the light and airy mousse base. Each spoonful bursts with the vibrant flavours of summer, as fresh chopped mangoes add a refreshing pop to every serving.

### Mango Cheesecake Croissant by O'baque



Meanwhile, at *O'baque*, mango lovers are treated to a unique delight, the *Mango Cheesecake Croissant*. This indulgent creation features fresh *Alphonso* mangoes and whipped cheesecake encased in a buttery croissant shell. With its irresistible combination of flavors and textures, O'baque's Mango Cheesecake Croissant offers a decadent twist on a beloved classic, sure to captivate the palates of croissant and mango enthusiasts alike.

### Mango Passion Fruit Cake by Vanilla & The Bean



*Vanilla & The Bean* has introduced a dish that tantalizes the palate with every mouthful, *the Mango Passion Fruit Cake*. This exquisite dessert harmonizes the rich creaminess of mango with the tangy zing of passion fruit, creating a deligthful symphony of taste. What sets this cake apart is the addition of passion fruit seeds, which not only impart a unique texture but also elevate the flavour profile to new heights.

### Mango Cheesecake Ice cream by Molly Moo




Summers are synonymous with ice cream and *Molly Moo* has unveiled its seasonal treasure trove, an enticing array of mango-infused delights. Amongst these, a standout offering emerges, the *Mango Cheesecake Ice Cream*. Served in jars, this indulgent creation is crafted with a blend of premium ingredients, including poached and concentrated mango pulp, milk, fresh cream, and cream cheese. Complemented by a generous sprinkling of cookie crumble, every bite is a harmonious blend of creamy cheesecake and good old of ice cream.

### Indian Tropics by Sejal Parnami



This decadent entremets by *Sejal Parnami* combines the iconic *Ratnagiri Alphonso* mangoes with local *'ras-bhari'* raspberries and pineapple, infusing each bite with the essence of the season. The dish features a medley of textures and tastes, including a citrus sponge, Indian raspberry streusel, confit pineapple, mango mousse, raspberry gelee, mango compote, and fresh mango slices. By opting for indigenous ingredients over imported ones, Parnami showcases her commitment to supporting local produce in creating innovative dishes.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# किन्नर से रुपए हड़पने व मारपीट करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी सचिन ने किन्नर से सात-आठ लाख रूपये हड़प लिए थे

- किन्नर से हुई हैवानियत मामले में पुलिस ने किया खुलासा
- पुलिस खुलासे में सामने आया कि किन्नर ने खुद पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया था



किन्नर से हैवानियत मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। इलाके में बीते दिनों किन्नर से हैवानियत करने के मामले में पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया। मामले में डिप्टी उमेश गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि किन्नर ने शादी का दबाव बनाने के लिए खुद अपने गुप्तांगों में लकड़ी डालने की बात स्वीकार की है। किन्नर ने घटना के पहले दिन आरोपी सचिन बलाई के घर आकर शादी करने का दबाव बनाया और करीब आठ लाख रुपए वापस देने का दबाव बनाते हुए आरोपी के घर पर हंगामा किया था। किन्नर देर रात जयपुर से घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सचिन बलाई को किन्नर के साथ शादी के नाम पर रुपए हड़पने व मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस से गिरफ्तार आरोपी से मामले में पूछताछ कर रही है।

डिप्टी उमेश गुप्ता ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 29 अप्रेल सोमवार सुबह महरोली से अरनिया जाने वाले रास्ते पर एक महिला के नग्न अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक उपचार के बाद घायल को सीकर अस्पलाल रेफर किया गया। घायल ने होश में आने के बाद पर्चा बयान देते हुए बताया कि वह मध्य प्रदेश की मूल निवासी है और किन्नर होने के कारण 12-13 साल की अवस्था में घर वालों ने उसे किन्नर समाज के लोगों के साथ भेज दिया। पिछले करीब 7-8 साल से वह जयपुर ट्रांसपोर्ट नगर में रह रही है। करीब 1 साल पहले उसकी सचिन नाम के युवक से जयपुर में जान पहचान हुई। सचिन से संपर्क के बाद उससे प्रेम हो गया और करीब सात-आठ लाख रुपये उसे दे दिए। सचिन ने किन्नर से शादी का वादा किया लेकिन पिछले सात आठ महीने से वह इससे दूरी बनाने लगा। सचिन के दूरी बनाने के कारण वह 28 अप्रैल शाम चार बजे सचिन के घर महरौली आई, सचिन ने दरवाजा खोला। इस दौरान किन्नर ने शादी करने की बात कही जिस पर घर की एक महिला ने किन्नर को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इस दौरान सचिन ने इसके साथ मारपीट की। इसके बाद वह वापस रींगस चली गई। किन्नर ने बताया कि शाम छह बजे वह वापस रींगस से सचिन के घर गई। जहां पर फिर से मारपीट कर धक्का मारकर बाहर निकाल दिया और वह वापस जयपुर चली गई। रात 11 बजे वह वापस जयपुर से सचिन के घर आई और दरवाजे को खटखटाया लेकिन परिवार वालों ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद सचिन व परिवार के लोग उसके पीछे पड़ गए और वह भागती रही। जहां घटनाक्रम हुआ वहां पर वह गड्ढे में गिर गई जिसके बाद मारपीट कर सचिन ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह बेहोश होकर गिर गई।

डिप्टी उमेश गुप्ता ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज किया गया। पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें श्रीमाधोपुर थाना अधिकारी जय सिंह बसेरा, अजीतगढ़ थाना अधिकारी मुकेश सेपट और उनकी टीम ने गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि घायल ने रात 11 बजे महरौली पहुंचने की बात बताई थी। मामले की जांच के दौरान करीब डेढ़ सौ सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जब जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में जहां यह किसी के साथ पिछले चार साल से रह रही है। वहां के जब सीसीटीवी चेक किए गए तो रात करीब 2:10 मिनट पर ऑटो से रवाना होने की लोकेशन मिली।

जब किन्नर को यह लगा कि सचिन उससे शादी नहीं करेगा तो उसने पैसे और मोबाइल घटनाक्रम के पास ही छिपा दिए और खुद ही अपने प्राईवेट पार्ट में लकड़ी डाल ली। जिससे वह बेहोश हो गई। यह सारी बातें पुलिस जांच में सामने आई है। डिप्टी गुप्ता ने कहा कि दुष्कर्म जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। आरोपी ने भी दुष्कर्म की बात स्वीकार नहीं की है। वहीं किन्नर ने भी दुष्कर्म नहीं होने की बात कही है। हालांकि किन्नर का जब शाम को सचिन से आमना सामना हुआ तो सचिन ने थप्पड़ जरुर मारे थे। पुलिस खुलासे में सामने आया कि किन्नर ने खुद पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया था। हालांकि पुलिस ने आरोपी सचिन को शादी के नाम पर रुपए हड़पने व मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया है।

# क्रिकेट मैच पर सट्टा खाईवाली करते तीन गिरफ्तार

## आरोपियों के पास पांच फोन, एक पैन और एक रजिस्टर बरामद किया



चिड़ावा थाना पुलिस ने क्रिकेट मैच पर सट्टा खाईवाली करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**चिड़ावा,** (निसं)। थाना पुलिस ने क्रिकेट मैच पर सट्टा खाईवाली करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि डीएसपी विकास धींधवाल के निर्देशन में कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि विकास नगर में अमरसिंह के मकान की ऊपर की मंजिल के कमरे में तीन लड़के चेन्नई सुपर किंग वर्सेज किंग्स इलेवन पंजाब आईपीएल क्रिकेट मैच पर खाईवाली कर रहे हैं। सूचना पर टीम गठित कर मकान पर छापा मारा गया। इस दौरान छत के एक कमरे में तीन लड़के बैड पर सामने पांच मोबाइल फोन, रजिस्टर, पैन आदि लिए बात करते हुए रजिस्टर में हिसाब लिखते मिले। एक मोबाइल पर मैच चल रहा था। इस दौरान चेन्नई सुपरकिंग व किंग्स इलेवन पंजाब मैच पर बिना लाईसेंस व अनुज्ञापत्र के क्रिकेट सट्टा खाईवाली करते पाए जाने पर आरोपी अजय सोमरा, आत्मानन्द व दीपक सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से पांच फोन, एक पैन और एक रजिस्टर जिसमें लाखों रूपए के ऑनलाईन सट्टे का हिसाब मिला।

कार्रवाई करने वाली टीम में सीआई विनोद सामरिया, विक्रम सिंह, एएसआई कल्याण सिंह, हेड कांस्टेबल ललित शर्मा, कांस्टेबल प्रकाश, अमित डाटिका, राजेंद्र, महेंद्र, सरोज, सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी व अन्य नेताओं पर मुकदमा दर्ज करने पर विरोध जताया

**जोधपुर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा और अन्य कांग्रेस नेताओं पर फलोदी में मुकदमा दर्ज करने और बीजेएस कॉलोनी में मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कांग्रेस ने विरोध जताया है। कांग्रेस नेताओं ने इन मामलों में पुलिस पर सौतेले व्यवहार व एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया है।

कांग्रेस प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी, नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार, पूर्व विधायक मनीषा पंवार और कांग्रेस के उत्तर शहर जिलाध्यक्ष सलीम व दक्षिण शहर जिलाध्यक्ष नरेश जोशी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा मतदान बूथों पर कब्जा कर फर्जी मतदान करने, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने के बाद भी पुलिस द्वारा कांग्रेस के नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर एक पक्षीय कार्रवाई की जा रही है। भाजपा ने पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत से कई जगहों पर फर्जी मतदान किया, बूथों पर कब्जा कर कांग्रेस के एजेंटों व कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। इसके साथ ही कांग्रेस के नेताओं पर झूठी एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। उन्होंने पुलिस थाना फलोदी में दर्ज एफआईआर में निष्पक्ष जांच की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेएस कॉलोनी के बूथों पर भाजपा नेता हनुमानसिंह खांगटा के नेतृत्व में बाहर से बुलाए गए लोगों के माध्यम से फर्जी मतदान कराया गया। साथ ही बूथों पर जबरन घुसकर कब्जे का प्रयास किया। इसकी शिकायत निर्वाचन विभाग व पुलिस विभाग को कई बार की गई। जब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मौके पर जाकर फर्जीवाड़ा रूकवाने का प्रयास किया तो हनुमानसिह खांगटा व उनके गुर्गों ने निहत्थे कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा के भतीजे अभिमन्युसिंह व कार्यकर्ताओं के साथ हथियारों से मारपीट की तथा गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया जिसके संबंध में कार्रवाई नहीं किये जाने पर घटना स्थल पर कांग्रेस ने धरना दिया और पुलिस थाना महामंदिर में रिपोर्ट दर्ज करवाई लेकिन अभी तक इस मामले में भाजपा नेताओं व सरकार के दबाव की वजह से पुलिस द्वारा कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। वहीं इसी थाने में भाजपा नेताओं व सरकार के दबाव में पुलिस ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरूद्ध एक झूठी रिपोर्ट दर्ज की है। प्रेस कांफ्रेंस में बेंगटी कला की घटना को लेकर उचियारड़ा ने कहा कि वहां के 90 प्रतिशत वोट कांग्रेस समर्थित है। उन मतदाताओं के फर्जी वोट भी डाल दिए गए।

# अवैध खनन करते छह ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक जेसीबी और दो डम्पर जब्त

- प्रशासन की कार्रवाई से खनन माफिया में मचा हड़कम्प
- छह ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज हुआ



मांडलगढ़ क्षेत्र में खनिज विभाग ने अवैध खनन पर कार्रवाई की।

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर अवैध खनन और निर्गमन पर चलाए गए अभियान की शुरुआत में गुरुवार को खनिज विभाग और प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में बजरी भरे 6 ट्रैक्टर ट्रॉली, एक जेसीबी मशीन और 2 डम्पर जब्त किए हैं। अभियान के तहत हुई कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कम्प मच गया।

मांडलगढ़ तहसीलदार ललित डिडवानिया और बिजौलियां खनिज विभाग फोरमैन गिरिराज मीना की टीम ने सिंगोली चारभुजा के पास मिट्टी का अवैध खनन और निर्गमन करने के मामले में 1 जेसीबी, 2 डम्पर जब्त कर मांडलगढ़ थाना पुलिस को सुपुर्द किया है। खनिज विभाग जब्त वाहन मालिक से जुर्माना वसूली की कार्रवाई करेगा। खनिज विभाग टीम ने बडलियास थाना क्षेत्र में बनास नदी से अवैध बजरी खनन कर लेजाते 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने को सुपुर्द किया है। ट्रैक्टर चालकों के विरुद्ध अवैध बजरी खनन ओर परिवहन का मामला बडलियास थाने में दर्ज कराया है।

# नारायण गुर्जर हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग



मांगों को लेकर गुर्जर समाज के सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मांडल थाना क्षेत्र में गत दिनों आपसी रंजिश के चलते हुए नारायण गुर्जर हत्याकांड के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर भाजपा नेताओं के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता कालूलाल गुर्जर ने बताया कि गुर्जर समाज के युवक नारायण पिता भेरूलाल गुर्जर निवासी कोलीखेड़ा गत दिनों मांडल थाना क्षेत्र में खून सनी हालत में मिला था। गंभीर हालत में हॉस्पिटल ले जाते समय नारायण ने अपने भाई श्यामलाल को बताया था कि मदन सिंह पिता तख्त सिंह निवासी देवरिया और राकेश सुथार निवासी मांडल व अन्य लोगों के द्वारा चाकूओं से कई जगह हमला कर उसे अधमरी हालत में रेलवे फाटक के पास छोड़कर फरार हो गए। हॉस्पिटल ले जाने के दौरान रास्ते में ही नारायण ने दम तोड़ दिया था।

मामले में मुकदमा दर्ज करवाने के बावजूद अब तक 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है, जिसे लेकर गुर्जर समाज के भारी रोष है। समाज के लोगों ने कलेक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी, एसआईटी बनाकर मामले की गहनता से जांच और उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चला कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आठ मई तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कलेक्ट्री का घेराव और उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी गई है।

## दुष्कर्मी गिरफ्तार

**पाटन,** (निसं)। डाबला पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में कारवाई करते हुए आरोपी को महज तीस घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। थाना अधिकारी महेंद्र मीणा ने बताया कि डाबला थाने में महिला अत्याचार से संबंधित गंभीर अपराधों को देखते हुए नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज हुआ था। जिसको लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर डाबला पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुलजिम राकेश चौल्डा पुत्र लक्ष्मण राम बलाई को गिरफ्तार किया।

## युवक की मौत

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। किशनगढ़ सिटी थाना अंतर्गत जयपुर रोड स्थित तोलामाल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक गांव चूरली निवासी तीस वर्षीय जीतू जाट है।

# उधार लिये रुपये देने गये युवक से मारपीट की

## पिस्टल दिखाकर जान से मारने की भी धमकी दी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में ब्याज माफियाओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गत दिनों ब्याज माफिया डेविड की शहर में पुलिस द्वारा बिंदोली निकले जाने के बाद भी माफियाओं के हौसले पुलिस पस्त नहीं कर पा रही है। दो माह पहले बिना ब्याज उधार लिये 20 हजार रुपये चुकता करने गये वसीम अकरम से राहुल खटीक नामक युवक ने न केवल 1.20 लाख रुपये की मांग की, बल्कि उक्त युवक के साथ मारपीट कर उसे पिस्टल दिखाई और जान से मारने की भी धमकी दी। इन आरोपों के तहत पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज करवाया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, शास्त्रीनगर के वसीम अकरम पुत्र लियाकत अली ने दो माह पहले शारदा चौराहा निवासी राहुल खटीक से राशि 20 हजार रुपयें उधार लिये थे। दोनों के बीच दो माह में राशि लौटाना तय हुआ। वसीम का आरोप है कि वह 30 अप्रैल को यह राशि लौटाने राहुल खटीक के पास गया तो उसने मारपीट कर 1 लाख 20 हजार रुपये रुपये की मांग की। वसीम ने उससे कहा कि उनके बीच ब्याज की कोई बात तय नहीं हुई थी, न ही कोई एग्रीमेंट हुआ। वसीम ने राहुल से कहा कि वह उधार ली गई राशि उसे लौटा सकता है, ज्यादा राशि देने की उसकी आर्थिक स्थिति नहीं है। आरोप है कि राहुल ने वसीम को जान से मारने की धमकी दी और पिस्टल दिखाकर परिवार और उसे मारने की धमकी भी दी। वसीम ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि राहुल खटीक फोन से गाली-गलौच कर धमकी दे रहा है। पुलिस ने वसीम की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# नदी में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत



घटना की सूचना पर ग्रामीण पीड़ित के घर पहुंचे और ढांढस बंधवाया।

**धौलपुर,** (निसं)। जिले के सैपऊ इलाके के तसीमो गांव निवासी 11 वर्षीय बालक संदीप कुशवाह पुत्र राकेश कुशवाह की नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि संदीप कुशवाह सुबह टहलने के लिए घर से 300 मीटर की दूरी पर स्थित पार्वती नदी पर गया था, जहां पैर फिसलने के कारण नदी में जा गिरा और डूब गया।

लगभग एक घंटे बाद परिजनों को घटना का पता चला, जिस पर तुरंत संदीप को नदी से बाहर निकाला और जिला अस्पताल धौलपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों सहित संदीप की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक बालक दो भाइयों में बड़ा था। एक इससे छोटा भाई है, जो अभी 4-5 साल का है। वहीं घटना की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण पीड़ित के घर पहुंचे।

# लूट की झूठी कहानी रचने वाला आरोपी और महिला मित्र गिरफ्तार

- टेम्पो चालक ने कर्ज उतारने के लिए लूट की झूठी कहानी रची थी
- लूट की राशि बरामद की



पुलिस ने लूट की झूठी कहानी बनाने वाले टैम्पो चालक व महिला साथी को गिरफ्तार किया।

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के गेगल थाना स्थित नेशनल हाईवे संख्या आठ पर हुई लूट के मामले में अजमेर पुलिस ने चौबीस घंटे में गुरुवार को वारदात का पर्दाफाश किया। पुलिस ने मामले में लूट की झूठी कहानी रचने वाले आरोपी टेम्पो चालक और उसकी साथी महिला मित्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से 9 लाख 71 हजार रुपए भी बरामद कर लिए हैं। आरोपी टेम्पो चालक ने अपने ऊपर से कर्ज उतारने के लिए लूट की झूठी कहानी रची थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पांच सौ सीसीटीवी फुटेज खंगाली :-ग्रामीण एडिशनल एसपी दीपक शर्मा ने गुरुवार को वारदात का पर्दाफाश करते हुए बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए थाने पर प्राप्त सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर बारीकी से निरीक्षण किया गया। अजमेर रेंज में नाकाबंदी करवाई गई। अज्ञात मुल्जिमानों की तलाश में थाना स्तर व जिला स्तर पर टीमें गठित कर हर सम्भावित स्थानों पर भिजवाई गई। गठित टीम द्वारा उपरोक्त तरीका वारदात के आधार पर पूर्व में चालानशुदा मुल्जिमानों का डाटाबेस तैयार कर सभी से पूछताछ की गई। टीम द्वारा वारदात के घटनास्थल का निरीक्षण कर परिवादी के अजमेर से आने से किशनगढ़ जाकर माल देकर रुपए लेकर आने तक सभी जगहों पर लगभग 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। परिवादी के वाहन लोडिंग टेम्पो के किशनगढ़ से अजमेर की तरफ टोल प्लाजा पार करते समय टेम्पो के आगे-पीछे वाले सभी वाहनों के बारे में व घटना में बताई गई इको वैन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उनसे पूछताछ की गई।

एएसपी शर्मा ने बताया कि पुलिस जब परिवादी से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ कि तो प्रथम दृष्टया ही परिवादी कि भूमिका संदिग्ध होना पाई गई। जिस पर परिवादी को हमराह लेकर परिवादी के बताये अनुसार स्थानों पर त्वरित मौका मुआयना किया। परिवादी द्वारा मिर्ची डालने वाली बात से लेकर ईको वैन वाली सारी बातों पर गम्भीरता से पूछताछ की गई तो मामला संदिग्ध पाये जाने पर सख्ती से पूछताछ की गई तो परिवादी टूट गया और स्वयं के द्वारा गबन करना स्वीकार कर लिया।

एएसपी शर्मा ने बताया कि परिवादी ने अपनी बच्ची की शादी व वाहन के लिए लोन ले रखा था, जिसकी किश्तों के कर्ज में डूबने के कारण से परिवादी अर्जुन सिंह जो किशनगढ़ से माल भुगतान की रकम लाया था, उस रकम को बदनीयतीपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से अपनी महिला मित्र शारदा देवी के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी बनाई। जिस पर महिला शारदा देवी ने अपने नाबालिग पुत्र के साथ मोटरसाईकिल पर अजमेर से रवाना होकर घूघरा में एक दुकान से मिर्च पाउडर लिया और अपने मित्र अर्जुन सिंह से बात कर गगवाना पुलिया पर आकर उससे रुपयों की थैली लेकर अपने घर जाकर अपने पास में रख लिए। परिवादी अर्जुन सिंह ने अपनी महिला मित्र द्वारा लाए मिर्च पाउडर को टेम्पो में बिखेर दिया और अपने टेम्पो के शीशे को अपने टेम्पो में पड़े लोहे की रॉड से फोड़ दिया और उसके बाद लूट की झूठी कहानी बनाई थी।

उन्होंने बताया कि पूरी कहानी झूठी पाए जाने पर परिवादी अर्जुनसिंह व उसकी महिला मित्र शारदा देवी को गिरफ्तार कर लिया। मुल्जिम अर्जुन सिंह से प्रकरण में आरोपिया शारदा से गबन की राशि 9 लाख 71 हजार 900 रुपए बरामद कर जब्त कर लिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त

### आदित्य लमोरिया को स्वर्ण पदक

**चाकसू, (निसं)।** कस्बा स्थित डॉल्फिंस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी आदित्य लमोरिया ने सिल्वर जोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिल्वर जोन ओलंपियाड 2023-24 के कक्षा 9 के विज्ञान एवं गणित दोनो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। आदित्य की सफलता पर उसके परिजनों एवं अध्यापकों ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थी को बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।



आदित्य

### ससुराल आया युवक अचेत हुआ

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत मोरला गांव में ससुराल आया एक युवक गुरूवार की दोपहर रहस्यमय ढंग से अचेत हो गया। जिसे मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी मे सामने आया कि बाघसुरी नसीराबाद निवासी युवक दिनेश पुत्र सोहन लाल धोबी गुरूवार को अपने ससुराल मोरला आया था। जहां रहस्यमय ढंग से वो अचेत हो गिर पडा। सुचना पर पहुंची 108 एम्बूलेंस की सहायता से युवक को अचेतावस्था मे मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती करवाया गया। समाचार लिखे जाने तक युवक का अचेत होने का रहस्य बरकरार था। फिलहाल पुलिस मामले मे जांच में जुटी हुई है।

### दो बाड़ों में लगी भीषण आग

**मालपुरा (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्याजूनारदार गांव मे बुधवार की देर रात्री को दो बाडों मे भीषण आग लग गई। भोलाराम जांगिड व नारायण कुमावत के बाडे में अज्ञात कारणों से देर रात्री को लगी आग से दो ट्रोली से अधिक चारा व बडी तादात मे ईधन की लकडियां आग से जलकर राख हो गई। ग्रामीणो ने कडी मशक्कत कर अपने निजी संसाधनो से ही आग पर काबू पाया। इसी प्रकार झाडली पंचायत के खातियो की ढाणी मे सडक किनारे लगी आग से बडे भाग मे उगे बम्बूल नष्ट हो गये। जिस पर ग्रामीणों ने कडी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

### श्रीमाधोपुर एसडीम ने किया निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर अनिल कुमार ने बुधवार की देर शाम अजीतगढ में संचालित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान वर्ष 2018 से लेकर अबतक सोसायटी के द्वारा आयोजित किये गये सामाजिक सरोकार के विभिन्न कार्यक्रमो की फाईल को प्रमुखता से देखकर आयोजनो की सराहना कर टीम को अधिक उत्साह से काम करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर तहसील प्रभारी कपिल मीणा, ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा, जिला सदस्य दिनेश ', ओमप्रकाश कुमावत उपस्थित थे।

### खान पान की तीन दर्जन ट्रॉली बंद

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर संचालित खान पान की ट्रॉलियों में से करीब तीन दर्जन को प्रशासन द्वारा गुरुवार को बन्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार वेंडर्स ने बढ़ी हुई फीस जमा नहीं करवाने के बाद रेलवे ने स्टेशन पर संचालित तीन दर्जन खान पान की ट्रॉलियों को बंद करवा दी है। इसके चलते रेलवे स्टेशन सूना दिखाई दिया। साथ ही रेलयात्री खान पान की चीजों के लिए परेशान होते नजर आए। हालांकि वेंडर्स ने बुधवार को ही रेल महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर बढी हुई फीस के आदेशों को वापिस लेने की मांग की थी।

### शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की आमसभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे परशुराम जयंती पर शोभायात्रा और प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र व्यास ने बताया कि इस दौरान आय व्यय का अनुमोदन, यज्ञो पवित्र संस्कार, परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की 10 मई को परशुराम जयंती पर सुबह 8 बजे गाजे बाजे से शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।

# विधायक ने ओपीडी एवं मरीज को दी जाने वाली सुविधाएं जानी

- नदारद मिले पांच कार्मिक, कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के दिये निर्देश
- कलेक्टर ने मुंडावर सीएचसी और एसडीएम व तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया
- एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में अनियमिताएं मिलने पर नाराजगी जताई

**खैरथल, (निसं)।** विधायक दीपचंद खेरिया ने गुरूवार को अस्पताल का निरीक्षण किया। विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि गुरुवार को विधायक दीपचंद खैरिया ने अस्पताल का निरीक्षण किया। विधायक ने ओपीडी एवं मरीज को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने वार्डो का भी निरीक्षण कर मरीजों की कुशलक्षेम जानी और अस्पताल प्रभारी व स्टाफ को मौसमी बीमारियों को देखते हुए साफ सफाई सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला जिले के मुंडावर दौरे पर रही। जिला कलेक्टर ने सीएचसी हॉस्पिटल, एसडीएम ऑफिस एवं तहसील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से नदारद पाए गए 5 कार्मिकों को जिला कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शुक्ला ने सीएचसी मुंडावर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी एवं आईपीडी संख्या की जानकारी ली। अस्पताल की ओर से मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया और जनरल वार्ड में मरीज के बेड पर बिछाई चद्दर गंदी होने पर नाराजगी जताते हुए तुरंत दूसरी चद्दर बिछाने के निर्देश देते



विधायक दीपचंद खेरिया ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

हुए सुधार के निर्देश दिए और मरीज के साथ खिलवाड ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने भर्ती मरीजों को भी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने एसडीएम ऑफिस एवं तहसील कि राजस्व शाखा, कोर्ट शाखा सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर रिकॉर्ड व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कन्वर्जन फाइल, अपील फाइलों सहित अनेक पत्रावलीयों की जांच की। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए की 5 साल से अधिक समय से लंबित कोर्ट प्रकरणों पर ध्यान देते हुए उनका शीघ्र निस्तारण करे। जिला कलेक्टर ने तहसील मुंडावर की सभी शाखाओं का निरीक्षण कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय संचालन मानक प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित रजिस्टर एवं रिकॉर्ड का संधारण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसडीएम मूलचंद लूणिया ने किशनगढबास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों को समीक्षा बैठक में मौसमी बीमारियों को मध्य नजर रखते हुए शहर में दवा छिडकाव व निरीक्षण के निर्देश ब्लाक अधिकारियों को दिए गए थे। निरीक्षण में उपखंड अधिकारी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा योजना , परिवार नियोजन एवं टीकाकरण आदि क्रियान्वित की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए। एसडीएम ने अस्पताल प्रभारी को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत भुगतान समय पर किये जाने हेतु निर्देशित किया। अस्पताल में शौचालय, वार्डस की सफाई एवं मरीजों के बेडो की चादर नियमित बदलने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी डॉ अतुल गौड, डॉ सुरेश पाटोदिया, वरिष्ठ नर्सिंग कर्मी सतपाल चौधरी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### मरीजों को दिया निःशुल्क परामर्श

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के गढ कॉलोनी स्थित शर्मा हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दुबई के सुप्रसिद्ध डॉ. राधेश्याम सामंत ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। प्रबंधक दयाराम यादव ने बताया कि शिविर में हड्डियों सम्बंधित जैसे कमर दर्द, जोडों का दर्द, रीढ़ की हड्डी, गठीया बाय जैसे मरीजों का नवीन चिकित्सा पद्धति से ईलाज किया गया। शिविर प्रबंधक राजेन्द्र कसाना ने बताया कि कोटपूतली व आसपास के क्षेत्रों में फ्लोराईड युक्त पानी कीटनाशक दवाई से रोगों से लडने की शारीरिक क्षमता कम हो रही है। जिससे क्षेत्र के लोगों को कमर दर्द, जोडों का दर्द, रोढ की हड्डी दर्द जैसी गंभीर बिमारियों से जूझना पड़ रहा है। दुबई के सुप्रसिद्ध आर्थो डॉक्टर राधेश्याम सामंत ने मरीजों का नवीन पद्धति से ईलाज किया। क्षेत्रवासियों के लिए हर महिने डॉ. राधेश्याम सामंत शर्मा हॉस्पिटल में इलाज देंगे। इस दौरान डॉ. अमित शर्मा, डॉ. सरफराज खान, दयाराम यादव, सुभाष एवं स्टॉफ मौजूद रहा।

# राजपूत समाज ने रविन्द्र सिंह को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की

**चाकसू, (निसं)।** राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई के नेतृत्व में गुरुवार को कार्यकारिणी एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों के प्रतिनिधि मण्डल ने जिला कलेक्टर जयपुर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन दिया। जिसमें शिव विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी को अविलम्ब जेड प्लस सुरक्षा मुहैया करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि विगत कई दिनों से भाटी को जान से मारने की धमकियों की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जो सबको मालूम है। लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से उन्हें सुरक्षा प्रदान करने तथा उनको मारने की खुली धमकी देने वाले आतंकी बदमाशों के खिलाफ कोई कार्रवायी नहीं की गई है। जिससे सम्पूर्ण राजपूत समाज चिन्तित एवं सरकार की निष्क्रियता से आक्रोशित



राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

है। क्योंकि प्रशासन एवं पुलिस की ऐसी ही उदासीनता लापरवाहीपूर्ण रवैये के कारण सुखदेव सिंह गोगामेडी की दिनदहाडे हत्या हो गई थी।अतः उक्त ज्ञापन में मुख्यमंत्री राजस्थान से रविन्द्र सिंह भाटी को अविलम्ब जेड प्लस सुरक्षा मुहैया करने की मांग की है और धमकी देने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन्हे कठोरतम दण्ड देने की पुरजोर मांग की जिससे प्रदेश में शांति व कानूने व्यवस्था कायम रहे।

इस प्रतिनिधिमण्डल में सभाध्यक्ष चंदलाई के साथ उपध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड, कोषाध्यक्ष प्रधुम्न सिंह मूडरू, एडवोकेट गजराज सिंह राजावत, अजयपाल सिंह पचकोडिया, लोकेन्द्र सिंह लोटवाडा, एवं जयपुर ठाामीण अध्यक्ष मोती सिंह सांवली, गोपाल सिंह रोजदा, फतेह सिंह गौड़, देवव्रत सिंह राजावत, अनिरूथ सिंह राजावत, जितेन्द्र सिंह महेला, चाकसू तहसील इकाई अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, महामंत्री हेम सिंह, एडवोकेट अर्जुन सिंह हिंगोनिया व समाज के अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

# नालों के बाहर हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के दुकानदारों ने गुरुवार को मुख्य बाजार में नालो के बाहर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापार मंडल अध्यक्ष गंगाराम यादव के सानिध्य में एसडीएम डॉ.लक्ष्मीनारायण बुनकर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन के बाद उपखंड प्रशासन नालों के बाहर लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर सख्त दिखा और अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वाले लोगों ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार कस्बे से गुजर रहे स्टेट हाइवे 52 के बीच से दोनों तरफ 40-40 फिट अतिक्रमण हटाया गया था। दुकानदार अतिक्रमण न करे इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सडक के दोनों तरफ नाला बनाकर दुकानदारों को पाबंद किया गया था लेकिन अब हटाए गए



एसडीएम डॉ.लक्ष्मीनारायण ने तहसीलदार, थानाधिकारी के साथ मुख्य बाजार का दौरा कर अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के लिए कहा।

अतिक्रमण की जगह दुकानदारों द्वारा नालो से बाहर दुबारा से टीनशेड, बोर्ड, ठेली, खोंखे, दुकान के बाहर सामान लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया । जिससे अन्य दुकानदारों की दुकान दब गई और उनकी दुकानदारी ख़राब हो रही हैं। दुकानदारों द्वारा ज्ञापन के बाद शाम को एसडीएम ने बाजार के व्यापारी व प्रशासनिक अधिकारीयों की बैठक ली।

बैठक के बाद एसडीएम अतिक्रमण के मामले को लेकर सख्त दिखे और तहसीलदार लोकेश चौधरी, थानाधिकारी शिम्भूदयाल के साथ मुख्य बाजार का दौरा कर दूकानदारो व अस्थाई अतिक्रमण करने वाले लोगों को नालों के बाहर किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के लिए कहा गया। एसडीएम ने कहा कि अतिक्रमण करने वाले लोग शीघ्र अपना अतिक्रमण हटा ले वरना उनके खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेंगी। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, कानूनगो अशोक योगी, पटवारी नरेश मीणा, हनुमान पापट्यियाण सहित बडी संख्या में दुकानदार मौजूद थे।

### तीन बेटियों का किया कन्यादान

**अलवर, (निसं)।** नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम में ऐसी तीन बेटियों के विवाह के लिए सारा सामान दिया गया जिनके घर अलवर शहर में भी कच्चे हैं। इन बेटियों के विवाह में परेशानियों की सूचना मिलने पर संरक्षक दौलत राम हजरती, मीना तनेजा और मंजू चौधरी अग्रवाल टीम ने जाकर वास्तविक स्थिति को जाना और एक ही दिन में तीनों बेटियों को कन्यादान कर दिया जिनकी एक सप्ताह बाद ही शादी है। पुरुषार्थी धर्मशाला विवेकानंद चौक पर हुए कन्यादान कार्यक्रम में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि फाउंडेशन डा. गोपाल रॉय चौधरी और खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट सहित जन सहयोग से दो साल में 202 कन्यादान कर चुका है। इस वितीय वर्ष में एक करोड़ 11 लाख का सामान बेटियों को कन्यादान में दिया गया जो सभी के सहयोग से संभव हो पाया। संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि कुछ दिन बाद ही 11 बेटियों का कन्यादान एक साथ किया जाएगा।

# सी.डी.ई.ओ. ने कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास का अवलोकन किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कक्षा 9 से 12 तक अध्ययन करने वाली जरूरतमंद प्राथमिकता वर्ग वाली बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा व सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा ग्राम पवाना अहीर में कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय छात्रावास में नवीन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। जिसका गुरूवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव व एडीईओ दयाराम चौरडिया द्वारा अवलोकन किया गया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं के भविष्य निर्माण में प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ बालिकाओं



मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव व एडीईओ दयाराम चौरड़िया द्वारा अवलोकन किया गया।

को मिलना चाहिये। प्राचार्य महेश चंद यादव ने अधिकारियों को हरसंभव ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद बालिकाओं को मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। प्राचार्य यादव ने आगामी सप्ताह में मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित कराने की बात भी कही। सरपंच पूरणमल खटीक व पंसस सदस्य प्रतिनिधि मनोज मीणा ने इस सुविधा के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर बालिकाओं को लाभान्वित कराने की बात कही। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि छात्रावास में रहकर अध्ययन करने के लिए 100 बालिकाओं की क्षमता वाले छात्रावास में अब तक करीब 35 बालिकाओं ने आवेदन किया है। अभिभावकों की जागृति व बढती रूचि को देखते हुए निर्धारित क्षमता से अधिक आवेदन होने पर प्राथमिकता अनुसार प्रवेश होंगे। सभी आवेदकों व अभिभावकों को आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, स्वयं व माता पिता की फोटो, बैंक खाते की फोटो प्रति आदि साथ लाने आवश्यक है। नियमानुसार कक्षा 9 से 12 की प्रत्येक कक्षा से न्यूनतम व अधिकतम 25 बालिकाओं के नामांकन के हिसाब से कुल 100 बालिकाओं का प्रवेश छात्रावास में हो सकेगा। प्राचार्य यादव ने बताया कि प्रथम चरण में उसी ब्लॉक खंड की बालिकाओं को प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा। यदि प्रवेश के निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं होते हैं तो जिले की अनामांकित, अन्य ब्लॉक की बालिकाओं तथा अन्य जिले की समीपस्थ ब्लॉक की अनामांकित व ड्रॉप आउट बालिकाओं को भी प्रवेश दिया जा सकता है।

## सार-समाचार

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**गोविंदगढ़/अलवर, (निसं)।** गोविन्दगढ कस्बे के सिविल न्यायिक कोर्ट परिषद को नियमित करने पर अभिशासक संघ का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 2 मई गुरुवार को दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलवर हरेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अपर जिला सत्र न्यायाधीश लक्ष्मणगढ गोपाल सैनी द्वारा उपखंड अधिकारी गोविंदगढ मोहकम सिंह सिनसिनवार न्यायिक अधिकारी गोविन्दगढ नीतू गुप्ता ने दी प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरू किया। जिसके बाद अभी शासक संघ द्वारा मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश हरेंद्र सिंह एवं सभी न्यायाधीशों का माला एवं साफा पहनकर सम्मान किया गया। बार अध्यक्ष सोनपाल सैनी एवं समस्त बार पदाधिकारी ने बडी-बड़ी से सभी न्यायाधीशों का माला एवं सापा पहनकर सम्मान किया और धन्यवाद दिया। इस मौके पर अध्यक्ष सोहनलाल सैनी उपाध्यक्ष रईस खान सचिव विष्णु सैनी कोष अध्यक्ष सतीश भारद्वाज राजेंद्र पाल सिंह मनीराम सैनी अमृतलाल सैनी कीर्ति नंदन शर्मा खैराती लाल अरोडा अरुण कुमार स्वामी सभी अधिवक्ता संघ मौजूद रहा।

### युवा क्रिकेट मैच का शुभारंभ



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत तेज्या के बास के अधीनस्थ क्षेत्र इरोलाव में युवा क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एस सी मोर्चा जयपुर देहात दक्षिण जिला मंत्री मनोज कुमार देवन्दा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश कुमावत, मोती लाल घोड़ेला, हेमराज माली, रामेश्वर लाल घोड़ेला, दीपक दम्बीवाल रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों को माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सर्वप्रथम के.आर.एल ठ्ुप टीम फुलेरा व फाईटर ठ्ुप की टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें फाइटर ठ्ुप की टीम विजेता रही। जानकारी के अनुसार फाइनल विजेता टीम को 1100 रूपये की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है उक्त सम्मान की राशि मुख्य अतिथि मनोज कुमार देवन्दा की ओर से दिये जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर सदस्य पवन कुमावात, निखिल जांगिड़, बजरंग लाल, विशाल, अर्जुन, अविनाश, चेतन, खुशाल जांगिड़, यश, चिन्टू, मोहित, सोनू, नेपाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### पालिका में ईओ नहीं होने से काम ठप हुए

**सांभरझील, (निसं)।** जोबनेर नगर पालिका में करीब 20 रोज पहले अधिशासी अधिकारी शिवकुमार जैन की आकस्मिक मृत्यु के बाद से ही यह पद खाली पडा है। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर तथा प्रदेश के मुखिया के अनेक स्टेटस में चुनावी दोरों में व्यस्तता के चलते भी नियुक्ति के मामले को लेकर कोई निर्णय नहीं होना बताया जा रहा है। स्वायत्त शासन विभाग भी स्वायत्त शासन मंत्री की आभिशंषा के बिना डायरेक्ट कोई फैसला लेने में सक्षम नहीं है, ऐसा राजनेताओं का भी मानना है। कयास लगाए जा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरे से फ्री होने के बाद ही सरकार इस पर कोई निर्णय ले सकती है। इससे पहले यह तभी संभव है जब कोई कद्दावर नेता सरकार तक अपनी पकड रखता हो और सीधे ही स्वायत्त शासन विभाग से नए ईओ की नियुक्ति का आदेश जारी करवाये। अधिकारी के नहीं होने से कर्मचारी भी एक तरीके से ठाले बैठे हुए हैं, क्योंकि उनके पास कार्य के निस्तारण करने का कोई सीधा पावर नहीं होता है। आने वाले लोगों को बस एक ही जवाब दिया जाता है की ईओ साहब के आने पर ही काम होगा, हम कुछ नहीं कर सकते हैं। पूर्व चेयरमैन फूलचंद मीणा का यह भी कहना है कि शीघ्र कोई निर्णय हुआ जब तो बहुत अच्छा है, अन्यथा जनहित में तो फिर आंदोलन भी करना पडे तो पीछे नहीं हटेंगे। क्योंकि जनता दर-दर भटक रही है और लोगों के महत्वपूर्ण काम अटके पडे हैं।

### शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की आमसभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे परशुराम जयंती पर शोभायात्रा और प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र व्यास ने बताया कि इस दौरान आय व्यय का अनुमोदन, यज्ञो पवित्र संस्कार, परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की 10 मई को परशुराम जयंती पर सुबह 8 बजे गाजे बाजे से शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया की शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए परशुराम धर्मशाला पहुंचेगी जहां समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह व समाज में सहयोग करने वाले वरिष्ठ जनों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

- भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक
- ब्राह्मण महासभा पावटा की नई कार्यकारिणी गठित
- अमरनाथ पटेल अध्यक्ष व गजानंद बोहरा बने उपाध्यक्ष

**पावटा, (निसं)।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर मोदी मंदिर पावटा मे आवश्यक बैठक ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान ब्राह्मण महासभा पावटा की पुरानी कार्यकारिणी द्वारा सामूहिक रूप से इस्तीफा देने के बाद सभी उपस्थित विप्र बंधुओं की सर्व समति से ब्राह्मण समाज पावटा के वरिष्ठ अमरनाथ पटेल को अध्यक्ष, गजानंद बोहरा को उपाअध्यक्ष, सचिव के पद पर दीपक पटेल, कोषाध्यक्ष के लिए ललित शर्मा को नियुक्त किया गया।

वही ब्राह्मण समाज पावटा संरक्षक के रूप मे सुरेश शर्मा, विष्णु शर्मा टोरडा वाले, जगदीश शर्मा, दिनेश शर्मा टोरडा वाले, ओमप्रकाश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, विष्णु पटेल को मनोनीत किया गया। इस दौरान पूर्व कार्यकारिणी ने समाज का समस्त लेखा झोंखा वर्तमान कार्यकारिणी को सौपा। महासभा के पूर्व महामंत्री विष्णु पटेल ने बताया कि आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा, जीवंत झांकी सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। शोभायात्रा आदर्श रामलीला मैदान पावटा से रवाना होकर पावटा कस्बे के मुय मार्गो से होते हुए वापस आदर्श रामलीला मैदान पावटा पर पहुंच कर भगवान परशुराम की महाआरती के साथ संपन्न होगी। बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गौड, पूर्व महामंत्री विष्णु पटेल, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, पावटा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, दुर्गादत्त भारद्वाज, दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा, गोपाल शर्मा, मनीष शर्मा, गिरिराज बोहरा, सुनील गौड, मुकुंद कौशिक, चेतन शर्मा, हितेंद्र लाटा, लाला पटेल, योगेश शर्मा, परमानंद शर्मा, हीरालाल शर्मा, विनोद शर्मा, रामशरण बोहरा, शिवम पारिक, नितिन शर्मा, महेश शर्मा, शैलेंद्र लाटा, सहित अनेक विप्रबंधु मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर भड़के दुकानदार, सुनाई खरी खोटी


अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान व्यापारियों एवं नगर पालिका अधिकारी के बीच नोंकझोंक हो गई।

- दुकानों के आगे सामानों के कार्टन आदि उठाकर ले जाने पर हुआ विवाद
- दुकानदारों का विरोध देख नगर पालिका टीम बैरंग लौटी

**किशनगढबास**, (निसं)। शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची नगर पालिका टीम के अधिकारी कर्मचारियों को दुकानदारों ने जमकर खरी खोटी सुनाई और दुकानों के बाहर से उठाकर ले जा रहे सामान को गाडियों में से उतारने पर नगर पालिका टीम को दुकानदारों के विरोध के सामने वापस बैरंग लौटना पड़ गया।

नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंची। टीम के अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी और तानाशाही को देख व्यापारियों का गुस्सा फूट पडा। व्यापारियों का आरोप था कि दुकानों के आगे सामान से भरे कार्टन रखे थे जो थोडी देर पहले ही ट्रांसपोर्टर छोडकर गया था। दुकानदारों के मना करने पर भी जब कर्मचारियों ने सामान के कार्टन उठाकर गाडी में डाल दिए तो दुकानदार संगठित हो गए और थोडी देर में ही दुकानदारों की भीड़ जमा हो गई। दुकानदारों ने नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता सहित टीम के कर्मचारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई और कहा नगर पालिका दुकानों के आगे से सामान उठाने से पहले उन स्थानों से अतिक्रमणों को हटाए जिन्होंने पक्के निर्माण कर रास्तों को अवरुद्ध करके रखा है। कई दिनों से बाजार में रोड लाइट नहीं जल रही है नालियां गंदगी से भरी हैं। दुकानदारों का आरोप था कि नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान तो शुरू कर दिया लेकिन व्यापारियों की बैठक तक बुलाना मुनासिब नहीं समझा और ना ही अभियान के शुरू होने से पहले नगर पालिका ने अतिक्रमण चिन्हित कराया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने कहा कि नगर पालिका में अभियान शुरू करने से पहले ना तो व्यापारिक संगठनों की बैठक बुलाई और ना ही व्यापारियों से कोई बात की है। बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के अधिकारी कर्मचारियों ने मनमानीपूर्ण तरीके से लोगों की दुकान के बाहर रखे कार्टून के समान उठाए हैं। जबकि जो अतिक्रमण हटने चाहिए थे उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि व्यापारी चाहते हैं कि बाजार से अतिक्रमण हटे लेकिन बिना किसी पक्षपात किए हटाएं जाए। नगर पालिका पार्षद एवं प्रतिपक्ष नेता उमेश यादव का कहना है कि नगर पालिका ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू करने से पहले पार्षदों के साथ बैठक तक नहीं की और नहीं कोई अतिक्रमण को लेकर प्लान तैयार किया गया। यादव ने कहा अतिक्रमण हटाना चाहिए लोगों की आम समस्या है। पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर पक्षपात नहीं करने दिया जाएगा। पार्षद पति मनोज मित्तल का कहना है नगर पालिका में पार्षदों की बैठक बुलाई जानी चाहिए और आमजन की समस्या को देखते हुए बिना किसी पक्षपात के अतिक्रमण हटने चाहिए। इस संदर्भ में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जगदीश खीचड़ व कनिष्ठ अभियंता से फोन पर जानकारी लेनी चाही लेकिन फोन रिसीव नहीं किए जाने पर बात नहीं हो सकी।

## संक्षिप्त

### आर्यन ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया

**कोटपूतली**, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहडा निवासी छात्र आर्यन संजोत जांगिड ने जेईई मेन्स क्वालीफाई किया है। छात्र ने 93.69 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर ओबीसी वर्ग में 30496 वीं रैंक हांसिल की है। आर्यन संजोत के पिता संजय कुमार जांगिड बैंक मैनेजर है। जबकि माता ज्योति जांगिड गृहणी है।


आर्यन संजोत

### समाजसेवी श्रीराम यादव का निधन

**कोटपूतली**, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा निवासी समाजसेवी मास्टर श्रीराम यादव का गुरूवार सुबह 76 वर्ष की आयु में हृदयाघात के चलते निधन हो गया। यादव विगत कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। जिसके बाद वे जयपुर में उपचाराधीन भी रहे। उनकी हालत में आंशिक सुधार आने के बाद छुट्टी भी दी गई थी लेकिन गुरूवार को अचानक आये हृदयाघात से उनका निधन हो गया। सरल व सोम्य स्वभाव के स्वं. मास्टर श्रीराम का गुरूवार को ही ग्राम मोहनपुरा स्थित उनके पैतृक श्मशान घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। जहाँ उनके पुत्र विरेन्द्र ने मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे भाई जगदीश, श्रीपाल, झाबरमल, जगमाल, इंजी. सुभाष व पुत्र विरेन्द्र समेत भाई-बंधुओं, पौत्र-पौत्रियों का भरा पुरा परिवार छोडकर गये है। शोक बैठक आगामी 13 मई तक प्रतिदिन मोहनपुरा निवास पर आयोजित की जायेगी।


श्रीराम यादव

### डोडा पोस्त चूरा बेचते दो गिरफ्तार

**दूदू**, (निसं)। जिले के अधीन मोजमाबाद थाने की पुलिस ने कार्यवाही कर 6 किलो 300 ग्राम अवैध रूप से डोडा पोस्त चूरा बेचने के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार कर माल के साथ 10410 रुपए नगद एवं काम में ली गई बाईक जप्त करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों की धर पकड अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल के नेतृत्व में टीम ने बांडी नदी पुलिया बोराज उगरियावास रोड से अभियुक्त हनुमान रैबारी मालूराम रैबारी निवासी कुचामन डीडवाना को डोडा चूरा को मोटरसाइकिल पर ले जाते हुए गिरफ्तार कर डोडा चूरा नकद राशि व मोटरसाइकिल जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आग से तीन जानवर झुलसे

**निवाई**, (निसं)। ग्राम पंचायत बिडोली के गांव जगमोहनपुरा मे गुरूवार को अज्ञात कारणों के चलते बाडे में आग लग गई। आग में झुलसने से एक भैंस, गाय व बछडे की मौत हो गई। पीडित सीताराम पुत्र शंकरलाल मीणा के बाडे में अज्ञात कारण से अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर सरपंच ओमप्रकाश वर्मा, रामराय मीणा, सूरजमल शर्मा मौके पर पहुंचकर दमकल को बुलाकर ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। सरपंच वर्मा ने बताया कि आग लगने के कारण एक भैंस, एक गाय व बछडा झुलसकर मर गए। आग लगने के कारण दो भैंसों सहित एक बछडा बुरी तरह झुलस गया। मौके पर पटवारी संजयकुमार मीणा, पशुधन सहायक रामस्वरूप मीणा, पशु चिकित्सक डॉ. कृष्ण चावला व सदर थाने के बिरद्धि चंद मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचर घटना का जायजा लिया।

### आमली वाले हनुमान जी मेला कल

**नारायणपुर**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत गढी (मामोड) में स्थित आमली वाले हनुमान जी महाराज का मेला 4 मई को बडे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेंगा। मेला कमेटी अध्यक्ष मनोज खंडेलवाल ने बताया कि 3 मई को सुबह अखंड रामायण पाठ का आयोजन होगा। 4 मई को सुबह रामायण पाठ समापन के बाद हवन होगा। मेले के दौरान दोपहर 2 बजे से कुश्ती-दंगल का आयोजन होगा जिसमे कामडे की कुश्ती 15 हजार रूपये की होगी।

## कार्यकारिणी का गठन किया

**किशनगढबास**, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा किशनगढबास के अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव ने जिलाध्यक्ष की सहमति से कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा की है। अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव ने बताया कि मुख्य संरक्षक जगदीश खुराना, सचिव जयप्रकाश सेन, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद गौड, कार्यकारी अध्यक्ष सुमेर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतू राम बासवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव, संयुक्त मंत्री शीशराम जाट, संगठन मंत्री हीरालाल यादव, प्रचार मंत्री भगवान दास शर्मा को निम्न पदों पर नियुक्ति की गई है। इसी के साथ दुलीचंद जाट बाबूलाल जगदीश यादव रामकिशोर गौड़ गोमती देवी शर्मा धनराज शर्मा रामावतार शर्मा अभय जैन रोशन लाल यादव नरेंद्र अठावाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। उप शाखा अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव ने कार्यकारिणी गठित कर जिला अध्यक्ष को प्रेषित की है।

## तीसरे दिन भी हटवाया अस्थाई अतिक्रमण

**निवाई**, (निसं)। शहर के मुख्य बाजारों में दुकानों के बाहर सामान रखकर रास्ता रोकने पर पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही की। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पुलिस प्रशासन का तीसरे दिन भी अभियान जारी रहा। दो दिन बाद नगरपालिका प्रशासन ने भी पुलिस प्रशासन को सहयोग किया। गुरूवार को शहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने मुख्य बाजार में पुरानी सब्जी मंडी तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाए गए।

डीएसपी मृत्युंजय कुमार मिश्रा, थाना अधिकारी हरिराम वर्मा, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट, गजेंद्र सिंह, बाबूलाल पंडा सहित कई पुलिसकर्मियों ने अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाया। इस दौरान डीएसपी मिश्रा ने दुकानदारों को दुकान के बाहर सडक पर सामान नहीं रखने के लिए समझाया।

लगातार अभियान चलाने से शहर की सडकें चौडी दिखाई देने लगी है वहीं यातायात भी सुगम हुआ है। गुरूवार को पुलिस प्रशासन ने बस स्टेण्ड क्षेत्र में भी अतिक्रमण को हटवाया।


यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए अभियान जारी रहा।

## टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी नीमकाथाना डॉ. विशाल सिंह द्वारा गुरुवार 2 मई को सीएचसी मऊ, पीएचसी नांगल, पीएचसी मूंडरू तथा उपकेंद्र आसपुरा, रामचंद्रवाली, कांकरिया की ढाणी के आंगनबाडियों पर आयोजित टीकाकरण सत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी नीमकाथाना डॉ. विशाल सिंह ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के अनुसार फॉलिक एसिड, आयरन फॉलिक एसिड, कैल्शियम की निर्धारित टेबलेट प्रदान करने, हाई रिस्क की जल्द पहचान करने, संस्थागत प्रसव, एनाफायलैकेसिस किट, टीकाकरण, परिवार कल्याण सहित अन्य आईईसी प्रदर्शित करने, पूर्ण ड्यू लिस्ट तैयार करने, टीकाकरण के लाभार्थियों जोडने, पीसीटीएस पोर्टल पर टीकाकरण शत प्रतिशत दर्ज करने, टीकाकरण में लक्ष्यानुरूप प्रगति, कोल्ड चैन उपकरणों के उचित रखरखाव के निर्देश प्रदान किये।

## चिकित्सालय में हुई आगजनी से लाखों का नुकसान


मेडिकल स्टोर में रखी दवाइयां दरवाजे व कुछ भवन क्षतिग्रस्त हो गए।

**बौंली- बामनवास**, (निसं)। मित्रपुरा चिकित्सालय भवन में गुरुवार को प्रात करीब 5 बजे अचानक भीषण आग लग गई जिससे मेडिकल स्टोर में रखी दवाइयां दरवाजे व कुछ भवन क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि गुरुवार को सुबह अचानक चिकित्सालय में आवाज के साथ आग लग गई जिसे देखने लोग वहां पहुंचे। मित्रपुरा चिकित्सा प्रभारी दीपक मीणा ने बताया कि संभवतया हाई वोल्टेज के आजाने या फिर शॉर्ट सर्किट हो जाने से मेडिकल स्टोर के फ्रिज में धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया जिससे एवं जलकर राखहोगए।

गनीमत रही कि चिकित्सालय में कोई मरीज नहीं था। आगजनी को देखकर चिकित्सा प्रभारी दीपक मीणा ने सवाई माधोपुर दमकल विभाग अपने उच्च अधिकारी एवं मित्रपुरा पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद ग्रामीणों व पुलिस की सहायता से टैंकरों से आग पर काबू पाया गया। हालांकि 2 घंटे बाद सवाई माधोपुर से दमकल की गाडी भी पहुंच गई। सूचना के बाद दोपहर को सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर धर्म सिंह मीणा ने मित्रपुरा चिकित्सालय पहुंचकर नुकसान का आलंकन किया। आगजनी से भवन, दरवाजे, काउंटर, टेबल, मेडिकल स्टोर में रखे दवाइयां सहित करीब 16 लाख का नुकसान होना माना गया है।

## जयपुर से पर्यटक स्थलों के लिए फ्लाइट्स संचालित करने की मांग

- विधायक सराफ ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को लिखा पत्र

**जयपुर**, (निसं)। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर जयपुर से धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों के लिए सीधी फ्लाइट्स संचालित करने की मांग की है।

सराफ ने अपने पत्र में लिखा है जयपुर से वर्तमान में वैष्णो देवी ,कामाख्या देवी, काशी विश्वनाथ अयोध्या, शिर्डी साई बाबा तथा पर्यटक स्थल कुल्लू मनाली, लेह, धर्मशाला जाने के लिए कोई सीधी फ्लाइट्स नहीं है तथा इन स्थानों पर जाने के लिए केवल कनेक्टिंग फ्लाइट्स ही विकल्प है जो खर्चीली होने के साथ अधिक समय लगाती है। इस कारण से यात्री चाहकर भी इन स्थानों की यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। सराफ ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां प्रारम्भ हो गई है किंतु सीधी फ्लाइट्स नहीं होने के कारण लोग यात्रा का कार्यक्रम नहीं बना पा रहे है यदि जयपुर से इन स्थानों की सीधी फ्लाइट्स संचालित हो तो निजी एयरलाइंस के साथ साथ उक्त स्थलो की भी आय बढ़ेगी। सराफ ने कहा है कि कुछ स्थानों की पूर्व में संचालित फ्लाइट्स यात्रियों की संख्या कम होने के कारण बंद कर दी गई थी किन्तु यह सही है कि समय विशेष पर यात्री भार कम हो सकता है लेकिन इस आधार पर हमेशा के लिए फ्लाइट्स बंद करना उचित नहीं है। सराफ ने केन्द्रीय उड्डयन मंत्री से जयपुर से बंद की गई फ्लाइट्स के साथ साथ नई फ्लाइट्स शुरू करने की मांग की है।

# देश में ऋषि कार्य एवं कृषि कार्य ही प्रगति का आधार: आचार्य बालकृष्ण

## समृद्ध ग्राम पतंजलि ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित दो दिवसीय योगाहार प्रशिक्षण शिविर


पतंजलि संस्थान के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण ने पद्मश्री सेठ पाल जी सहित 15 किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पतंजलि परिवार की ओर से सम्मानित किया।

- किसानों में जैविक खेती तथा आधुनिक तकनीकी से उद्यिमता विकसित करके आत्मनिर्भर बनाना पतंजलि का प्रमुख लक्ष्य : आचार्य बालकृष्ण

**जयपुर**, (निसं)। पतंजलि योगपीठ तथा पतंजलि आर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में योगहार: एक स्वैछिक कार्यक्रम के 1095 दिवस (3 वर्ष) पूर्ण होने पर आयोजित दो दिवसीय योगहार प्रशिक्षण शिविर (एक कदम उद्यिमता एवं स्वावलम्बन की ओर) आयोजित किया गया।

समृद्ध ग्राम पतंजलि ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 8 राज्यों के 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पतंजलि द्वारा किसानो एवं ग्रामोत्थान के लिए किये जा रहे कार्यो के साथ साथ धरती का डॉक्टर मृदा परीक्षण मशीन, मशीन, जैविक कृषि, प्राकृतिक कृषि, हरित क्रांति एवं अन्नदाता ऐप की जानकारी भी दी गयी। इस कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मृदा स्वास्थ्य पर एक सुन्दर नाटिका भी प्रस्तुत की। इस मौके पर पतंजलि संसथान के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण ने सभी प्रशिक्षु भाई बहनों को सम्बोधित करते हुए पारंपरिक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि को आगे बढ़ाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि देश में ऋषि कार्य एवं कृषि कार्य के द्वारा ही समृद्धि और आत्मनिर्भरता को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा छोटे छोटे लघु एवं घरेलू उद्योगों को स्थापित कर और उद्यिमता विकास एवं स्वावलंबन को अपनाने का हर देशवासी को प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर आचार्य ने पद्मश्री आदरणीय सेठ पाल जी सहित 15 किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पतंजलि परिवार की ओर से सम्मानित भी किया। इस अवसर पर पतंजलि अनुसन्धान संस्थान, जैविक अनुसन्धान संस्थान, पतंजलि विश्वविद्यालय एवं समृद्ध ग्राम के वैज्ञानिक, शिक्षक तथा अन्य कर्मयोगी भाई बहन उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 4 खिलाड़ी विश्वविद्यालय टीम में चयनित



**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के चार छात्रों का अखिल भारतीय विश्वविद्यालय टूर्नामेंट के लिए विश्वविद्यालय टीम में चयन हुआ है। संस्था के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजी. प्रदीप धायल व प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार जाट ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र राहुल सैनी पुत्र सीताराम सैनी, बीए तृतीय वर्ष, गणेश सैनी पुत्र मंगल चंद सैनी बीए द्वितीय वर्ष व रंजीत वर्मा पुत्र बाबूलाल वर्मा बीए तृतीय वर्ष का विश्वविद्यालय की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में तथा पुष्पा नीमड पुत्री पूरणमल नीमड बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा का विश्वविद्यालय रोल बॉल महिला टीम में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को महाविद्यालय निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजी. प्रदीप धायल व प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर बधाई दी। शारीरिक शिक्षक श्यामलाल जाखड, सरदारमल सामोता, रामगोपाल, सत्यनारायण घोसल्या व बंसीलाल यादव के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया। तीनो ही छात्र मुंडरू के मूल निवासी हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, दीपक सैनी, धर्मेंद्र जीतरवाल, मोनिका शर्मा, सुनीता यादव, ज्योति जाखड, राजेंद्र बिजारनिया, कृष्णा बिजारणिया, ज्योति कुमारी, जितेंद्र निठारवाल, झाभर मल, मदनलाल सैनी, श्रवण महला, ओम प्रकाश शर्मा, बनवारी लाल जीतरवाल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इससे पूर्व अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता में एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर की पुरुष टीम विजेता रही थी। महाविद्यालय के छात्र अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बेंगलुरु विश्वविद्यालय जायेंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर साफ्टबाल पुरुष टीम खेल कोच बनवारी लाल जितरवाल के नेतृत्व में बेंगलुरु विश्वविद्यालय में प्रतिनिधित्व करेंगी।

### देवली में प्रतिबंधित स्थानों पर खुले है ठेके

**देवली**, (निसं)। आबकारी विभाग ने शराब की सात दुकाने आवंटित की हुई है। इनमें से अधिकांश शराब के ठेके मंदिर मस्जिद सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के नजदीक खोले हुए हैं। शहर के पेट्रोल पंप चौराहा स्थित सिनीयर हाई सेकेंडरी स्कूल एवं कोर ग्रीन वैली स्कूल के पास पंजीयन जीवन रक्षक बालाजी मंदिर, वक्फ बोर्ड कमेटी मस्जिद दरगाह की सीमा के अंदर केंद्रीय बस स्टैंड में पंचमुखी बालाजी नीलकंठ महादेव गायत्री मंदिर भगवान गौतम मंदिर भेरूजी मंदिर केंद्रीय बस स्टैंड परिसर मे हरिजन बस्ती के बाहर भीमराव अंबेडकर सीनियर सेकेंडरी अंबेडकर स्कूल के सामने जयपुर रोड पर इंडियन पब्लिक स्कूल और कॉलेज के नजदीक शराब की दुकाने लगी हुई है। इनकी लोकेशन संबंधित विभाग के पूर्व अधिकारी द्वारा जारी की हुई है। शिकायत दर शिकायत प्राप्त होने के बावजूद नियम विरुद्ध लोकेशन पर लगी शराब की दुकानों को हटाने के मामलातो पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है। वहीं अनुज्ञधारी और संबंधित अधिकारी की मिलीभगत के फेर में हालात डाल के तीन पात ही बने हुए हैं। ये दुकानें महाविद्यालयों, सीनियर माध्यमिक विद्यालय, सभी स्तर के कन्या शिक्षण संस्थानों, अस्पताल, पूजा स्थल, सार्वजनिक मनोरंजन के स्थान, कारखाना या श्रमिक या हरिजन कॉलोनी से 220 मीटर की दूरी के अंदर नहीं खोली जा सकती लेकिन यहां सारे नियमों को ताक में रखकर अनुज्ञाधारियों ने अधिकारियों के साथ मिलकर शराब की दुकानें खोली हुई है। इस संबंध में दुर्गा प्रसाद मीणा, उपखंड अधिकारी देवली का कहना है कि आपसे इस मामले की जानकारी मिली है। संबंधित अधिकारी से मामले की जांच करवाएंगे और नियमो के विरुद्ध लगी शराब की दुकानों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### श्याम जागरण की तैयारियों पर बैठक

**पावटा**, (निसं)। ग्राम पंचायत बडनगर कि ढाणी थालोड में श्री श्याम शक्ति मण्डल के तत्वावधान में व गोपाल बगीची महंत ज्ञानदास महाराज के सानिध्य में 4 मई को होने वाले श्याम जागरण कि तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए मुकेश सिंह शेखावत ने बताया कि ढाणी थालोड कि में 4 मई को श्याम बाबा के जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गायक कलाकार सोहन सिंह जयपुर, सोनम गुर्जरी, सीताराम लाकडा, मंजू शर्मा भजनों कि प्रस्तुति देंगे तथा नृत्य कलाकार रेणु रंगीली व पूजा शर्मा भजनों पर नृत्य प्रस्तुति देंगे। इसी के अंतर्गत गुरुवार को पांडाल निर्माण, श्याम श्रृंगार सहित अनेक व्यवस्थाओं को लेकर जिमेदारियों सौपी गई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुभाष थालोड, रिंकू थालोड, कैलाश थालोड, जय सिंह, जगदीश, जगमाल, जयराम थालोड सहित समस्त मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अवैध बजरी की तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई**, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन पर कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि गुरूवार को पुलिस गश्त के दौरान गांव मुोलीपुरा उर्फ फजलपुरा से बजरी से भरे हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। ट्रॉलियों में करीब 5-5 टन बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त करके पुलिस थाने में खडा करवा दिया है।

## धर्मसागर महाराज का समाधि अंतर्विलय दिवस मनाया


आचार्य धर्म सागर महाराज के समाधि दिवस पर आयोजित शांतिनाथ मण्डल विधान की श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

- शांतिनाथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना कर किया अनुष्ठान

**निवाई**, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने संत निवास नसियां मंदिर में आचार्य धर्म सागर महाराज के 37 वें समाधि अंतर्विलय दिवस पर संगीतमय शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किया गया जिसमें विधानाचार्य सुरेश शास्त्री एवं अशोक भाणजा के मंत्रोच्चार द्वारा शांतिनाथ मण्डल विधान की रचना की।

विधान से पूर्व श्रद्धालुओं को भगवान शांतिनाथ का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी के सानिध्य में विधान के सोधर्म इन्द्र द्वारा मण्डप पर पांच मंगल कलशों की स्थापना की गई। इस दौरान विधान मे विनय पाठ, नवदेवता पूजा, शांतिनाथ भगवान, आचार्य धर्मसागर महाराज एवं आर्यिका रत्न आदिमति माताजी की पूजा अर्चना के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान की विशेष पूजा अर्चना की गई। विधान के चार वलय में 130 श्री फल अर्ध्य समर्पित किए। आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी ने धर्म सभा को संबोधित किया। समाजसेवी हितेश छाबडा एवं त्रिलोक रजवास ने बताया कि विधान मे गाजेबाजे के साथ भगवान शांतिनाथ भगवान की आरती उतारी गई। इस अवसर पर राजेन्द सेदरिया, सुनील चेनपुरा, महेन्द्र चवंरिया, पदम पीपलू, त्रिलोक रजवास, नेमीचंद सिरस, महावीरप्रसाद छाबडा, अजीत काला, विवेक जैन, मीनाक्षी बगडी, सीमा सेदरिया, शकुंतला छाबडा, प्रियंका पराणा व सुभाषिनी ललवाडी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।



मुझे तेज गेंदबाजी आक्रमण पसंद नहीं आया। जसप्रीत बुमराह के अलावा, यह उतना अच्छा नहीं है। मुझे लगता है कि भारत तेज गेंदबाज के मामले में कमजोर हो रहा है।" प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। - मदनलाल

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय गेंदबाजी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## रुतुराज गायकवाड़

आईपीएल के सीजन 17 में ऑरेंज कैप अभी तक विराट कोहली के नाम थी लेकिन अब ये कैप चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ सिर पर सज गई है। फिलहाल अभी तक ये है कि ये ऑरेंज कैप किसी भारतीय के सिर पर ही सजी है ना कि किसी विदेशी खिलाड़ी। वहीं पर्पल कैप अभी भी जसप्रीत बुमराह के पास है। उसे उनसे छीनने में हर कोई पीछे है। आईपीएल 2024 ऑरेंज कैप अब रुतुराज गायकवाड़ के सिर पर है। विराट कोहली लंबे समय से इस कैप को अपने सिर पर सजाए हुए थे, लेकिन रुतुराज गायकवाड़ ने बुधवार को एक और अर्धशतकी जड़ा।

**क्या आप जानते हैं ?...** एकदिवसीय मैच में पहला शतक 1972 में इंग्लैंड के डेनिस एमिस ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ओल्ड ट्रैफर्ड में बनाया था (134 गेंदों पर 103 रन)।

# हैदराबाद ने राजस्थान को एक रन से हराया

## भुवनेश्वर ने आखिरी ओवर में 13 रन डिफेंड किए, 3 विकेट भी लिये



हैदराबाद, 2 मई। इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार के रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। टीम के भुवनेश्वर कुमार ने आखिरी ओवर में रोवमन पॉवेल और रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ 13 रन डिफेंड किए। हैदराबाद से भुवनेश्वर कुमार ने 3 विकेट लिए। पैट कमिंस और थंगारसु नटराजन ने 2-2 विकेट लिए। राजस्थान से रियान पराग ने 77 और यशस्वी जायसवाल ने 67 रन बनाए। हैदराबाद ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 200 रन ही बना सकी। नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 50वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करनी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। इसके बाद अगले ही ओवर में अनमोलप्रीत सिंह (5) रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

ऐसे संकट के समय नितीश कुमार रेड्डी ने ट्रैविड हेड के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए (96) रन जोड़े। ट्रैविस हेड ने 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए (58) रन बनाये। वहीं नितीश कुमार रेड्डी ने 42 गेंदों में तीन चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद (76) रनों की पारी खेली। हाइनरिक क्लासन 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए (42) रन बनाये। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 201 रनों का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की ओर से आवेश खान ने दो विकेट लिये। संदीप शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में हराया

## 3-0 से सीरीज में बनाई अजेय बढ़त



सिलहट, 2 मई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम को तीसरे टी20 मैच में 7 विकेट से रौंद दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सिलहट में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 117 रन ही बनाए। जिसके जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा (51) और स्मृति मंधाना (47) की पारियों की बदौलत 19वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

बता दें कि, बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट 91 रन की साझेदारी की। इस साल टी20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी अहम है। वहीं बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (25 गेंद में 39 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को शेफाली और स्मृति ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े। स्मृति ने मारूफा अख्तर जबकि शेफाली ने फारिहा त्रिशना पर चौके से खाता खोला। शेफाली ने शोरिफा खातून का स्वागत तीन चौकों के साथ किया जबकि नाहिदा अख्तर पर भी लगातार तीन चौके मारे। शेफाली ने फाहिमा खातून की गेंद पर एक रन के साथ नौवां अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में रितु मोनी को उन्हीं की गेंद पर कैच दे बैठीं। स्मृति ने राबेया पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन नाहिदा की गेंद पर फाहिमा के हाथों लपकी गई।

## सलीम टेटे बनी भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान

नई दिल्ली, 2 मई। भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल मिडफील्डर सलीमा टेटे को सविता पूनिया की जगह टीम की कमान सौंपी गई है। बता दें कि, इस महीने के आखिर में होने वाले एचआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और



इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान चुना गया है। वहीं सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञिप्त में कहा कि, मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। साथ ही उन्होंने कहा, "एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।"

## खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई की कोलकाता से भिड़ंत, प्लेऑफ की राह मुश्किल

मुंबई, 2 मई। खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा। केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। मिचेल स्टार्क प्रति ओवर 12 की दर से रन लुटा रहे हैं और उन्हें सात ही विकेट मिले हैं। बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज कोई कमाल नहीं कर पा रहा। हर्षित राणा ने सर्वाधिक 11 विकेट लिये हैं लेकिन दिल्ली के अभिषेक पोरेल के विकेट पर अति आक्रामक जश्न मनाने के कारण उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। वैभव अरोड़ा ने पांच मैचों में नौ विकेट लिये हैं।

वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिये मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है। ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी जिन्हें टी20 विश्व कप के लिये भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है। उन्हें इस साल आईपीएल में खेलने का अधिक समय ही नहीं मिल सका। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर लग रही है हालांकि उसे पांच मैच और खेलने हैं।

# चार विभागीय एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 2 मई। भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई। जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई।

निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन (92 किग्रा),



निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए तीन देशों की टीम घोषित, कनाडा-ओमान में 11 भारतीय

नई दिल्ली, 2 मई। टी-20 वर्ल्ड के लिए कनाडा, नेपाल और ओमान ने भी अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। नेपाल ने अपनी टीम में पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को जगह नहीं दी है। कनाडा और ओमान ने पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी को अपना कप्तान बनाया है।

दोनों टीमों में 11 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। ओमान ने 4 और कनाडा ने 7 भारतीय मूल के खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरी बार क्वालिफाई करने वाली नेपाल की टीम में संदीप लामिछाने को जगह नहीं दी गई है। नेपाल ने रोहित पौडेल को टीम का कप्तान नियुक्त किया है।

टीम में आतिशी बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी भी हैं। उन्होंने हाल ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में एक ओवर में छह छक्के जड़े थे। 34 गेंदों पर टी-20 शतक ठोकने वाले कुशल मल्ला भी टीम का हिस्सा हैं।

संदीप लामिछाने पर सितंबर 2022 में रेप का केस हुआ था। निचली अदालत ने उन्हें पुलिस हिरासत में रखकर पूछताछ करने के लिए कहा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हिरासत में रखने के फैसले को पलट दिया।

## पाकिस्तान क्रिकेट ने की 18 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा

पाकिस्तान, 2 मई। इसी महीने पाकिस्तान आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगा। वहीं इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। पीसीबी ने ये भी बताया कि इसी स्क्वॉड में से 3 प्लेयर्स को बाहर कर वर्ल्ड कप स्क्वॉड जारी किया जाएगा, जो इंग्लैंड सिरीज के दौरान ही किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप से पहले 10 से 14 मई के बीच आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगा। इसके बाद 22 से 30 मई के बीच पाकिस्तान और इंग्लैंड टी20 सीरीज होगी। आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए आखिरी स्क्वॉड देने के लिए 24 मई डेड लाइन रखी है।

## कांगड़ा जिले में छह मई को पैराग्लाइडिंग, ड्रोन फ्लाइंक पर लगी रोक

धर्मशाला, 2 मई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित धर्मशाला प्रवास मद्देनजर सुरक्षा कारणों से कांगड़ा जिला में पैराग्लाइडिंग, ड्रोन फ्लाइंग, हॉट एयर बैलून, एयरो स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियों पर छह मई को पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। टी-20 मैच के दौरान 05 और 09 मई को धर्मशाला उपमंडल में पैराग्लाइडिंग, ड्रोन फ्लाइंग, हॉट एयर बैलून, एयरो स्पोर्ट्स जैसे गतिविधियों पर विराम रहेगा। हालांकि इसमें पुलिस प्रशासन तथा सुरक्षा एजेंसियों को छूट रहेगी। जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने आज यहां यह आदेश पारित करते हुए कहा कि विशिष्ट अतिथियों तथा दर्शकों की सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किए गए हैं।

## क्रिकेट में तूफान मचाने के बाद बॉलीवुड डेब्यू करेंगे आंद्रे रसेल

कोलकाता, 2 मई। केकेआर के विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल क्रिकेट में गर्दा मचाने के बाद अब बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। दरअसल, आंद्रे रसेल को भारत में बहुत प्यार मिलता है, उनके चाहने वालों में बड़ी संख्या में भारतीय फैंस हैं। इस बीच उन्होंने बॉलीवुड में भी कदम रख लिया है जिसके बाद उन्होंने छोटे पर्दे की बालिका वधू यानी अविका गौर के साथ गाना शूट किया है जो 9 मई को रिलीज होगा।

रोहित और अजीत अगरकर ने की प्रेस कॉफ्रेंस

# केएल राहुल से लेकर रिंकू सिंह तक कई सवालों के दिए जवाब



नई दिल्ली, 2 मई। आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 को लेकर भारतीय टीम घोषित हो चुकी है। वहीं गुरुवार को चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कई सवालों के जवाब भी दिए। इनमें केएल राहुल को ड्रॉप किए जाने से लेकर रिंकू सिंह को मौका नहीं मिलना और विराट कोहली के स्ट्राइक रेट पर भी उन्होंने अपना मत रखा।

वहीं जब चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर से मीडिया ने पूछा कि केएल राहुल को ड्रॉप क्यों किया ? तो इस पर उन्होंने कहा कि, हमें बीच में एक खिलाड़ी की जरूरत थी। केएल राहुल टॉप पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। संजू ने अच्छा प्रदर्शन किया है और यहां तक कि ऋषभ पंत भी नंबर 5 पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। हालांकि, ये इस बारे में नहीं है कि कौन बेहतर है और कौन नहीं? लेकिन पंत और संजू ने निचले क्रम में बल्लेबाजी करने में ज्यादा समय बिताया है।

वहीं रिंकू सिंह को टीम में मौका नहीं दिए जाने पर अगरकर ने कहा कि रिंकू सिंह ने कुछ गलत नहीं किया है। उन्हें ड्रॉप करना सबसे मुश्किल फैसला था, उनकी कोई गलती नहीं है। ये दुर्भाग्यपूर्ण है।टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने शिवम दुबे के चयन पर बताया कि हमार टॉप ऑर्डर आक्रमक बल्लेबाजी करता है और ये बुरा नहीं है। हम चाहते थे कि मिडिल ओवरों में भी कोई इसी तरह की भूमिका निभाए और फ्री होकर खेले। हमने आईपीएल में शिवम दुबे के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया। हमने इस बारे में बात की और उनका चयन किया।

## ओस के कारण हमारे लिए परिस्थितियां मुश्किल हो गयी : ऋतुराज गायकवाड़

चेन्नई, 2 मई। पंजाब किंग्स के खिलाफ 13 गेंद शेष रहते सात विकेट से शिकस्त का सामना करने के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि ओस के कारण बाद में बल्लेबाजी करना आसान हो गया था। गायकवाड़ की 48 गेंद में 62 रन की पारी के दम पर सीएसके ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 162 रन बनाये। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर 10 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। गायकवाड़ ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, " हमने 50-60 रन कम बनाये थे। जब हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे तो पिच काफी चुनौतीपूर्ण थी लेकिन बाद में ओस के कारण चीजें मुश्किल हो गयी।" उन्होंने कहा, " ओस के कारण हमारे लिए परिस्थितियां काफी मुश्किल हो गयी। पिछले मैच में भी हम उस समय आश्चर्यचकित थे जब हमने बड़े अंतर से मैच जीता था। यह कुछ ऐसा है जो हमारे हाथ में नहीं है।" गायकवाड़ ने कहा, "हम पहले पारी में और अच्छी बल्लेबाजी कर सकते थे।

# रूबलेव ने अलकराज के तीसरी बार मैड्रिड ओपन जीतने के सपने को तोड़ा

मैड्रिड, 2 मई। रूस के टेनिस खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के कार्लोस अलकराज के लगातार तीन बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने के सपने को तोड़ दिया है। बुधवार को मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एक सेट में पिछड़ने के बाद स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया।



दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन 20 वर्षीय अलकराज ने 41 मिनट में शुरुआती सेट जीतने के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। रुबलेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अलकराज की 14 मैचों की जीत की लय को तोड़ते हुए मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, सर्विस ने आज मुझे कई बार बचाया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मेरे पहले मैचों में से एक था जहां मैं पूरी तरह से शांत था। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा, भले ही मैं हार रहा था। मैं और भी बेहतर सर्विस करने में सक्षम था क्योंकि शुरुआत में, मैं उतनी अच्छी सर्विस नहीं कर पा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे, एक सेट के बाद मैं बेहतर होता गया और मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

## शास्त्री और यूनाइटेड भारत ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की

नयी दिल्ली, 2 मई। शास्त्री एफसी और यूनाइटेड भारत ने गुरुवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए सुपर सिक्स के लिये अपना दावा मजबूत किया। आज यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर खेले गए तेज रफ्तार मुकाबले में गौतम और प्लेयर ऑफ द मैच दीपू एल्सन के शानदार गोलों की मदद से शास्त्री एफसी ने अजमल एफसी को 2-0 से हरा कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के सुपर सिक्स में पहुंचने की मजबूत दावेदारी पेश की। शास्त्री ने अधिकांश समय मैच में अपना दबदबा बनाए रखा लेकिन तेज हवा के चलते ज्यादा गोल नहीं निकल पाएं। आज की जीत के साथ शास्त्री ने आठ मैचों में 14 और अजमल ने 11 अंक बनाए हैं।

# मैच फिक्सिंग में फंसे विंडीज विकेटकीपर

## कैरेबियाई क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर लगा 5 साल का बैन, समेत साबित हुए 7 बड़े आरोप

वेस्टइंडीज, 2 मई। वेस्टइंडीज के एक विकेटकीपर खिलाड़ी पर गाज गिरी है. 34 वर्षीय कैरेबियाई क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर आईसीसी ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों में खेलने पर 5 साल का बैन लगा दिया है। थॉमस ने स्वीकार किया है कि उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट, अमीरात क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग के 7 एंटी करप्शन कोड्स का उल्लंघन किया है। इसी के चलते ने उन पर कड़ा एक्शन लेते हुए उन्हें 5 साल बैन की सजा सुनाई है। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल ने पिछले साल मई में 7 आरोप लगाते हुए डेवोन थॉमस को सस्पेंड कर



दिया था, लेकिन अब उन्हें पूरी तरह बैन कर दिया गया है। उनपर मैच फिक्सिंग के आरोप भी लगे थे और अपनी सफाई के लिए उन्हें 14 दिन की मोहलत दी गई था।

इंटीग्रिटी यूनिट के जनरल मैनेजर एलेक्स हेल्स ने स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा, "प्रोफेशनल तौर पर अंतर्राष्ट्रीय, डोमेस्टिक क्रिकेट और फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट खेल चुके डेवोन थॉमस ने कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लिया था। वो जानते थे कि एंटी करप्शन कोड्स के तहत उनकी जिम्मेदारियां क्या थीं लेकिन वो अपने दायित्वों को पूरा करने में नाकाम रहे। ये बैन सही लगाया गया है और इससे भ्रष्टाचार करने वाले अन्य खिलाड़ियों को संदेश भी जाता है कि ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।"

डेवोन थॉमस अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वेस्टइंडीज के लिए केवल 1 टेस्ट मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने 31 रन बनाए और 2 विकेट भी लिए थे। इसके अलावा उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 21 वनडे मैचों में 238 रन बनाने के अलावा 2 विकेट भी लिए। वहीं 12 टी20 मैचों में थॉमस केवल 51 रन बना पाए थे. उन्हें आखिरी बार साल 2022 में वेस्ट इंडीज के लिए खेलते देखा गया था।

## थॉमस कप के क्वार्टरफाइनल में पुरुष और महिला टीम की हार के साथ भारतीय अभियान समाप्त

चेंगदू, 2 मई। भारतीय पुरुष और महिला बैडमिंटन टीम को थॉमस और उबेर कप 2024 के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गुरुवार को मिली हार के साथ टूर्नामेंट में उसका अभियान समाप्त हो गया। चीन के चेंगदू में आयोजित क्वार्टरफाइनल में आज पुरुष टीम को चीन के खिलाफ 3-1 और महिला टीम को जापान के खिलाफ मुकाबले में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणॉय को चीनी खिलाड़ी शी यू की से 21-15, 11-21,14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

वहीं थॉमस कप के दूसरे मुकाबले में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को वेई केंग-वांग चांग की जोड़ी ने 21-15, 11-21, 21-12 से हराया और इसी के साथ भारत 0-2 से पिछड़ गया। वहीं एकल मुकाबले में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन की जीत ने भारत की उम्मीदें बरकरार रखीं और स्कोर 1-2 हो गया। लक्ष्य ने ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से मात दी। लक्ष्य की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने वापसी की और मैच को तीसरे गेम तक पहुंचाया। भारतीय शटलर ने निर्णायक गेम में जीत दर्ज कर मैच अपने नाम कर लिया।

पुरुष युगल मुकाबले में ध्रुव कपिला और साई प्रतीक की जोड़ी को ही जी टिंग-रेन जियांग यू से सीधे गेम में 10-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ पुरुष टीम थॉमस कप से बाहर हो गई। इससे पहले महिला टीम ने एकल मुकाबले से प्रतियोगिता की शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर मौजूद अश्मिता चालिहा को वर्ल्ड रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज़ अया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से शिकस्त दी।

वहीं, राष्ट्रीय युगल चैंपियन प्रिया कोन्जेंगबाम-सिमरन सिंघी को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने सीधे गेम में 21-8, 21-9 से हराया।

# फोर्टिस अस्पताल ने डोनर और रैसिपिएंट लाने के लिए एक प्राइवेट कम्पनी से एम.ओ.यू. कर रखा था

## राजधानी जयपुर में मानव अंग तस्करी व ट्रांसप्लांट केस में नया खुलासा

जयपुर, 2 मई। राजधानी जयपुर में मानव अंग तस्करी व ट्रांसप्लांट के मामले में आरोपियों से रोजाना बड़े खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि, मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फोर्टिस अस्पताल ने मैड सफर प्राइवेट लिमिटेड नामक कम्पनी के साथ डोनर और रैसिपिएंट लाने का एम.ओ.यू. कर रखा है। पुलिस ने कम्पनी के निदेशक सुमन जाना एवं कर्मचारी सुखमय नन्दी उर्फ गोपाल को पश्चिम बगांल में दो अलग-अलग जगह पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

- **पुलिस ने मैड सफर प्राइवेट लिमिटेड नामक इस कम्पनी के निदेशक सुमन जाना व कर्मचारी सुखमय नन्दी उर्फ गोपाल को पश्चिम बंगाल में दो अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है।**
- **इस कम्पनी के निदेशक तथा उसमें काम करने वाले कर्मचारी आम लोगों को बहला फुसला कर मानव अंगों की खरीद-फरोख्त और तस्करी करते थे।**

ए.सी.बी. कार्रवाई के बाद जवाहर सर्किल पुलिस थाने में मानव तस्करी व अंग प्रत्यारोपण के सम्बन्ध में चिकित्सा विभाग की ओर से मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने इसमें अब तक सवाई मानसिंह अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, विनोद सिंह और फोर्टिस अस्पताल के अंग प्रत्यारोपण कोऑर्डिनेटर गिर्राज शर्मा एवं बांग्लादेशी नागरिक नूरुल इस्लाम, मेहंदी हसन शमीम, मो. अहशानुल कोबीर और मो. आजाद हुसैन को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से की गई पूछताछ व अनुसंधान से सामने आया कि, मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फोर्टिस अस्पताल ने मैड सफर प्राइवेट लिमिटेड नामक कम्पनी के साथ अंग प्रत्यारोपण के लिए डोनर और रैसिपिएंट लाने का एम.ओ.यू. कर रखा है। इस कम्पनी के निदेशक तथा उसमें काम करने वाले व्यक्तियों द्वारा लोगों के साथ धोखाधड़ी कर मानव अगों की खरीद-फरोख्त की जाती थी। इस कम्पनी के निदेशक एवं अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों की कोलकाता के आसपास होने की जानकारी मिलने पर एक विशेष टीम का गठन कर पश्चिम बंगाल भेजा गया। टीम ने तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों का संकलन कर कम्पनी के निदेशक सुमन जाना एवं कर्मचारी सुखमय नन्दी उर्फ गोपाल को पश्चिम बगांल में दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त सुमन जाना एवं सुखमय नन्दी उर्फ गोपाल से पूछताछ कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

सहरावत का रोड शो गुरुवार को सोशल मीडिया पर खूब चर्चित रहा, कमलजीत सहरावत हाथ में धनुष-बाण लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ रोड शो करते हुये चुनाव नामांकन कार्यालय पहुँचीं। मुख्यमंत्री भजनलाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और उनके समर्थन में जोर-शोर से खूब नारे लगाये।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को भाजपा के चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभालने दिल्ली पहुंचे। उन्होंने पश्चिम दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार कमलजीत सहरावत के पक्ष में रोड शो किया और नामांकन सभा को भी संबोधित किया। सहरावत का रोड शो गुरुवार को सोशल मीडिया पर खूब चर्चित रहा, कमलजीत सहरावत हाथ में धनुष-बाण लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ रोड शो करते हुये चुनाव नामांकन कार्यालय पहुँचीं। मुख्यमंत्री भजनलाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और उनके समर्थन में जोर-शोर से खूब नारे लगाये।*

# मु.मंत्री भजनलाल ने प. दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया

नई दिल्ली, 2 मई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा गुरूवार को लोकसभा चुनाव, 2024, में पश्चिम दिल्ली की भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के नामांकन अवसर पर उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री गुरूवार को कमलजीत सहरावत के साथ पश्चिम दिल्ली के राजा गार्डन स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय भी गए तथा जीत के लिए सहरावत को अग्रिम बधाई दी।

इससे पूर्व भजनलाल शर्मा सहरावत के रोड शो में भी शामिल हुए। पश्चिम दिल्ली में जनकपुरी से

- **मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी कमल सहरावत की नामांकन सभा में भी भाग लेकर उनका उत्साह बढ़ाया।**
- **सभा में जय श्रीराम और मोदी के नारों के साथ ही भजनलाल के लिए भी नारे लगे, ''राजस्थान का एक ही लाल भजनलाल।''**

आरंभ हुए इस रोड शो में हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। करीब चार किलोमीटर लंबे रोड शो में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडों को लहराते हुए डीजे की धुन पर नाचते- गाते हुए भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन जताया।

रोड शो में कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम और मोदी-मोदी के नारों के साथ-साथ ''राजस्थान का एक ही लाल भजनलाल भजनलाल'' के नारे लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

सहरावत द्वारा नामांकन दाखिल करने के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी तथा दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

सहरावत का रोड शो गुरुवार को सोशल मीडिया पर खूब चर्चित रहा, कमलजीत सहरावत हाथ में धनुष-बाण लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ रोड शो करते हुये चुनाव नामांकन कार्यालय पहुँचीं।

मुख्यमंत्री भजनलाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और उनके समर्थन में जोर-शोर से खूब नारे लगाये।

## 'कांग्रेस तो पाकिस्तान ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खबरों के बीच आयी कि, पाकिस्तान की पूर्ववर्ती इमरान खान सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने अपने सोशल मीडिया हैण्डल पर राहुल गांधी की तस्वीर लगाकर उनकी प्रशंसा की है। कांग्रेस का कहना है कि, प्रधानमंत्री विपक्ष को, खासतौर पर कांग्रेस को मात देने के लिए हिंदू-मुस्लिम, अल्पसंख्यक और पाकिस्तान कार्ड का बार-बार इस्तेमाल करते रहे हैं। मोदी ने कहा कि ''पाकिस्तान रो रहा है क्योंकि कांग्रेस यहाँ मर रही है। पाकिस्तान के नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं। पाकिस्तान शहज़ादे (इशारा राहुल गांधी की ओर) को अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए बेताब है। यह आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि हम पहले ही जानते हैं कि, कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद है। पाकिस्तान और कांग्रेस के बीच की साझेदारी उजागर हो चुकी है। इससे पता चलता है कि, देश के दुश्मन भारत में कमज़ोर सरकार चाहते हैं, ना कि मजबूत सरकार।'' मध्य गुजरात के आणंद और खेड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आणंद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष के नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के ''वोट फॉर जिहाद'' आव्हान पर कांग्रेस के लिए चुटकी लेते हुए कहा कि ''हमने अब तक लव जिहाद और भूमि जिहाद के बारे में सुना है, लेकिन इण्डिया गठबंधन अब ''वोट जिहाद'' का आव्हान कर रहा है।''

## कॉमेडियन श्याम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा कि, उनके पास राजनीति, धन अथवा नामांकन का अनुभव नहीं है, अतः वह चुनाव मैदान में उतरने के लिए जनता का सहयोग चाह रहे हैं। श्याम रंगीला हाल ही में तब लोकप्रिय बन गए थे, जब उन्होंने पैट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर एक वीडियो बनाया था, लेकिन अपने इस ''सोलो एक्ट'' के लिए उन्हें 11,000 का जुर्माना अदा करना पड़ा था।

## क्या इस...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हो सकेंगे। सुखबीर सिंह जौनपुरिया 2014 व 2019 में इसी सीट से जीत चुके हैं अर्थात गत दस सालों से इसी सीट से सांसद हैं और उनके खिलाफ ''एंटी इन्कमबैंसी'' लहर का भी थोड़ा बहुत असर है। चुनाव प्रचार के दौरान इस क्षेत्र के कई गांवों में उनका विरोध भी देखा गया।

## 'दबदबा थाः दबदबा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

भी किया। तीस से ज्यादा सभाओं को संबोधित करते हुए, यौन उत्पीड़न के आरोपों पर अपनी बेगुनाही का दावा किया। इन सभाओं में कथित रूप से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिससे संकेत मिलते हैं कि, पिछले कुछ वर्षों में बृज भूषण क्षेत्र में काफी प्रभावशाली बन गए हैं।

बृजभूषण के बाद उसके भरोसेमंद संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख चुनने के बाद, उपरोक्त क्षेत्रों में बृजभूषण के पोस्टर्स लगाए गए, जिन पर लिखा था, ''दबदबा था, दबदबा रहेगा।'' यद्यपि उसका टिकट फाइनल नहीं हुआ था, फिर भी भूषण ने पिछले कुछ सप्ताहों में अपने चुनाव क्षेत्र में प्रचार शुरू कर दिया था, जिसमें भारी भीड़ जुट रही थी।

यह पहली बार नहीं है कि, भाजपा

- **यह पहली बार नहीं है, जबकि केसरगंज सीट पर बृज भूषण सिंह ने अपने ''प्रॉक्सी'' उम्मीदवार को खड़ा किया और जितवाया है। जब बृज भूषण सिंह टाडा में गिरफ्तार थे, उनकी पत्नी उनके एवज में चुनाव लड़ी थीं और जीती थीं।**
- **इस बार भी बृज भूषण सिंह के पुत्र ''प्रॉक्सी'' उम्मीदवार हैं तथा केसरगंज से पारिवारिक सीट पर जीतेंगे।**

ने केसरगंज में एक ''प्रॉक्सी'' उम्मीदवार खड़ा किया है। वर्ष 1996 में जब बृजभूषण टाडा के तहत जेल में था, तब भाजपा ने उसकी पत्नी केतकी देवी सिंह को गौंडा चुनाव क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था। वह उस वर्ष चुनाव जीत गयीं थीं।

अपनी मां की तरह, करण भूषण को भी राजनीति में अनाड़ी माना जाता है। करण भूषण ने ऑस्ट्रेलिया से बिजनैस मैनेजमैंट में डिप्लोमा किया है और वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष है। करण के चुने जाने के कुछ दिन बाद, ओलंपिक मैडलिस्ट बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने विरोध प्रदर्शनों की धमकी दी थी, यह दावा करते हुए कि, सरकार ने वादा किया था कि, बृजभूषण या उसका कोई भी रिश्तेदार या उसका कोई भी साथी खेल का संचालन नहीं करेगा।

## 'भारत में लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर रहा है अमेरिका'

नई दिल्ली, 2 मई (वार्ता) भारत ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग को एक पक्षपाती संगठन और उसकी रिपोर्ट को राजनीतिक एजेंडा करार दिया है तथा कहा है कि इसके जरिये भारत के आम चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां मीडिया की नियमित ब्रीफिंग में कहा, यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) ने कल अपनी रिपोर्ट 2024 जारी की है। वे पहले भी अपनी रिपोर्ट जारी करते रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि, यू.एस.सी.आई.आर.एफ. को एक पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है।

# 'भारत ज़ैनोफोबिक होने की वजह से पिछड़ा हुआ है'

## अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, भारत के आर्थिक शक्ति के तौर पर पीछे रह जाने का यही प्रमुख कारण है

नई दिल्ली, 2 मई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि भारत जैसे देश जेनोफोबिक हैं। यही उनके आर्थिक शक्ति के तौर पर पीछे रह जाने का कारण है। बाइडन ने कहा कि भारत, चीन, जापान और रूस जैसे देश ''जेनोफोबिक'' हैं। इसके चलते उनकी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। ''जेनोफोबिक'' का अर्थ एक प्रकार के डर से होता है, जो बाहरी लोगों को आने से रोकता है। बाडइेन ने कहा कि भारत, चीन, रूस जैसे देश बाहरी लोगों का स्वागत नहीं करते। यही वजह है कि उनकी इकॉनमी ज्यादा ग्रोथ नहीं कर पाई।

बाइडन ने एक आयोजन में कहा, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। इसकी एक वजह है क्योंकि हम और अन्य लोग भी मेहनत करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं। बाइडन ने चीन का उदाहरण देते हुए कहा, चीन की अर्थव्यस्था आखिर क्यों रुक गई है? जापान क्यों मुश्किल में है। भारत और रूस की क्या स्थिति है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। ये लोग प्रवासी नहीं चाहते। लेकिन हमें तो

- **''ज़ैनोफोबिक'' शब्द का अर्थ है, बाहरी लोगों का स्वागत करने से डरना।**
- **राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, इसके विपरीत अमेरिका ''ज़ैनोफोबिक'' नहीं है। हम बाहरी लोगों का स्वागत करते हैं, बल्कि हमारा जो आर्थिक विकास हुआ है वह बाहरी लोगों की वजह से ही है।**

प्रवासियों ने ही मजबूत बनाया है। बता दें कि आई.एम.एफ. ने इस साल 2023 के मुकाबले ग्लोबल स्लोडाउन की आशंका जताई है।

आई.एम.एफ. का अनुमान है कि जापान की ग्रोथ 0.9 फीसदी रहेगी। वहीं भारत जैसे विकासशील देश की ग्रोथ 6.8 फीसदी रहेगी। वैश्विक मुद्रा कोष ने अपने अनुमान में यह भी कहा है कि अमेरिका की आर्थिक विकास दर 2.7 फीसदी रहेगी। बीते साल के मुकाबले थोड़ा सुधार रहेगा क्योंकि 2023 में यह 2.5 पर्सेंट पर ही ठहर गई थी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था में इस सुधार की वजह प्रवासी लोगों के आने से होगा। ये लोग वर्कफोर्स में शामिल होंगे और उससे इकॉनमी को भी मदद मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि अमेरिका अकसर कहता है कि, हम अफ्रीका से लेकर एशिया तक के लोगों का स्वागत करते हैं। इसी के चलते हमारी ग्रोथ हुई है। अमेरिका में भारतीय मूल के भी लाखों लोग बसे हुए हैं। हालांकि अमेरिका की राजनीति में प्रवासी लोगों की बढ़ती संख्या भी एक मुद्दा रही है। यही नहीं हेट क्राइम भी वहां बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले भी प्रवासी लोगों की बढ़ती संख्या एक बार फिर से मुद्दा बन गई है। राष्ट्रपति बाइडन कई बार इस मामले को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना कर चुके हैं।

## 'राजनयिक पासपोर्ट पर भागे हैं प्रज्वल रेवन्ना'

नई दिल्ली, 2 मई (वार्ता)। कर्नाटक में जनता दल सेकुलर (जद-एस) के सांसद और करीब तीन हजार महिलाओं के साथ दुष्कर्म के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी फरार हुआ है और जाने से पहले उसने सरकार से किसी तरह की कोई जानकारी साझा नहीं की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह जानकारी दी।

- **भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि, प्रज्वल रेवन्ना ने अपनी यात्रा के लिए विदेश मंत्रालय से कोई अनुमति नहीं मांगी थी।**

जायसवाल ने कहा, उक्त सांसद की जर्मनी यात्रा के संबंध में विदेश मंत्रालय से न तो कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई थी और न ही जारी की गई थी। जाहिर है, कोई वीजा नोट भी जारी नहीं किया गया था। कोई वीजा नहीं राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए जर्मनी की यात्रा करना आवश्यक है। मंत्रालय ने उक्त सांसद के लिए किसी अन्य देश के लिए कोई वीज़ा नोट भी जारी नहीं किया है...हां, उन्होंने राजनयिक पासपोर्ट पर यात्रा की थी।

# चीन ने पी.ओ.के. की शक्सगाम घाटी में पक्की सड़क बनाई

नई दिल्ली, 2 मई। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर की शक्सगाम घाटी में चीन की नापाक हरकत सामने आई है। ताजा सैटलाइट तस्वीरों से पता चला है कि, चीन दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र के करीब पक्की सड़क बना रहा है।

दरअसल चीन सियाचिन कॉरिडोर के करीब अवैध रूप से कब्जे वाले

- **भारत ने यह कहकर कड़ा विरोध जताया कि, यह क्षेत्र भारत का अभिन्न हिस्सा है, हम अपनी जमीन की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठा सकते हैं।**

कश्मीर में कंक्रीट सड़क का निर्माण कर रहा है। अब इसको लेकर भारत ने बड़ा कदम उठाया है।

भारत ने जमीन पर स्थिति को बदलने के अवैध प्रयास के तहत शक्सगाम घाटी में निर्माण गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का हिस्सा है और नई दिल्ली ने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया, जिसके माध्यम से इस्लामाबाद ने गैरकानूनी रूप से इस क्षेत्र को बीजिंग को सौंपने का प्रयास किया था।

## ''दरबार पॉलिटिक्स''...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आए। उसके बाद के.सी. वेणुगोपाल राहुल के अगले प्रचार स्थल रायचूर पहुंचे और उन्होंने भी राहुल को अमेठी से चुनाव लड़ने के लिए राजी करने का प्रयास किया।

भाजपा द्वारा यह धारणा निर्मित की जा रही है कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी के हाथों हारने के बाद राहुल यहाँ फिर से चुनाव लड़ने से डर रहे हैं।

राहुल ने केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा था, जहाँ वे जीत गए थे। अब यदि वह अमेठी में जीत भी जाते हैं तो भी वह वायनाड को नहीं छोड़ना चाहते। वास्तविकता यह है कि अमेठी और रायबरेली के प्रत्याशी तय करने का निर्णय अंतिम क्षणों में लिया जाएगा। इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस अपने महत्वपूर्ण निर्णय किस तरह से ले रही है और कांग्रेस के इन क्रियाकलापों पर पूरे देश की नज़र है।

सूत्रों का कहना है कि, प्रियंका गाँधी चुनाव लड़ने की इच्छुक हैं लेकिन, राहुल गाँधी नहीं चाहते कि, वे चुनाव लड़ें, क्योंकि इससे भाजपा को जोर शोर से यह कहने का अवसर मिल जाएगा कि, नेहरू-गाँधी खानदान पूरी तरह सक्रिय है और तीन गाँधी संसद में हैं। लेकिन, इससे भी अधिक, यह राहुल तथा प्रियंका के सलाहकारों के बीच की जंग है और सूत्रों का कहना है कि, राहुल की टीम ने लगातार उन्हें यह सलाह दी है कि, यदि प्रियंका संसद में पहुँच गईं तो वो एक बड़े ''पावर सैंटर'' के रूप में उभरकर राहुल के लिए, उनके नेतृत्व के लिए भारी चुनौती बन सकती हैं।

शायद इसीलिए उन्हें बिना किसी विभाग के ए.आई.सी.सी. महासचिव बनाया गया है और कोई चार्ज भी नहीं दिया है।

सोनिया गाँधी राहुल की सुनती हैं और जो वो कहते और करते हैं उससे सहमत होती हैं, चाहे वो बात या एक्शन प्रियंका के विरूद्ध ही क्यों न हो।

यह है ''दरबार पॉलिटिक्स''।

## चूरू में भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस के राहुल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लेकिन कांग्रेस के राहुल कस्वां को हुए इस नुकसान की भाजपा के वसुंधरा राजे गुट ने भरपाई कर दी है। सभी जानते हैं कि चूरू जिले में भाजपा मोटे तौर पर राठौड़ और कस्वां गुट में बंटी हुई है। कस्वां गुट को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का पूरा समर्थन आज भी मिला हुआ है। आरोप है कि इसी गुट ने तारानगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को पराजित करवाया था। भाजपा द्वारा देवेंद्र झांझड़िया के नाम की घोषणा होते ही राहुल कस्वां और उनके समर्थकों ने राजेंद्र राठौड़ पर टिकट कटवा देने के आरोप लगाने शुरू कर दिए थे। कुल मिलाकर चूरू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में न तो मोदी लहर कायम रह सकी और न ही विकास के मुद्दों को उठाया जा सका। यहां तो सिर्फ राजेंद्र राठौड़ द्वारा राहुल कस्वां का टिकट कटवाना ही चुनावी जंग का मुख्य बिंदु बना रहा।

- **क्षेत्र के माली समाज ने बड़े पैमाने पर राहुल कस्वां का तिरस्कार किया, क्योंकि नामांकन सभा में कस्वां ने अशोक गहलोत की अनदेखी कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से हाथ मिलाया था और इसे माली समाज ने सहजता से नहीं लिया।**

इसका फायदा राहुल कस्वां को यह मिला कि जाट समाज उनके पक्ष में खड़ा हो गया। माना जा रहा है कि जाट समाज के 80 प्रतिशत मतदाताओं ने राहुल कस्वां के पक्ष में मतदान किया है। राहुल कस्वां को टिकट नहीं मिला तो वे कांग्रेस में चले गए, परन्तु उनके कई समर्थकों और भाजपा के वसुंधरा गुट ने भाजपा में ही रहकर ही देवेंद्र झांझड़िया को पराजित करके राजेंद्र राठौड़ की राजनीति को पूरी तरह से खत्म करने की ठान ली। सारा खेल संकेतों के आधार पर ही खेला गया। वसुंधरा राजे गुट के कई भाजपा नेता गुप्त रूप से कांग्रेस के राहुल कस्वां के पक्ष में प्रचार करते रहे।

देवेंद्र झांझड़िया के पास उन्हीं लोगों का जमावड़ा रहा, जिन्होंने राजेंद्र राठौड़ को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। जातिगत स्तर पर देखें तो एस.सी. और एस.टी. के 60 प्रतिशत वोट परंपरागत रूप से कांग्रेस के उम्मीदवार को ही मिले हैं। लेकिन सैनी समाज के वोट भी बंट गए, 40 प्रतिशत सैनी मतदाता ही कांग्रेस के साथ रहे। सैनी वोट बंटने के कारण यह रहा कि नामांकन सभा के दौरान राहुल कस्वां ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को छोड़कर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा से हाथ मिलाया था। सैनी समाज के लोगों ने उसी दिन इस बात की मन में गांठ बांध ली थी कि कस्वां को वोट नहीं देने हैं। ब्राह्मण, प्रजापत, नाई, स्वामी, खाती आदि जातियों के 50 प्रतिशत मतदाताओं ने कांग्रेस को तो 50 प्रतिशत ने भाजपा को वोट दिया है। राजेन्द्र राठौड़ की वजह से राजपूत समाज के सबसे अधिक 95 प्रतिशत वोट भाजपा के देवेंद्र झांझड़िया को मिले हैं। इस हिसाब से कांग्रेस के राहुल कस्वां जीत के अधिक निकट लग रहे हैं।

मजे की बात है कि चूरू में भाजपा का वसुंधरा गुट अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार पर भारी पड़ रहा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि अगर चूरू में भाजपा हारी तो कांग्रेस की बजाय अपनी ही पार्टी के वसुंधरा गुट से ही हारेगी। हालांकि हवा तो कांग्रेस के राहुल कस्वां के पक्ष में ही लग रही है लेकिन भाजपा के देवेन्द्र झांझड़िया को भी कम नहीं आंक सकते हैं। झांझड़िया के साथ भीतरघात हुआ है वैसे ही राहुल कस्वां के साथ भी हुआ है और जिसके साथ भारी भीतरघात हुआ है, वो ही चुनाव हारेगा।

## 'गैर जमानती वॉरंट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की प्रक्रिया से बचने अथवा साक्ष्य को तोड़ने-मरोड़ने या नष्ट करने की कोशिश करेगा।

जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली एक बैंच ने कहा कि, गैरकानूनी वारंट जारी करने के लिए हालांकि, कोई व्यापक गाइडलाइन्स मौजूद नहीं हैं, फिर भी शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर टिप्पणी की है कि, गैर जमानती वारंट जारी नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि आरोपी पर जघन्य अपराध का आरोप ना लगा हो और उसके द्वारा कानून से बचने, साक्ष्य तोड़ने-मरोड़ने या नष्ट करने की आशंका ना हो।

बैंच, जिसमें जस्टिस एस.वी.एन. भट्टी भी थे, ने समन आदेश को खारिज करते हुए कहा कि, ''यह विधि की एक तय स्थिति है कि, गैर जमानती वारंट रुटीन में जारी नहीं किए जा सकते और किसी व्यक्ति विशेष की स्वतंत्रता को तब तक कम नहीं किया जा सकता जब तक कि जनता और देश के व्यापक हित में ऐसा करना जरुरी ना हो।''

वर्ष 2021 में, लखनऊ के स्पेशल चीफ जूडीशियल मजिस्ट्रेट ने मैनेजर सिंह नाम के व्यक्ति के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी करते हुए कहा था कि, जमानत मिलने से पहले व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है।

एक अन्य आदेश में यह बात भी थी कि, चूंकि जमानती वारंट जारी किए जाने के बावजूद आरोपी अनुपस्थित था, इसलिए उसकी व्यक्तिगत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए गैर जमानती वारंट जारी किए गए।

शीर्ष अदालत ने मेनका संजय गांधी व अन्य बनाम रानी जेठमलानी के केस में व्यवस्था दी थी कि, व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देने की शक्ति का प्रयोग तभी करना चाहिए, जबकि तथ्य और परिस्थितियों के अनुरुप ऐसी छूट देना जरुरी हो।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908